


आम आदमी का अपना दैनिक अखबार

# तरुण छत्तीसगढ़

■ रायपुर,शनिवार 6 दिसंबर 2025 ■ पौष कृष्ण पक्ष-2 ■ वर्ष -41 ■ अंक-247 ■ पृष्ठ 8 ■ डाक संस्करण 7 दिसंबर 2025 ■ मूल्य-2.00 रुपये



E-mail:
tarunpressraipur@gmail.com
tarun_press@yahoo.co.in
Web:
www.tarunchhattisgarh.in
facebook.TarunChhattisgarh
phone: 0771-2543112


## संक्षेप

### प्रतिबंधित टेबलेट बेचते 3 गिरफ्तार

**भिलाई,6 दिसंबर।** दुर्ग रेलवे स्टेशन के पीछे सूर्या होटल के पास अवैध रूप से नशीली प्रतिबंधित टेबलेट बेचते तीन आरोपियों को मोहन नगर पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपियों के पास से पुलिस ने नशीली दवाईयों को जब्त किया। तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया है। पुलिस ने बताया कि मुखबिर से सूचना मिली थी कि रेलवे के माल धक्का के पास रेलवे स्टेशन के पीछे दो लोग अवैध रूप से नशीली दवाई रखे हुए हैं और उसे बेच रहे हैं। जानकारी मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने आरोपी सुमित जाटव निवासी पंचशील नगर तथा फागू उर्फ लक्की उर्फ फग्गू यादव निवासी सिकोला भाटा थाना मोहन नगर को पकड़ा। पुलिस ने आरोपी सुमित जाटव की जेब से नशीली टैबलेट अल्फाजोलम की कुल 6 पेट जिसमें 79 टैबलेट थी एवं बिक्री की रकम 200 रुपए एवं आरोपी फग्गू यादव के जेब से स्पास्मो प्लस कैप्सूल के चार पत्ते जिसमें 21 कैप्सूल थी एवं बिक्री की रकम को बरामद किया गया। आरोपियों ने टेबलेट बेचना एवं आरोपी सुनील तांडी से उन दवाइयों को खरीदना स्वीकार किया। तीनों आरोपियों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट की धारा 8,22,27 (क) के तहत कार्रवाई की गई है।

### टोकन नहीं कटा तो किसान ने ब्लेड से काट लिया खुद का गला

**महासमुंद,6 दिसंबर।** छत्तीसगढ़ के महासमुंद जिले से हैरान करने वाला मामला सामने आया है, जहां टोकन नहीं कटने से परेशान किसान ने अपने गले पर ब्लेड चला दिया। किसान की हालत नाजुक है। उन्हें रायपुर रेफर करने की तैयारी चल रही है। पूरा मामला ग्राम सेनभाठा का है। घायल किसान मनबोध गांडा (उम्र 65 वर्ष) को 112 एंबुलेंस की मदद से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बागबाहरा लाया गया है, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उसे महासमुंद मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया। जानकारी के मुताबिक किसान सुबह 8 बजे घर से गाय चराने निकला था। इस दौरान उन्होंने खेत में खुद का गला काट दिया। घटना की जानकारी ग्रामीणों ने परिजनों को दी। फिर परिजन मौके पर पहुंचे। बताया जा रहा कि किसान मनबोध धान बेचने के लिए टोकन कटवाने तीन दिनों सें च्वाइस सेंटर का चक्कर लगा रहा था।किसान के पास 01 एकड़ 40 डिसमिल कृषि भूमि है। टोकन नहीं कटने से परेशान होकर किसान ने यह कदम उठाया है। किसान की स्थिति नाजुक है। उन्हें रायपुर रेफर करने की तैयारी चल रही है।

### नेशनल हाइवे पर कार रोककर बर्थडे मना रहे थे,12 गिरफ्तार

**बिलासपुर,6 दिसंबर।** रसूखदार युवकों ने देर रात नेशनल हाइवे पर 3 लग्जरी कारों को खड़े कर बर्थडे मनाया, कार के बोनट पर ही केक रखकर जन्मदिन मना रहे युवकों ने सड़क पर आवाजाही रोकने का प्रयास किया। इस दौरान युवकों ने सड़क पर जमकर आतिशबाजी की। युवकों को ऐसा करते देख आसपास के लोगों ने पुलिस को इसकी जानकारी दी। गश्त में पहुंची पुलिस की टीम ने इस मामले में 12 युवकों को गिरफ्तार कर लिया है। बिलासपुर में लगातार सड़क पर बर्थडे मनाने वालों पर पुलिस और कोर्ट का शिकंजा कस रहा है, लेकिन इसके बावजूद हर हफ्ते ऐसे युवकों की टोली मिल रही है जो सड़क पर बर्थडे मनाने के साथ हंगामा मचा रही है। ऐसा ही एक मामला सकरी थाना क्षेत्र के अंतर्गत सामने आया है। बीती रात दर्जन भर युवक सकरी के पास नेशनल हाइवे पर कारों को पार्क कर बर्थडे मना रहे थे, युवक अपने जोश खरोश में नियमों की धज्जियां उड़ाते हुए आतिशबाजी भी रहे थे।

## इंडिगो संकट पहुंचा सुप्रीम कोर्ट

### सीजेआई के घर पहुंचे याचिकाकर्ता, तत्काल सुनवाई की मांग

**नई दिल्ली,6 दिसंबर।** इंडिगो उड़ानों के निलंबन से यात्रियों को हुए नुकसान के मामले में मुख्य न्यायाधीश के हस्तक्षेप की मांग करते हुए सर्वोच्च न्यायालय में एक याचिका दायर की गई है। सर्वोच्च अदालत सुप्रीम कोर्ट तत्काल सुनवाई की मांग की गई है। सुप्रीम कोर्ट से इंडिगो संकट मामले पर सुप्रीम कोर्ट में जनहित याचिका लगाई गई है। दाखिल की गई है जनहित याचिका और यह अपील की गई है कि जो देश की सर्वोच्च न्यायालय है वो इस मामले में जल्द और त्वरित सुनवाई करें क्योंकि यहां पर यात्री जूझ रहे हैं। दिल्ली हवाई अड्डे ने एक एडवाइजरी जारी की है जिसमें कहा गया है कि उड़ान संचालन धीरे-धीरे सामान्य हो रहा है और यात्रियों से हवाई अड्डे पर जाने से पहले अपनी उड़ान की स्थिति



की पुष्टि करने का आग्रह किया गया है। दिल्ली हवाई अड्डे ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि हमें यह बताते हुए खुशी हो रही है कि इंडिगो की उड़ानें अब धीरे-धीरे फिर से शुरू हो रही हैं और थोड़े समय के व्यवधान के बाद सामान्य हो रही हैं। कृपया घर से निकलने से पहले अपनी बुकिंग और उड़ान की स्थिति की जाँच कर लें। एयरलाइन ने दिल्ली हवाई अड्डे से आधी रात तक सभी घरेलू उड़ानें रद्द कर दी थीं।

## मनमाना किराया वसूला तो होगी सख्त कार्रवाई

### महंगी हवाई टिकट पर एविएशन मिनिस्ट्री सख्त, सभी एयरलाइन्स को जारी की गई चेतावनी

**नई दिल्ली,6 दिसंबर।** इंडिगो संकट की वजह से देशभर के फ्लाइट्स यात्रियों की मुसीबतें बढ़ गई है. चार दिन में 1700 से ज्यादा फ्लाइट्स कैंसिल हो चुकी है. जिस वजह से लोग अपनी जरूरी यात्राएं पूरी नहीं कर पा रहे हैं. तमाम एयरपोर्ट पर भारी भीड़ है और चारों तरफ बस अफरा-तफरी का माहौल है. इस बीच कई एयरलाइन्स ने इस मौके का फायदा उठाते हुए अपने हवाई टिकट्स के दाम मनमाने ढंग से बढ़ा दिए हैं. इस मनमानी को देखते हुए नागरिक उड्डयन मंत्रालय ने सख्त रुख अपनाया है. सरकार ने कुछ एयरलाइंस द्वारा बढ़ाए गए किरायों पर गंभीर नोटिस लेते हुए यात्रियों को महंगा टिकट न देना पड़े, इसके लिए नई किराया सीमा लागू कर दी है. सभी एयरलाइंस को इस तय सीमा का पालन अनिवार्य रूप से करना होगा. मंत्रालय ने स्पष्ट किया है कि ये नियम स्थिति सामान्य होने तक लागू रहेंगे. इसके साथ ही एयरफेयर पर रीयल-टाइम मॉनिटरिंग की जाएगी और नियम तोड़ने वाली एयरलाइंस पर तुरंत कार्रवाई होगी. सरकार का कहना है कि यात्रियों के हितों की रक्षा के लिए यह कदम उठाया गया है.

बता दें कि, हज़ारों फ्लाइट्स रद्द होने के कारण देशभर के एयरपोर्ट किसी रेलवे स्टेशन जैसे नजर आ रहे हैं. जहां लोग कई घंटों से अपनी फ्लाइट्स के इंतजार में थकान में चूर होकर फर्श पर ही सोने को मजबूर हो रहे हैं. न तो एयरलाइन्स की तरफ से मुसाफिरों को होटल में ठहराया जा रहा है और न ही उनके खाने-पीने का बंदोबस्त है. ऐसे में लोग देशभर का हवाई सफर सिस्टम पूरी तरह चरमरा चुका है. एयरपोर्ट पर जिधर भी नजर जा रही है, वहां सूटकेस और भारी-भरकम बैग्स के अंबार लगे हुए हैं. ऊपर से पैसेंजर्स परेशान हालात में नजर आ रहे हैं, उनकी कोई सुनने को राजी नहीं. बीते दिन ही इंडिगो एयरलाइन फ्लाइट्स पैसेंजर्स से माफी मांग चुकी है.

अभी तक हालात सामान्य होते नहीं दिख रहे हैं आज भी सैकड़ों फ्लाइट्स कैंसिल होने के आसार है. इंडिगो के संकट को देखते हुए रेलवे ने बड़ी पहल की है. यात्रियों की बढ़ती भीड़ को देखते हुए रेलवे ने विशेष ट्रेनें चलाने का फैसला किया है. एयरपोर्ट अथॉरिटी को भी इन ट्रेनों की जानकारी डिस्प्ले करने के लिए कहा गया है.

## मेरे पिता कहते हैं ईवीएम में गड़बड़ है पर मैं नहीं मानता : उमर अब्दुल्ला

**नई दिल्ली,6 दिसंबर।** जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने विपक्ष के सबसे बड़े मुद्दे ईवीएम हैक को लेकर अपनी बात रखी है। नई दिल्ली में आयोजित समिट में अब्दुल्ला ने कहा कि वह उन लोगों में से नहीं हैं, जो यह मानते हैं कि ईवीएम हैक होती है या कुछ और होता है। उन्होंने कहा कि इस मुद्दे पर उनकी पिता (फारुख अब्दुल्ला) से भी नहीं बनती है, क्योंकि उनका मानना है कि मशीन में गड़बड़ होती है लेकिन वह ऐसा नहीं मानते। लीडरशिप समिट में उमर ने कहा, "मैं ऐसा नहीं मानता कि मशीन (ईवीएम) में चोरी होती है। यह बात मुझे घर में भी परेशानी में डालती है क्योंकि मेरे पिता को ऐसा लगता है कि चोरी होती है। अगर वह इसे देख रहे हैं तो मैं उनसे माफी मांगता हूं, लेकिन वह उस पीढ़ी से हैं, जो उनके फोन पर आता है वह उस बात को मान लेते हैं। लेकिन मैं इस बात को नहीं मानता हूं।" उन्होंने कहा, "हां, चुनाव के साथ छेड़छाड़ की जा सकती है। यहाँ वोटर लिस्ट के साथ करके या फिर विधानसभा क्षेत्र में बदलाव करके भी की जा सकती है। जम्मू कश्मीर में



पहले जो डिमिलिटेशन हुआ वह छेड़छाड़ थी। आपने नई विधानसभा बनाई वह सब एक ही पार्टी को फायदा पहुंचाने के लिए हुई। अगर सही से की जाती है, तो हम साथ है, लेकिन अगर ऐसे गलत इरादे के साथ, एक ही पार्टी को फायदा पहुंचाने के लिए की जाती है, तो यह सही नहीं है।"इससे पहले उमर अब्दुल्ला ने इंडिया ब्लॉक को लेकर भी अपनी चिंता जाहिर की। उन्होंने कहा कि हमें या तो एक साथ रहना होगा या फिर हम राज्यों के हिसाब से चुनाव लड़ सकते हैं कि हर राज्य में अलग-अलग गठबंधन के साथ चुनाव लड़ सकते हैं। उन्होंने कहा कि क्षेत्रीय पार्टियां

### कश्मीरी मुसलमान आतंकवादी नहीं'

**श्रीनगर,6दिसंबर।** जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने शनिवार को ज़ोर देकर कहा कि आतंकी हमलों के बाद पूरे समुदाय को एक ही चश्मे से नहीं देखा जाना चाहिए। नई दिल्ली में हिंदुस्तान लीडरशिप समिट 2025 में बोलते हुए उन्होंने कहा कि कश्मीरी दिल्ली में हुए हमले से उतने ही परेशान हैं जितने पहलगाम को लेकर थे। अब्दुल्ला ने कहा कि सभी कश्मीरी मुसलमान आतंकवादी नहीं हैं। सभी आतंकवाद का समर्थन नहीं करते। दरअसल, वे एक बहुत ही छोटी अल्पसंख्यक आबादी हैं जो ऐसा करती है। उन्होंने वर्ष 2025 को जम्मू-कश्मीर के लिए किसी भी पैमाने पर कठिन बताया।

## नेहरू की विरासत को नष्ट करने की साजिश: सोनिया

**नई दिल्ली,6 दिसंबर।** कांग्रेस संसदीय दल (सीपीपी) की अध्यक्ष सोनिया गांधी ने पूर्व प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू की विरासत को विकृत और अपमानित करने के प्रयासों की कड़ी आलोचना की और इसे इतिहास को फिर से लिखने और राष्ट्र की नींव को नष्ट करने का एक सुनियोजित प्रयास बताया। सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पर जवाहरलाल नेहरू की विरासत को बदनाम करने का आरोप लगाते हुए, सोनिया गांधी ने दावा किया कि उनका लक्ष्य देश की सामाजिक, राजनीतिक और आर्थिक नींव को नष्ट करना है। राष्ट्रीय राजधानी स्थित जवाहर भवन में



नेहरू सेंटर इंडिया के शुभारंभ के अवसर पर उन्होंने कहा कि इसमें कोई संदेह नहीं होना चाहिए कि जवाहरलाल नेहरू को बदनाम करने की परियोजना आज सत्ताधारी प्रतिष्ठान का मुख्य उद्देश्य है। उनका लक्ष्य केवल उन्हें मिटाना नहीं है, बल्कि वास्तव में उन सामाजिक, राजनीतिक और आर्थिक नींव को नष्ट करना है जिन पर हमारे राष्ट्र की स्थापना और निर्माण हुआ है। कांग्रेस संसदीय दल की अध्यक्ष ने कहा कि हम उनके (पूर्व प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू) योगदानों के निरंतर विश्लेषण का स्वागत करते हैं, लेकिन उन्हें बदनाम करने, विकृत करने, अपमानित करने और अपमानित करने का व्यवस्थित प्रयास अस्वीकार्य है। उन्होंने कहा कि इसका एकमात्र उद्देश्य न केवल उन्हें एक व्यक्तित्व के रूप में, भारत के स्वतंत्रता संग्राम में उनकी सर्वमान्य भूमिका और अभूतपूर्व समस्याओं से जूझ रहे एक स्वतंत्र राष्ट्र के नेता के रूप में उनके शुरुआती दशकों को कमतर आंकना है, बल्कि इतिहास को फिर से लिखने के स्वार्थी प्रयास में उनकी बहुमुखी विरासत को भी नष्ट करना है। उन्होंने इन प्रयासों को भारत के स्वतंत्रता आंदोलन और संविधान का विरोध करने वाली विचारधाराओं से जोड़ते हुए कहा कि ये कट्टरपंथी और क्रूर सांप्रदायिक दृष्टिकोण से प्रेरित थे।




### सो गया नशे में धुत ट्रैक्टर चालक,9 साल के बच्चे ने संभाला स्टेयरिंग

**बलरामपुर,6 दिसंबर।** छत्तीसगढ़ के बलरामपुर जिले से हैरान करने वाला मामला सामने आया है, जहां नशे में धुत ट्रैक्टर चालक गाड़ी चलाते हुए सो गया, इस दौरान 9 साल के बच्चे ने ट्रैक्टर का स्टेयरिंग संभाला। इसका वीडियो सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रहा है। यह मामला पीएनबी बैंक मार्ग का है। चालक की लापरवाही से कोई भी अनहोनी हो सकती थी। मासूम बच्चे ने सूझबूझ दिखाते हुए स्टेयरिंग संभाला। इस घटना का राहगीरों ने वीडियो बनाकर सोशल मीडिया में वायरल किया है। वहीं प्रत्यक्षदर्शियों का दावा है कि चालक पूरी तरह बेहोश था। व्यस्त चांदो मार्ग पर पुलिस की लापरवाही पर भी लोग सवाल उठा रहे। स्थानीय लोगों ने चालक के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है।

## सोनू सूद व द ग्रेट खली से करोड़ों की ठगी

**नई दिल्ली,6 दिसंबर।** दिल्ली पुलिस की गिरफ्त में आए अंतरराष्ट्रीय ठग रविंद्र नाथ सोनी ने अमेरिका और दुबई सहित 5 देशों में लगभग 970 करोड़ रुपये की ठगी की है। इसके अलावा उसने बॉलीवुड अभिनेता सोनू सूद और रेसलर द ग्रेट खली को भी धोखे में रखा। कोतवाली पुलिस द्वारा गिरफ्तार दिल्ली के मालवीय नगर निवासी रविंद्र नाथ सोनी अंतरराष्ट्रीय ठग निकला। उसे कानपुर में 42.29 लाख रुपये की ठगी के मामले में देहरादून से गिरफ्तार किया गया था। पुलिस की जांच में पता चला है कि सोनी ने दुबई सहित पांच देशों में करीब 970 करोड़ रुपये की ठगी की। उसने हवाला और क्रिप्टोकरेंसी के माध्यम से विदेशी देशों से पैसा भारत मंगवाया। उसके वित्तीय लेन-देन, बैंक खातों और अन्य गतिविधियों का संचालन अमेरिका में स्थित एक महिला



करती थी। पुलिस कमिश्नर रघुबीर लाल ने बताया कि यह मामला राष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़ा हुआ है। पुलिस को आशंका है कि इस बड़ी मात्रा में की गई ठगी का पैसा हथियारों की तस्करी और ड्रग्स रैकेट से जुड़ा हो सकता है। पुलिस टीमें इस मामले की गहन जांच में जुटी हैं। दरअसल, शुक्रवार को दुबई से आए एक कलाकार ने पुलिस कमिश्नर से मुलाकात की और रविंद्र नाथ सोनी की कारगुज़ारियों का पूरा विवरण युक्त काला चिट्ठा सौंपा। बताया गया कि रविंद्र ने उनसे भी लगभग 4 करोड़ रुपये ठग लिए थे। दुबई से आए पीड़ित और फिल्म इंडस्ट्री से जुड़े अभिनेता ने नाम न जाहिर करने की शर्त पर बताया कि रविंद्र नाथ सोनी ने अभिनेता सोनू सूद और रेसलर द ग्रेट खली को अपनी कंपनी का ब्रांड एंबेसडर बताकर दुबई में कई कार्यक्रम आयोजित किए। इसके बाद उसने उनसे भी लगभग आधा पैसा हड़प लिया। रविंद्र ने एक ब्लू-चिप कंपनी की 11 सिस्टर कंपनियाँ तैयार की थी। इन कंपनियों में निवेश पर हर महीने चार से पाँच प्रतिशत ब्याज देने का वादा करके उसने लोगों से करोड़ों रुपये ठग लिए। पुलिस के अनुसार, अब तक इस मामले में कम से कम 70 लाख रुपये से लेकर अधिकतम 12 करोड़ रुपये तक की ठगी की जानकारी सामने आई है।

पुलिस कमिश्नर रघुबीर लाल ने बताया कि यह व्यक्ति फिल्म इंडस्ट्री से जुड़ा हुआ है। रविंद्र ने उसे हर महीने चार से पांच प्रतिशत ब्याज का वादा करके अपनी कंपनी में चार करोड़ रुपये निवेश कराने के लिए प्रेरित किया।

## हाईकोर्ट ने कहा – आत्महत्या की बार-बार धमकी देना क्रूरता है

### तलाक के खिलाफ पत्नी की अपील खारिज

**बिलासपुर,6 दिसंबर।** पति-पत्नी के बीच विवाद के मामले में पत्नी की तलाक के खिलाफ पेश अपील को हाईकोर्ट ने खारिज कर दिया है। कोर्ट ने अपने आदेश में कहा, आत्महत्या करने की बार-बार धमकी देना क्रूरता है। जब ऐसी बात किसी इशारे या हाव-भाव के रूप में दोहराई जाती है तो कोई भी पति-पत्नी शांति से नहीं रह सकता। इस मामले में अपील करने वाले के पति ने यह दिखाने के लिए काफी सबूत पेश किए हैं कि पत्नी बार-बार आत्महत्या करने की धमकी देती थी और एक बार तो अपने ऊपर कैरोसिन डालकर आत्महत्या करने की कोशिश भी की थी। क्रूरता का मतलब है पति-पत्नी के साथ इतनी क्रूरता से पेश आना, जिससे उसके मन में यह डर पैदा हो कि दूसरे पक्ष के साथ रहना उसके लिए नुकसानदायक होगा। पत्नी के काम इतने गंभीर हैं कि पति को दर्द, और तकलीफ़ हुई है, जो शादी के कानून में क्रूरता मानी जाएगी। अपीलकर्ता पत्नी की 11 मई 2018 को हिदू रीति-रिवाजों के साथ हुई थी। वह पति के साथ रह रही थी और उनकी शादी से उनका बेटा पैदा हुआ, जो अभी लगभग 03 साल का है। शादी के लगभग एक हफ्ते बाद पति-पत्नी मोटरसाइकिल पर डोंगरगढ़ में मां बम्लेश्वरी मंदिर जा रहे थे और रास्ते में अचानक उनके सामने एक भैंस आ गई और उनका एक्सीडेंट हो गया। पत्नी ने अपने पिता को बताई। पिता ने दोनों को बागतराई बुलाया और उन्हें अधारी नवगांव की दरगाह पर ले गए, यह कहकर कि उन पर भूत का साया है और हर गुरुवार को वहां आने को कहा और उन्हें भरोसा दिलाया कि उनका बिजनेस अच्छा चलेगा। शादी के बाद पति लगभग



7-8 महीने तक पत्नी को हर गुरुवार बागतराई ले जाने लगा, जिससे उसे बिजनेस में नुकसान हुआ और इस दौरान पति को पता चला कि पत्नी और उसके माता-पिता मुस्लिम हैं और उन्होंने यह बात छिपाकर शादी की थी। फिर पति ने अपील करने वाले को हर गुरुवार उसके माता-पिता के घर ले जाने से मना कर दिया। पत्नी हर गुरुवार को अपने माता-पिता के घर जाने की जिद करने लगी। पत्नी और उसके माता-पिता ने उसे मुस्लिम धर्म अपनाने के लिए कहना शुरू कर दिया, जिससे पति ने मना कर दिया। इस पर पत्नी का व्यवहार बहुत बदल गया और झगड़ा करने लगी।पत्नी ने अजीब तरह से व्यवहार करना शुरू कर दिया, गाली-गलौज करने लगी। 25 सितंबर 2019 को अपील करने वाली ने पति से बेवजह झगड़ा किया और केरोसीन डालकर खुद को आग लगाने की कोशिश की, जिसे पति ने किसी तरह बचाया। इसके बाद पत्नी अपने माता-पिता के घर चली गई। इस पर पति ने न्यायालय में तलाक के लिए आवेदन प्रस्तुत किया। सुनवाई उपरांत न्यायालय ने तलाक के आवेदन को मंजूर किया। इसके खिलाफ पत्नी ने हाईकोर्ट में अपील पेश की थी। कोर्ट ने कहा, मामले में भी यह बिल्कुल साफ़ है कि पत्नी ने अपने पति को बार-बार सुसाइड करने की कोशिश करके धमकाया और यह भी बिल्कुल साफ़ है कि साल 2020 से पत्नी अपने पति से अलग रह रही है। पत्नी के व्यवहार को देखते हुए पति के लिए किसी भी मेंटल प्रेशर के साथ उसके साथ रहना मुमकिन नहीं है। इसके साथ हाईकोर्ट ने पत्नी की तलाक के खिलाफ पेश अपील को खारिज कर दिया है।




## मुर्शिदाबाद में रखी जा रही नई बाबरी मस्जिद की नींव

**कोलकाता,6 दिसंबर।** पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद में विधायक हुमायूं कबीर नई बाबरी मस्जिद की नींव रख रहे हैं। बेलदांगा में नई मस्जिद के लिए जमीन पहले ही तय की जा चुकी है। इस कार्यक्रम में सऊदी के मौलाना भी शामिल हो रहे हैं। वहीं, लगभग 60 हजार लोगों के लिए बिरयानी भी बनाई गई है। इनमें 40 हजार मेहमान और 20 हजार स्थानीय लोग शामिल हैं। अलग-अलग जगहों से लोग ईंट लेकर बेलदांगा पहुंच रहे हैं। वहीं, इस कार्यक्रम को लेकर नेताओं की प्रतिक्रिया आनी भी शुरू हो चुकी है। टीएमसी ने पहले ही इस पर आपत्ति जताई थी और हुमायूं कबीर को सस्पेंड कर चुकी है। वहीं अब अन्य राजनीतिक दल भी इसका विरोध कर रहे हैं। बता दें कि, तृणमूल कांग्रेस से निलंबित विधायक हुमायूं कबीर और उनके समर्थक सुबह से सिर पर ईंट लेकर निर्माण स्थल की तरफ निकलने लगे हैं। बेलडांगा समेत आसपास का इलाका आज हाई अलर्ट पर है।

# मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना : श्रद्धा, आस्था और आध्यात्मिकता का अद्भुत संगम

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता




**कवर्धा,06 दिसंबर।** छत्तीसगढ़ की आध्यात्मिक परंपराओं में तीर्थयात्रा का विशेष स्थान रहा है। सदियों से श्रद्धालु पवित्र स्थलों के दर्शन को जीवन का सौभाग्य मानते आए हैं। विशेषकर वरिष्ठ नागरिकों, महिलाओं और दिव्यांग व्यक्तियों के लिए यह केवल यात्रा नहीं, बल्कि आत्मिक सुख और शांति का अनोखा अनुभव होता है। लेकिन आर्थिक अभाव, स्वास्थ्य संबंधी कठिनाइयाँ और उपयुक्त व्यवस्था न होने के कारण अनेक लोगों के मन की यह अभिलाषा कई बार अधूरी रह जाती थी। ऐसे समय में मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना आशा, सम्मान और अध्यात्म का नया दीपक लेकर आई है।

छत्तीसगढ़ में नई सरकार बनने के बाद मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय द्वारा शुरू की गई यह योजना न केवल एक प्रशासनिक निर्णय है, बल्कि एक गहन मानवीय संवेदना का प्रतीक है। मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना प्रदेश के वरिष्ठ नागरिकों, विधवा, परित्यक्त एवं दिव्यांगजनों को पवित्र स्थलों के निःशुल्क दर्शन का अवसर प्रदान कर रही है। यह पहल श्रद्धालुओं के मन में आध्यात्मिक उर्जा का नया अध्याय जोड़ रही है। कबीरधाम जिले में इस योजना से अब तक 191 श्रद्धालुओं का तीर्थ यात्रा का सपना पूरा हुआ है। इन तीर्थ यात्रियों ने शिरडी, शनि सिंघनापुर और त्र्यंबकेश्वर के दिव्य दर्शन कर आध्यात्मिक आनंद प्राप्त किया है।

योजना के तहत तीर्थ यात्रियों के लिए विशेष ट्रेन की सुविधा उपलब्ध कराई गई है, जिसमें पूरी यात्रा निःशुल्क है। साथ ही भोजन एवं पेयजल, आरामदायक आवास, स्वास्थ्य सेवाएँ, सुरक्षा व्यवस्था जैसी सभी आवश्यक सुविधाएँ राज्य सरकार द्वारा उपलब्ध कराई जाती हैं। इन व्यवस्थाओं ने यात्रियों के लिए सफर को न सिर्फ सुविधाजनक बनाया है, बल्कि यह अनुभव श्रद्धालुओं के लिए अविस्मरणीय बन गया है।

**धार्मिक पर्यटन को मिल रहा बढ़ावा:** मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना न केवल श्रद्धालुओं के धार्मिक विश्वास को सशक्त कर रही है, बल्कि धार्मिक पर्यटन को भी नई ऊर्जा दे रही है। इस योजना के माध्यम से न केवल धार्मिक स्थलों के प्रति श्रद्धालुओं का आकर्षण बढ़ा है, बल्कि सामाजिक समरसता और सांस्कृतिक एकता को भी मजबूती मिली है।

**श्रद्धा से विकास तक, छत्तीसगढ़ सरकार का विजन:** मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय का यह प्रयास छत्तीसगढ़ की आध्यात्मिक धरोहर को राष्ट्रीय स्तर पर उजागर कर रहा है। उनका स्पष्ट लक्ष्य है कि हर श्रद्धालु को बिना किसी कठिनाई के अपनी तीर्थ यात्रा पूर्ण करने का अवसर मिले, और यात्रा उनके जीवन का सबसे सुखद एवं स्मरणीय अनुभव बने। योजना के सकारात्मक प्रभाव अब पूरे प्रदेश में दिखाई दे रहे हैं। कबीरधाम की तरह अन्य जिलों के हजारों तीर्थयात्री भी इस योजना का लाभ उठाकर अपने आध्यात्मिक सपनों को साकार कर रहे हैं।

## एक नजर

### पूर्व क्रेडा सदस्य कन्हैया अग्रवाल ने नशा मुक्त अभियान का संदेश दिया

**कवर्धा 06 दिसंबर(तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** वरिष्ठ कांग्रेसी नेता एवं पूर्व क्रेडा सदस्य कन्हैया अग्रवाल ने सभी युवाओं से नशा जैसी कुरीतियों से दूर रहने की विनम्र अपील करते हुए नशा मुक्त अभियान का संदेश दिया । गुटखा खाने से कैंसर की संभावना होती है शराब पीने से लीवर खराब होने की संभावना होती है इसलिए युवाओं को नशा से दूर रहना चाहिए ।



### चोरी के मामले में आरोपी गिरफ्तार

**भिलाई 06 दिसंबर(तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** गोदाम मे रखे एल्यूमिनियम के बिजली वायर को काटकर चोरी करने वाले दो आरोपियों को नंदिनी थाने पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है नंदिनी प्रभारी पारस ठाकुर ने बताया कि 6-7 अक्टूबर को ग्राम हिंगनाडीह गोदाम मे रखे एल्यूमिनियम के बिजली वायर का 2 अलग- अलग कंडक्टर ड्रम बंडल से बिजली वायर को काटकर कोई अज्ञात चोर करीब 1458 कि.ग्रा. को चोरी कर ले गया रिपोर्ट पर मामले में अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया विवेचना दौरान आरोपियों की तलाश पर आरोपी बिल्लू उर्फ धनेश ठाकुर (21 साल) निवासी केम्प -2, फनेन्द्र कुमार साहू उर्फ कृष (19 साल ) निवासी केम्प -2 को गिरफ्तार आरोपियों के कब्जे से मशरूका जब्त की है।

### अमृतेष शुक्ला को हेमचंद यादव विश्वविद्यालय से पीएचडी की उपाधि

**भिलाई 06 दिसंबर(तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** इंदिरा गांधी शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय,



वैशाली नगर के राजनीति विज्ञान विभाग के सहायक प्राध्यापक अमृतेष शुक्ला को हेमचंद यादव विश्वविद्यालय, दुर्ग द्वारा पीएच.डी. (डॉक्टर ऑफ फिलॉसफी) की उपाधि प्रदान की गई है। विश्वविद्यालय में आयोजित वायवा-पर-वीवा परीक्षा में इलाहाबाद विश्वविद्यालय के प्रो. डॉ. मधुरेंद्र कुमार बाह्य परीक्षक के रूप में उपस्थित रहे। शुक्ला का शोध विषय छत्तीसगढ़ में विधानसभा चुनाव 2018 में जातिवाद की भूमिका दुर्ग जिले के विशेष संदर्भ में रहा। इस शोध कार्य में उनके शोध निर्देशक डॉ. डी.एन. सूर्यवंशी (सेवानिवृत्त प्राचार्य, सुराना महाविद्यालय, दुर्ग) तथा शोध केंद्र निर्देशक डॉ. प्रमोद यादव (विभागाध्यक्ष, राजनीति विज्ञान विभाग, सुराना महाविद्यालय) का मार्गदर्शन प्राप्त हुआ। अमृतेष शुक्ला को पीएच.डी. उपाधि प्राप्त होने पर महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. अलका मेश्राम, महाविद्यालय के समस्त प्राध्यापक, अधिकारी, कर्मचारी, परिवारजन एवं मित्रों ने उन्हें हार्दिक बधाई एवं उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएँ दीं।

### मोहोनीश बने एनडीए के गौरव

**भिलाई 06 दिसंबर(तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।**



स्टील सिटी भिलाई के युवा कैडेट मोहोनीश मल्लिक मोन्नप्पा ने राष्ट्रीय रक्षा अकादमी (एनडीए) की 149वीं ऑटम कोर्स पासिंग आउट परेड में शानदार सफलता हासिल कर शहर एवं भिलाई इस्पात संयंत्र का मान बढ़ाया है। 30 नवंबर 2025 को खडकवासला, पुणे में आयोजित इस भव्य परेड में मोहोनीश फॉक्स्ट्रॉट स्क्वॉड्रन से पासआउट हुए। परेड में 328 कैडेट्स ने भाग लिया, जिनमें मित्र देशों केन्या, तंजानिया, श्रीलंका, भूटान, फिजी व फिलीपींस के 20 कैडेट्स भी शामिल थे। तेज कदमों, सैन्य वर्दी की गरिमा और वीर शहीद अरुण खेत्रपाल की प्रतिमा के समक्ष दी गई सलामी ने इस पल को और भी अविस्मरणीय बना दिया। मोहोनीश का संबंध भिलाई के एक साधारण, किंतु मूल्यों से समृद्ध परिवार से है। उनकी माता देचम्मा मल्लिक गृहिणी हैं, जबकि पिता सुरजीत मल्लिक बीएसपी के नगर सेवाएँ विभाग में उप-महाप्रबंधक के पद पर कार्यरत हैं। डीपीएस भिलाई से शिक्षा प्राप्त मोहोनीश एनडीए में एयर फ़ोर्स फ़्लाइंग स्ट्रीम के शीर्ष दस कैडेट्स में शामिल रहे। खेल, संगीत और नेतृत्व क्षमता में भी वे आगे रहे। वे फॉक?स?ट्रॉट स्क्वाड्रन के फुटबॉल इन-चार्ज रहे तथा एनडीए म्यूजिक कॉयर के सदस्य भी। उनके प्रदर्शन से स्क्वॉड्रन को इंटर-स्क्वॉड्रन प्रतियोगिता में महत्वपूर्ण स्थान मिला। एनडीए की पासिंग आउट परेड में चीफ ऑफ नेवल स्टाफ एडमिरल दिनेश त्रिपाठी ने परेड का निरीक्षण किया। समारोह में सूर्यकिरण एरोबेटिक टीम की मनोहारी प्रस्तुति, इक्विटेशन व जिम्नास्टिक शो तथा सुखोई-30 एमकेआई की लो-हाइट फ्लाई-पास्ट ने कार्यक्रम की भव्यता को चरम पर पहुँचा दिया।

# आयुक्त ने किया ज़ोन-5 का व्यापक निरीक्षण, अवैध होर्डिंग हटाने व सुविधाओं के संधारण के निर्देश

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भिलाई, 6 दिसंबर।** नगर निगम भिलाई के आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय ने शुक्रवार को ज़ोन-5 के सेक्टर-10 क्षेत्र में नागरिक सुविधाओं और सार्वजनिक स्थलों का विस्तृत निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने बैडमिंटन कोर्ट, ओपन जिम, क्रिकेट कोर्ट, अवैध होर्डिंग, यात्री प्रतीक्षालय एवं नाला सफाई जैसे कार्यों की स्थिति का बारीकी से जायजा लिया और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान आयुक्त ने जोन आयुक्त अमरनाथ दुबे के साथ सेक्टर-10, सड़क 03 स्थित बैडमिंटन कोर्ट का अवलोकन किया। उन्होंने प्रकाश व्यवस्था हेतु लगे विद्युत पोल और मेट की तत्काल मरम्मत का निर्देश दिया। इसी क्रम में समीप स्थित क्रिकेट कोर्ट की रेलिंग पर एक निजी हॉस्पिटल का बोर्ड लगा हुआ पाया गया, जिसे हटाकर नगर निगम भिलाई का बोर्ड लगाने के निर्देश जारी किए गए। सेक्टर-10 ए मार्केट के आसपास लगाए गए अवैध होर्डिंगों को तुरंत हटाने के आदेश दिए गए। आयुक्त ने स्पष्ट कहा कि शहर की सुंदरता और अनुशासन बनाए रखने के लिए महापौर परिषद द्वारा पारित संकल्प के अनुरूप सभी अनधिकृत होर्डिंग हटाए जाएंगे। आगे से किसी भी प्रकार का होर्डिंग लगाने के लिए नगर निगम भिलाई से अनुमति लेना अनिवार्य होगा। इसके अलावा, पार्षद अभय सोनी की निधि से निर्मित यात्री प्रतीक्षालय का निरीक्षण किया गया, जिसका शीघ्र उद्घाटन प्रस्तावित है। आयुक्त ने जनहित में किए गए इस कार्य की सराहना की। पार्षद प्रतिनिधि अनिल सिंह द्वारा करवाए जा रहे नाला सफाई कार्य का भी निरीक्षण किया गया, जिसे आयुक्त ने संतोषजनक बताया। सड़क 25 पर निर्मित बैडमिंटन कोर्ट की स्थिति का भी मूल्यांकन किया गया तथा आवश्यक संधारण कार्य जल्द पूर्ण करने के निर्देश दिए गए। निरीक्षण के दौरान सहायक अभियंता श्वेता महेश्वर, शंकर सुवन मरकाम, सहायक राजस्व अधिकारी अनिल मेश्राम, जोन स्वास्थ्य अधिकारी सागर दुबे, सूर्या सहित अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे। आयुक्त पाण्डेय ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि जनसुविधाओं का रखरखाव प्राथमिकता से सुनिश्चित किया जाए तथा शहर की सुंदरता को प्रभावित करने वाले किसी भी अवैध गतिविधि के प्रति शून्य सहनशीलता बरती जाए।



# वैशाली नगर में लगेगी मिनरल वाटर फैक्ट्री, विधायक रिकेश ने की पहल

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भिलाई, 6 दिसंबर।** वैशाली नगर विधानसभा क्षेत्र में अब धार्मिक, सामाजिक, सांस्कृतिक व सामुदायिक आयोजनों के लिए निःशुल्क मिनरल वाटर उपलब्ध कराया जाएगा। क्षेत्र के भाजपा विधायक रिकेश सेन ने इस उद्देश्य से विधानसभा क्षेत्र में मिनरल वाटर फैक्ट्री स्थापित करने की पहल की है। फैक्ट्री से तैयार होने वाली मिनरल वाटर बोतलों पर रिकेश सेन एमएलए अंकित रहेगा। जानकारी के अनुसार पेयजल की उपलब्धता 200 मिलीलीटर की काँच की छोटी बोतल, 1 लीटर की काँच की बड़ी बोतल, तथा प्लास्टिक की विभिन्न आकार की बोतलों में कराई जाएगी। इन्हें मांग के अनुसार आयोजनों तक पहुँचाया जाएगा। विधायक रिकेश सेन ने बताया कि वैशाली नगर में गणेशोत्सव, दुर्गोत्सव सहित विभिन्न धार्मिक व सांस्कृतिक




आयोजनों में पेयजल की व्यवस्था पर आयोजकों को हर वर्ष भारी खर्च उठाना पड़ता है। इसी को देखते हुए उन्होंने मिनरल वाटर फैक्ट्री की शुरुआत का निर्णय लिया है, जिससे पेयजल की उपलब्धता बिना किसी शुल्क के कराई जाएगी। उन्होंने कहा कि पिछले दो वर्षों में विधानसभा क्षेत्र के वार्डों में डोम शेड, मंच तथा सामुदायिक भवनों की व्यापक व्यवस्था की गई है। इसके चलते अब स्थानीय परिवारों को अपने कार्यक्रमों के लिए होटलों या मांगलिक भवनों पर निर्भर नहीं रहना पड़ रहा है, और वे कम खर्च में अपने मोहल्लों में ही कार्यक्रम संपन्न कर पा रहे हैं। भिलाई में अनेक धर्म, जाति और समुदायों के लोग रहते हैं। विधायक सेन ने बताया कि पिछले दो वर्षों में अलग-अलग समाजों को भी प्राथमिकता के आधार पर भवन एवं डोम शेड की सुविधाएं उपलब्ध कराई गई हैं, ताकि उनके सामाजिक कार्यक्रम सहजता से और कम लागत में हो सकें। पेयजल व्यवस्था पर होने वाले बड़े व्यय का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि अक्सर निर्धन परिवार अपने मांगलिक कार्यक्रमों में स्वच्छ पानी की व्यवस्था को लेकर चिंतित रहते हैं। फैक्ट्री की शुरुआत के बाद ऐसे परिवारों को अब निःशुल्क मिनरल वाटर पेटियों की सुविधा मिलेगी।

# तीन सूदखोरों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**भिलाई 06 दिसंबर(तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** उधारी दिए रकम का 4 गुना रकम वसूलने के बाद भी सेवानिवृत्ति में मिले रकम को हड़पने की साजिश रचने वाले तीन सूदखोरों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से प्रार्थी से अवैध वसूली करने लिए गए विभिन्न बैंक के चेक, एग्रीमेंट के दस्तावेज बरामद किया गया है भट्ठी टीआई राजेश साहू ने बताया कि प्रार्थी ने भट्ठी थाने में लिखित शिकायत प्रस्तुत किया कि प्रार्थी को घरेलू कार्य के लिए कुछ रुपए की आवश्यकता थी। तब उसने प्रदीप नायक से रुपए मांगे तो प्रदीप नायक ने एम कृष्ण रेड्डी उर्फ सोनू के माध्यम से जयदीप सिंह नामक व्यक्ति से 28 फरवरी को 3 लाख रुपये उधारी में ब्याज पर उसे दिलवाया और बंधक के रूप में प्रगति महिला नागरिक सहकारी बैंक सेक्टर दो का 5 नग कोरे चेक एवं दो पेपर पर एग्रीमेंट के लिए हस्ताक्षर कराया जाकर रख लिया प्रार्थी ने



जून 2025 में जयदीप सिंह को ब्याज सहित पूरी रकम वापस करने के बाद भी जयदीप सिंह अभी ब्याज बचा है और रुपए देना पड़ेगा कहकर प्रार्थी का चेक एवं एग्रीमेंट के पेपर वापस नहीं किया 30 नवंबर को प्रार्थी बीएसपी से रिटायर हुआ प्रार्थी से 10 लाख रुपए जबरदस्ती अपने परिचित के खाते में ट्रांसफर कराया भट्ठी टीआई ने बताया कि प्रार्थी ने 3 दिसंबर को अपनी पत्नी के साथ महिला नागरिक सहकारी बैंक सेक्टर -2 में सेवानिवृत्ति से खाते में प्राप्त रकम को दूसरे खाते में ट्रांसफर करने गया तो आरोपी जयदीप सिंह कृष्ण रेड्डी, प्रदीप नायक अपने 8-10 साथियों के साथ बैंक पहुंचा और ब्याज में लिया उधारी रकम अभी तक नहीं दिए हो कहकर प्रार्थी एवं उसकी पत्नी से गाली गलौज एवं मारने की धमकी व डरा धमका कर प्रार्थी के 9 लाख रुपए को आरटीजीएस के माध्यम से व 1 लाख नगद कुल 10 लाख रुपए जबरदस्ती अपने परिचित के खाते में ट्रांसफर करा लिया प्रकरण में अपराध दर्ज कर विवेचना में आरोपी प्रदीप नायक (38 साल ) निवासी सेक्टर -1, एम कृष्णा रेड्डी (28 साल ) निवासी तालपुरी भिलाई नगर, ओम प्रकाश (57 साल ) निवासी सेक्टर- 7 भिलाई नगर एवं जयदीप सिंह ने संगठित होकर उधारी में पैसा देकर प्रार्थी को डरा धमकाकर ब्याज में दिए रकम मिल जाने के बाद भी उद्यापन के माध्यम से अन्य आरोपियों के साथ मिलकर आरोपी जयदीप सिंह द्वारा जबरदस्ती प्रार्थी से एक लाख नगद एवं 100000 आरटीजीएस के माध्यम से उद्यापित करना पाया गया। पुलिस ने आरोपियों के विरुद्ध धारा 296, 351(3), 308 (2),111, 3(5) बीएनएस एवं छत्तीसगढ़ ऋणीयों का संरक्षण अधिनियम 1937 की धारा 4 का अपराध सबूत पाए जाने से प्रकरण में शामिल आरोपी ओमप्रकाश, प्रदीप नायक, एम कृष्णा रेड्डी को गिरफ्तार कर लिया है।

## समाचार संक्षेप

### अग्निवीर ट्रेनिंग से लौटकर आए मनीष साहू से चंद्राकर ने की सौजन्य मुलाकात



**उतई 06 दिसंबर(तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** गोल्डन चौक धनोरा निवासी मनीष साहू भारतीय सेना अग्निवीर ट्रेनिंग के दौरान प्रथम ग्राम आगमन पर दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर ने सौजन्य मुलाक़ात कर साल व श्रीफल भेंट कर सम्मान किया। विधायक ललित चंद्राकर ने कहा कि मनीष साहू की सफलता युवाओं के लिए एक प्रेरणा है और उनकी मेहनत और समर्पण ने उन्हें इस मुकाम पर पहुंचाया है। उन्होंने कहा कि मनीष साहू की सेवा भारतीय सेना में होगी, जो देश के लिए एक महत्वपूर्ण योगदान होगा। इस अवसर पर जनपद पंचायत सदस्य जितेंद्र टंडन, पूर्व जनपद अध्यक्ष चंद्रशेखर बंजारे, राजेन्द्र त्यागी, डॉ राजेन्द्र प्रसाद चौधरी, गोविन्द टंडन, गजेंद्र बंजारे, युवा साई सेवा समिति के अध्यक्ष हेम कुमार साहू, पुरषोत्तम साहू, ईश्वर साहू, पुरुषोत्तम साहू (ठेकेदार), नरेश साहू जी समेत समिति के सदस्य गण एवं ग्राम वासी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

### होर्डिंग टॉवर में युवक की लाश मिली



**भिलाई 06 दिसंबर(तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** सुपेला अंडर ब्रिज के पास होर्डिंग टॉवर में युवक की लटकती लाश मिली लोगों ने देखा तो पुलिस को सूचना दी मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को उतरवाया जांच में मृतक की जेब से एक सुसाइडल नोट मिला है इसमें उसने लिखा कि मां की मौत से वह दुखी होकर जान दे रहा है खास बात यह है कि उसकी मां का निधन हुआ था और 5 दिसंबर को उसका तिजनहावन का कार्यक्रम उसके बालोद स्थित गांव में हुआ और इधर भिलाई में उसने फांसी लगा ली भिलाई नगर पुलिस ने बताया कि सूचना मिली कि सुपेला अंडरब्रिज के टाउनशिप की ओर लगे होर्डिंग टॉवर से युवक की लाश लटक रही है। मौके पर पुलिस टीम पहुंची तो मृतक के जेब से एक सुसाइडल नोट मिला मृतक की पहचान चंद्रभान विश्वकर्मा (35 साल) के रूप में हुई है सुसाइडल नोट में मृतक ने लिखा था कि उसका नाम चंद्रभान विश्वकर्मा है और वह काफी परेशानी महसूस कर रहा था उसने लिखा कि मां के निधन के कारण और दुखी हो गया हूं और इसीलिए यह कदम उठा रहा हूं भगवान मेरे परिवार को धैर्य दे मृतक चंद्रभान ग्राम चौरेल बालोद का रहने वाला था और भिलाई में एक स्टेशनरी की दुकान में काम करता था वहीं उसके जेब में उसकी मां के तिजनहावन कार्यक्रम का कार्ड भी मिला। जिसमें 3 दिसंबर को उसकी मां के निधन होने की बात लिखी गई है फिलहाल भिलाई नगर थाने पुलिस मर्ग कायम कर विवेचना कर रही है

### अश्लील तरीके से परेशान किए जाने के मामले में जुर्म दर्ज

**भिलाई 06 दिसंबर(तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** खुर्सीपार थाना क्षेत्र के एक महिला को अश्लील तरीके से परेशान किए जाने का मामला सामने आया है जहां खुर्सीपार की रहने वाली महिला कपड़े सिलने का काम करती है वहीं का एक शादीशुदा युवक अपनी पत्नी के कपड़े सिलवाने के बहाने महिला के घर आकर उसका मोबाइल नंबर लिया और शुरुआत में वह फोन पर सामान्य बातचीत करता था बाद में उसे शारीरिक संबंध बनाने के लिए दबाव बनाने लगा। मना करने पर गाली दी और किडनैप करने की भी धमकी दी रिपोर्ट पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है खुर्सीपार पुलिस को पीड़िता ने बताया कि आरोपी युवक ने लगभग डेढ़ वर्ष पहले अपनी पत्नी के कपड़े सिलवाने के बहाने घर आकर उससे मोबाइल नंबर लिया था शुरुआत में बातचीत सामान्य थी, लेकिन कुछ समय बाद युवक बार-बार फोन कर अश्लील बातें करने लगा महिला के पति ने भी इसका विरोध जताया और समझाने के बाद आरोपी कुछ समय के लिए शांत हो गया था, लेकिन फिर 28 नवंबर को दोपहर करीब साढ़े 12 बजे आरोपी ने फिर से अलग-अलग नंबरों से फोन करना शुरू कर दिया। पीड़िता ने बताया कि युवक न केवल उससे अश्लील बातें करता है, बल्कि बार-बार अपने प्रेम संबंध का जिक्र कर उसे बहकाने की कोशिश करता जब महिला ने इसका विरोध किया, तो आरोपी ने गाली-गलौज शुरू कर दी। महिला का आरोप है कि आरोपी ने फोन पर ऊंची आवाज में धमकी देते हुए कहा कि वह उसे उठवा लेगा और उसका अपहरण कर ले जाएगा इसके अलावा, आरोपी ने महिला के पति के साथ भी गाली-गलौज की और पूरे परिवार को जान से मारने की धमकी दी।

### निगम की आय बढ़ाने काउंटर शुल्क में संशोधन सूचना

**भिलाई, 6 दिसंबर।** नगर पालिक निगम भिलाई के महापौर परिषद की बैठक दिनांक 13.11.2025 को निगम की वित्तीय आय बढ़ाने हेतु आवेदन शुल्क में वृद्धि किये जाने प्रस्तुत प्रस्ताव में संकल्प पारित किया गया है। जिसके आधार पर काउंटर आवेदन फार्म में निम्नानुसार शुल्क में संशोधन किया गया है। जैसे - भवन अनुज्ञा पक्का निर्माण फार्म 20 रूपये, भवन अनुज्ञा कच्चा निर्माण फार्म 10 रूपये, बिजली एनओसी फार्म 10 रूपये, स्वनिर्धारण संपत्तिकर विवरणी फार्म 10 रूपये, ठेकेदारी पंजीयन फार्म 10 रूपये, नामांतरण फार्म (निगम संपत्ति) 50 रूपये, लायसेंस नवीनीकरण हेतु आवेदन 10 रूपये, जन्म-मृत्यु के एक माह से अधिक किन्तु एक वर्ष के भीतर शपथ पत्र और विलंब शुल्क 10 रूपये, एक वर्ष से अधिक समय बीत जाने पर कार्यपालन मजिस्ट्रेट की अनुमति एवं विलंब शुल्क 10 रूपये किया गया है।

## पाऊवारा में श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान यज्ञ का आयोजन

# वासनाओं से दूर रहकर मनुष्य जीवन को धन्य बना सकता है: संत निरंजन

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**उतई 06 दिसंबर।** पूर्व गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू धर्मपत्नी श्रीमती स्व.कमला देवी साहू जी की पुण्य स्मृति में गृह ग्राम पाऊवारा में आयोजित किए जा रहे श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान यज्ञ सप्ताह के तृतीय दिवस में माता सती, पार्वती, धुव्र चरित्र कथा में सुष्टि विषयक चर्चा में भगवान के द्वारा जगत की स्थिति पालन और संहार को वृहद चर्चा करते परमात्मा के अस्तित्व को विशद को ही जगत का आधार बताया गया। जो दृश्यमान है वह असत और जो दिखता नहीं केवल अनुभव का विषय है वह भगवान है।

सृष्टि विषयक कथा के उपरान्त महात्मा विदुर के चरित्र पर प्रकाश डालते हुये महाराज जी ने कहा विषया सक्त परमात्मा से अपने को दुर समभूक्ता है किन्तु शब्दतात्पर्य रूप रस गंध आदि विषयों से दुर रहकर जीव



परमात्य तत्व का अनुभव करता है। विदुर भक्त की कथा प्रत्येक जीव मात्र को भाव सहित प्रपंच रहित रहकर सहज ही परमानंद की अवस्था में पहुँचाती है।

भगवान से भी अधिक भक्तों की गाथा श्रीमद्ध भागवत में वर्णित है विषय वासनाओं से दुर रहकर मनुष्य जीवन को धन्य बना सकता है। आत्म तत्व ज्ञान के लिए सहज़ सरल विनय युक्त जीवन ही श्रेयस्कर है। पश्तात सती चरित्र की व्याख्या करते हुये बताया गया अंहकार ही पतन का कारण है दक्ष के अंहकार ने भगवान शिव को अपमानित कर स्वंय का नाश कराया।

जीव ही शिव है किसी जीव का तिरस्कार व अपमान ही मनुष्य जीवन में पतन का कारण होता है। कोई भी यज्ञ बिना सदभावना को सफल नहीं होता। प्रेम, दया, करुणा आदि गुणों से ही जीवन का यज्ञ सफल होता है।

इस अवसर पर पूर्व मुख्यमंत्री भुपेश बघेल, प्रदेश कांग्रेस कमेटी महामंत्री राजेन्द्र साहू, पूर्व जिला अध्यक्ष जीतेन्द्र साहू, ग्रामीण जिला अध्यक्ष राकेश ठाकुर,शहर जिला अध्यक्ष धीरज बकाली वाल, संजय कोहले, मुकुंद भाऊ, चंद्रकांत कोरे, प्रेम लता साहू, सोनिया देवांगन,झुमुक लाल साहू,ग्राम बैजलपुर जिला बेमेतरा से होम लाल साहू बोधन साहू धनजय साहू देवेंद्र कुमार, दिलीप साहू, लीला साहू कृष्णा साहू, लखन साहू, डॉ प्रहलाद वर्मा, वीरेन्द गोवस्वामी, अशोक साहू, डालेश्वर, नील कमल ताम्रकार, जालम सिंह, खेम चंद जैन, कौशल ताम्रकार सहित अलग अलग जिलों से श्रोता गण उपस्थित हुये।

आयोजन कर्ता पूर्व गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू,जितेंद्र साहू, सरिता साहू, भूषण साहू, योगिता साहू, हर्ष साहू, केशर साहू, जनपद के पूर्व अध्यक्ष देवेंद देशमुख, नगर पालिक निगम रिसाली की महापौर शशि सिन्हा, पूर्व जिला पंचायत सदस्य योगिता चंद्राकर, रमा साहू,जनपद पंचायत दुर्ग के उपाध्यक्ष राकेश हिरवानी, जनपद सदस्य झमीत गायकवाड सहित अन्य शामिल हुए।

# रेलवे स्टेशन से एयरपोर्ट तक सुगम यातायात की कवायद

■ बनेगा करीब डेढ़ किमी लंबा फोरलेन फ्लाईओवर, शहर का ट्रैफिक होगा स्मूथ

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**रायपुर, 06 दिसंबर।** उप मुख्यमंत्री, लोक निर्माण तथा नगरीय प्रशासन एवं विकास मंत्री श्री अरुण साव की पहल पर राजधानी रायपुर के यातायात को व्यवस्थित करने तथा रेलवे स्टेशन से एयरपोर्ट तक सुगम यातायात के लिए शहर के बीच कई फ्लाईओवर्स की कार्ययोजना को धरातल पर उतारा जा रहा है। उप मुख्यमंत्री श्री साव के अनुमोदन के बाद लोक निर्माण विभाग ने आज जी.ई. रोड पर बहुप्रतीक्षित गुरू तेगबहादुर उद्यान से तेलीबांधा में नेताजी सुभाष चौक से गुरूनानक चौक तक फ्लाईओवर के लिए 173 करोड़ रुपए की स्वीकृति दे दी है। इसके निर्माण से गुरू तेगबहादुर उद्यान से नेताजी सुभाष चौक से गुरूनानक चौक तक जी.ई. रोड पर शहर का यातायात सुगम हो जाएगा। इससे लोगों को काफी राहत मिलेगी। रायपुर शहर के यातायात को व्यवस्थित करने चालू वित्तीय वर्ष 2025-26 के बजट में इस फ्लाईओवर के निर्माण को शामिल किया गया था। करीब डेढ़ किलोमीटर लंबे इस फोरलेन (16.61 मीटर चौड़ा) फ्लाईओवर के निर्माण से शंकर नगर चौक, केनाल रोड क्रासिंग व गुरूनानक चौक में यातायात की समस्या से निजात मिलेगी। इस फ्लाईओवर से नगर घड़ी चौक से यातायात सीधे तेलीबांधा थाने तक पहुंच जाएगी तथा नगर घड़ी चौक का ट्रैफिक तेलीबांधा चौक से पहले बांयी ओर मुड़कर अटल एक्सप्रेस-वे से सीधे एयरपोर्ट तक पहुंच जाएगा। एक्सप्रेस-वे के फुंडहर चौक में भी फ्लाईओवर प्रस्तावित है। फुंडहर चौक से आगे अटल एक्सप्रेस-वे को व्ही.आई.पी. रोड (एयरपोर्ट रोड) से जोड़ने के लिए राज्य शासन द्वारा पहले ही फ्लाईओव्हर निर्माण की स्वीकृति दी जा चुकी है। इसका निर्माण कार्य शीघ्र प्रारंभ करने के लिए कार्यवाही प्रक्रियाधीन है। उप मुख्यमंत्री श्री अरुण साव ने पी.टी.एस. चौक में फ्लाईओवर निर्माण का प्रस्ताव आगामी वित्तीय वर्ष 2026-27 के बजट में शामिल करने के निर्देश विभागीय अधिकारियों को दिए हैं। इन फ्लाईओवर्स के निर्माण से रेलवे स्टेशन से एयरपोर्ट तक यातायात सुगम हो जाएगा।




## एक नजर

### मुख्यमंत्री ने बाबा साहब डॉ. भीमराव अम्बेडकर को पुण्यतिथि पर किया नमन

**रायपुर 06 दिसंबर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने भारत रत्न बाबासाहब डॉ. भीमराव अम्बेडकर की 6 दिसंबर को पुण्यतिथि के अवसर पर उन्हें नमन किया। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि बाबा साहब एक बहुआयामी प्रतिभा, विलक्षण बुद्धिमत्ता और अडिग संकल्प के धनी महानायक थे, जिन्होंने भारत की लोकतांत्रिक संरचना को नवीन दिशा दी। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि बाबा साहब भारतीय संविधान के प्रमुख शिल्पी होने के साथ ही सामाजिक न्याय, समानता, मानवाधिकार और लोकतांत्रिक मूल्यों के प्रखर प्रवक्ता भी थे। उन्होंने जीवनभर समाज के कमजोर वर्गों के उत्थान, छुआछूत एवं भेदभाव के उन्मूलन, शिक्षा के प्रसार और सामाजिक-आर्थिक सशक्तिकरण के लिए अथक संघर्ष किया। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि बाबासाहब का विचार, उनका चिंतन और उनकी दूरदृष्टि आज भी राष्ट्र-निर्माण की प्रक्रिया में मार्गदर्शक प्रकाश की तरह हमें प्रेरित करती है। मुख्यमंत्री श्री साय ने प्रदेशवासियों से आग्रह किया है कि वे बाबा साहब के आदर्शों और संविधान के मूल्यों को आत्मसात करते हुए एक संवेदनशील, समतामूलक, प्रगतिशील और न्याय-सम्मत समाज के निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाएँ।

### प्रतिबंधित काष्ठों का अवैध परिवहन पकड़ा गया, वन विभाग ने किया जब्त

**रायपुर 06 दिसंबर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** वन मंत्री श्री केदार कश्यप के निर्देशानुसार प्रदेश में वन्य अपराधों पर सख्त कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में दुर्ग जिले के धमधा एवं पाटन वनमंडल में विभागीय टीम द्वारा 04 दिसंबर 2025 को निर्धारित रोस्टर व रात्रि गश्त के दौरान प्रतिबंधित काष्ठों का अवैध परिवहन कर रहे 05 वाहनों को पकड़कर जब्त किया गया। वन संरक्षण को मजबूत करने के लिए वनों की कटाई पर रोक, सघन वृक्षारोपण, अवैध व्यापार पर सख्ती, जन जागरूकता अभियान, स्थानीय समुदायों की भागीदारी और सख्त कानूनी ढाँचे (जैसे वन संरक्षण अधिनियम) का पालन जरूरी है। प्रतिबंधित काष्ठों का अवैध परिवहन करते पकड़े गए वाहनों पर वन अपराध क्रमांक 76/22, 76/23, 76/24, 76/25 एवं 53/24 दिनांक 05 दिसंबर 2025 को पंजीबद्ध किए गए हैं। इनमें से चार वाहन सीजी 04 जेसी 8048, सीजी 06 एम 0463, सीजी 07 सीए 1055 और सीजी 07 सी 7985 को जब्त कर पाटन डिपो में रखा गया है, जबकि सीजी 04 जेडी 7725 को कुम्हारी डिपो में सुरक्षित रखा गया है। डीएफओ श्री दीपेश कपिल ने बताया कि नियमानुसार आरोपियों से मुआवजा अधिरोपित करते हुए प्रतिबंधित काष्ठों को राजसात करने की कार्यवाही की जाएगी। उन्होंने कहा कि वन संरक्षण को मजबूत करने के लिए विभाग द्वारा लगातार निरीक्षण, सघन गश्त और अवैध गतिविधियों पर कड़ी कार्रवाई की जा रही है।

### संसदीय कार्य मंत्री केदार कश्यप ने किया नवीन विधानसभा भवन का निरीक्षण



**रायपुर, 06 दिसंबर।** संसदीय कार्य मंत्री श्री केदार कश्यप ने आज नवीन विधानसभा भवन का निरीक्षण कर आगामी शीतकालीन सत्र की तैयारियों की विस्तार से समीक्षा की। उन्होंने सदन संचालन से जुड़े सभी तकनीकी, सुरक्षा और प्रोटोकॉल संबंधी प्रबंधों की जानकारी ली। निरीक्षण के दौरान मंत्री श्री कश्यप ने अधिकारियों को सभी कार्य समयबद्ध और प्रभावी रूप से पूरा करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि शीतकालीन सत्र महत्वपूर्ण है। सदन की कार्यवाही सुचारू रूप से चल सके, इसके लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाओं को पहले से दुरुस्त होना जरूरी है। जनता से जुड़े विषयों पर गंभीरता से चर्चा हो, यही हमारी प्राथमिकता है। मंत्री श्री कश्यप ने बैठक कक्ष, प्रेस गैलरी, वीआईपी लाउंज, सुरक्षा व्यवस्था और कर्मचारियों की तैनाती की भी जानकारी ली। उन्होंने सत्र के दौरान उपयोग होने वाले तकनीकी उपकरणों, ऑडियो-वीडियो सिस्टम और दस्तावेज प्रबंधन की तैयारियों की भी समीक्षा की। इस अवसर पर विधानसभा सचिव श्री दिनेश शर्मा सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

किसानों से संवाद स्थापित कर उनके सुझाव और जरूरतों के बारे में जानकारी ली

# मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े ने भटगांव विधानसभा के धान खरीदी केंद्रों का किया निरीक्षण

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**रायपुर, 06 दिसंबर।** महिला एवं बाल विकास तथा समाज कल्याण मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े ने आज भटगांव विधानसभा क्षेत्र के ग्राम सल्का और ग्राम बन्ना स्थित धान खरीदी केंद्रों का दौरा किया। उन्होंने खरीद व्यवस्था, किसानों को उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं, तौल मशीनों, मापक उपकरणों और धान उपार्जन से जुड़ी प्रत्येक प्रक्रिया का सूक्ष्म निरीक्षण किया। इस दौरान मंत्री श्रीमती राजवाड़े ने केंद्र में उपस्थित किसानों से संवाद स्थापित कर उनकी सुझाव और जरूरतों के बारे में जानकारी ली। किसानों ने बताया कि शासन की ओर से की गई व्यवस्थाएँ सुचारू रूप से संचालित हो रही हैं तथा उन्हें धान बेचने में किसी प्रकार की कठिनाई नहीं आ रही है। मंत्री ने समर्थन मूल्य, तुलाई की गति, बारदाना उपलब्धता और परिवहन की स्थिति पर भी किसानों से विस्तृत फीडबैक प्राप्त किया। मंत्री श्रीमती राजवाड़े ने कहा कि राज्य सरकार किसानों के धान की समयबद्ध, पारदर्शी और व्यवस्थित खरीदी के लिए प्रतिबद्ध है। किसानों की उपज का सही मूल्य दिलाना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि खरीदी केंद्रों में लगाए गए सीसीटीवी कैमरों की सतत मॉनिटरिंग की जाए और किसी भी गड़बड़ी की स्थिति में तुरंत कार्यवाही सुनिश्चित हो। नरीक्षण कार्यक्रम में स्थानीय जनप्रतिनिधि, किसान एवं ग्रामीण बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।



# महापौर ने नियमानुकूल कड़ाई के साथ नो फ्लेक्स जोन व्यवस्था कायम करने किया निर्देशित



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**रायपुर 06 दिसंबर।** नगर पालिक निगम रायपुर की महापौर श्रीमती मीनल चौबे और आयुक्त श्री विश्वदीप के निर्देश पर अभियान चलाकर नगर निगम मुख्यालय नगर निवेश उड़न दस्ता की टीम द्वारा जी. ई. मार्ग पर मार्ग विभाजक के मध्य नो फ्लेक्स जोन क्षेत्र में लगाए गए सभी बैनरों और पोस्टरों को हटाने कार्यवाही की है. यहां यह उल्लेखनीय है कि रायपुर नगर पालिक निगम की महापौर श्रीमती मीनल चौबे ने नगर निगम मुख्यालय नगर निवेश उड़न दस्ता और सम्बंधित जोनों की नगर निवेश विभाग की टीमों को प्रतिदिन सतत निरन्तर मॉनिटरिंग करते हुए राजधानी शहर रायपुर में जीईमार्ग में तेलीबांधा चौक से पण्डित रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय मुख्य द्वार आमानाका तक मार्ग विभाजक के मध्य क्षेत्र में कोई भी बैनर और पोस्टर नहीं लगने दिया जाना प्रक्रिया के अंतर्गत नियमानुकूल कड़ाई के साथ जनहित में जनसुविधा की दृष्टि से प्राथमिकता से सुनिश्चित करवाने स्पष्ट निर्देश दिए हैं, ताकि आमजनों को राजधानी शहर रायपुर नगर पालिक निगम क्षेत्र में जी. ई मार्ग में मार्गविभाजक के मध्य किये गए लोककल्याणकारी सौंदर्यीकरण कार्य की सुन्दर अनुभूति निरन्तरता से प्राप्त होती रहे।

# सरल और पारदर्शी धान खरीदी प्रक्रिया से खुश किसान भूपेश सिंह ने व्यवस्था पर जताया आभार

**रायपुर, 06 दिसंबर।** छत्तीसगढ़ में मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के मार्गदर्शन में संचालित धान खरीदी अभियान किसानों के लिए आशा और विश्वास का मजबूत आधार बन रहा है। प्रति क्विंटल 3,100 रुपए की समर्थन मूल्य दर और प्रति एकड़ 21 क्विंटल की खरीदी सीमा ने किसानों के चेहरे पर संतोष और समृद्धि की नई चमक लाई है। दुर्ग जिले के ग्राम पंचायत गनियारी के रसमड़ा उपार्जन केंद्र में आज सिलोडा गांव के प्रगतिशील किसान श्री भूपेश सिंह ने अपने दूसरे टोकन के तहत 96 क्विंटल धान की बिक्री की। लगभग 5.19 हेक्टेयर रकबे वाले श्री सिंह पहला टोकन भी सफलतापूर्वक बेच चुके हैं। इस वर्ष उन्होंने अपने खेतों में कावेरी किस्म का धान लगाया था, जिसकी पैदावार उन्हें बेहद संतोषजनक मिली है। पिछले वर्ष भी उनकी उपज बेहतर रही थी, जिससे उन्हें खेती के प्रति और अधिक भरोसा मिला।



किसान भूपेश सिंह बताते हैं कि धान की फसल हमारे लिए केवल अनाज नहीं, बल्कि सालभर की मेहनत का प्रतिफल है। इसी से हमारा घर-परिवार चलता है, बच्चों की पढ़ाई होती है और जीवन व्यवस्थित रूप से आगे बढ़ता है। यह हमारी रोज़ी-रोटी और जीवन का आधार है। रसमड़ा उपार्जन केंद्र में खरीदी कार्यों के दौरान उत्साह और रौनक का माहौल देखने को मिला। बारदाने भरने, तौलने, सिलाई करने और धान को गुणवत्ता के आधार पर स्टैक में व्यवस्थित करने जैसे सभी कार्य समिति कर्मचारियों द्वारा सुचारू रूप से किए जा रहे थे। पूरी खरीदी प्रक्रिया पारदर्शी, तेज और व्यवस्थित ढंग से संपन्न हो रही है। श्री भूपेश सिंह ने कहा कि शासन-प्रशासन द्वारा किसानों के हित में की जा रही इन व्यवस्थाओं से न केवल उन्हें सुविधा मिल रही है, बल्कि खेती के प्रति उनका विश्वास भी और मजबूत हो रहा है। इसके लिए उन्होंने सरकार एवं प्रशासन के प्रति आभार व्यक्त किया।

# श्री सदगुरु संत समागम समारोह में राष्ट्रीय स्तर के प्रतिनिधि आएंगे डोंगरगढ़

**डोंगरगढ़ 06 दिसंबर।** कबीर पंथ के 16 वें वंश के प्रतापाचार्य परम पूज्य पंथश्री हुजूर उदितमुनिनाम साहेब प्रवर्तक केडीबी मिशन कबीर धर्मनगर दामाखेड़ा का ऐतिहासिक आगमन धर्मनगरी डोंगरगढ़ की पावन धरा में होने जा रहा है । यह एक ऐसा अवसर होगा जहां धर्मनगरी डोंगरगढ़ की पावन धरती पर पंथश्री हुजूर उदितमुनिनाम साहेब का प्रथम आगमन होगा।

जिसमें कबीर पंथ के हजारों की संख्या में अनुयायी इस पुनीत पावन अवसर का लाभ लेने महाराष्ट्र, मध्यप्रदेश सहित छत्तीसगढ़ प्रदेश भर के कोने-कोने से यहां पहुंचेंगे। उक्त कार्यक्रम में संतगण, महंतगण, दिवानगण, केडीबी मिशन के प्रदेश के पदाधिकारी, कार्यकारिणी प्रतिनिधि, जिला प्रतिनिधि एवं तहसील प्रतिनिधि सहित आमीन माता महिला मंडल की आमीन माताएं कार्यक्रम के दो दिन पूर्व सम्मिलित होंगे । इस भव्य कार्यक्रम आयोजन स्थल का निरीक्षण करने केडीवी मिशन के प्रदेश प्रतिनिधि दिनांक 6 दिसंबर 2025 को आएंगे एवं कबीर कुटी छीरपानी डोंगरगढ़ में बैठक आयोजित होगा। उक्त कार्यक्रम के संबंध में प्रदेश जिला एवं तहसील के प्रतिनिधियों को पूरी जानकारी एवं व्यवस्था में कहीं किसी प्रकार की चूक ना हो। जिसके लिए संपूर्ण जानकारी पंथश्री के आगमन, शोभायात्रा, आशीर्वचन स्थल की व्यवस्था, ठहरने की व्यवस्था, भोजन व्यवस्था, पार्किंग व्यवस्था का जायजा लेकर प्रत्येक स्थान में केडीबी मिशन के प्रतिनिधि समुचित स्थान में दूर दराज से आए हुए संत अनुयायियों को किसी प्रकार की असुविधा न हो जिसके लिए केडीबी मिशन के प्रतिनिधि प्रत्येक स्थान पर स्थापित किए जाएंगे।




# पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री ने अंबिकापुर में नए आपराधिक कानूनों पर प्रदर्शनी का उद्घाटन किया

**रायपुर, 06 दिसंबर।** प्रदेश के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री श्री राजेश अग्रवाल ने अंबिकापुर में नए आपराधिक कानूनों पर प्रदर्शनी का उद्घाटन किया। इस प्रदर्शनी में नए कानूनी प्रावधानों, कानूनी प्रक्रियाओं तथा नागरिक हित में किए गए बदलावों को विस्तार से पेश किया गया है, जो न्याय-प्रक्रिया को अधिक पारदर्शी, स्पष्ट और तेज बनाने में सहायक होंगे।

मंत्री श्री अग्रवाल ने इस अवसर पर कहा कि आधुनिक समाज की बदलती आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए यह कदम काफी अहम है। न्याय का उद्देश्य केवल सजा देना नहीं बल्कि समाज में सुरक्षा और विश्वास का भाव जगाना भी है, उन्होंने कहा कि नई विधियाँ नागरिकों को उनके अधिकारों से अवगत कराते हुए, अपराध नियंत्रण और निवारण में पूरी तरह से मददगार साबित होंगी। प्रदर्शनी में विभिन्न आपराधिक मामलों से जुड़ी नई प्रक्रियाओं, न्यायालयों में सुनवाई की गति बढ़ाने के उपाय तथा कानून प्रवर्तन में सुधारों की व्यापक जानकारी दी गई है। स्थानीय नागरिकों ने इस पहल की सराहना करते हुए इसे समाज में जागरूकता और सुरक्षा भावना को बढ़ावा देने वाला कदम बताया।

यह प्रदर्शनी अगले सप्ताह तक आम जनता के लिए खुली रहेगी, जिससे सभी वर्ग के लोग नई कानूनी व्यवस्थाओं को समझ सकें और इसका लाभ ले सकें। आम जनता प्रदर्शनी के माध्यम से प्रदेश में कानून व्यवस्था और न्याय व्यवस्था के नवोन्मेष की झलक पा सकती है, जिससे आने वाले समय में सामाजिक स्थिरता और सुरक्षा को एक नया आयाम मिलेगा।

# मुख्यमंत्री साय ने अघोर गुरुपीठ में की पूजा-अर्चना, प्रदेश की सुख-समृद्धि के लिए की प्रार्थना



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**रायपुर, 06 दिसंबर।** मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय आज रायगढ़ जिले के ग्राम बनोरा स्थित अघोर गुरुपीठ पहुंचे, जहाँ उन्होंने अघोरेश्वर अवधूत भगवान राम जी की प्रतिमा के समक्ष प्रदेश की सुख, समृद्धि और खुशहाली की मंगल कामना की। उन्होंने गुरुपीठ में विधिवत पूजा-अर्चना कर छत्तीसगढ़ की शांति, समृद्धि और जनकल्याण के लिए आशीर्वाद प्राप्त किया। मुख्यमंत्री श्री साय ने अघोरेश्वर अवधूत जी के कृपापात्र शिष्य प्रियदर्शी भगवान राम जी से आशीर्वाद ग्रहण किया और कहा कि उनका स्नेह, मार्गदर्शन एवं आध्यात्मिक स्पर्श सदैव ऊर्जा, प्रेरणा और सकारात्मकता प्रदान करता है। उन्होंने कहा कि आध्यात्मिक मार्गदर्शन ही समाज को सही दिशा देता है और जनसेवा के कार्यों को अधिक संवेदनशीलता और समर्पण के साथ आगे बढ़ाने में सहायक होता है। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने कहा कि छत्तीसगढ़ की समृद्ध संस्कृति, आध्यात्मिक परंपरा और सामाजिक सौहार्द हमारी सबसे बड़ी शक्ति है। इन्हीं मूल्यों के आधार पर राज्य सरकार जनकल्याण, विकास और सुशासन के संकल्प को निरंतर आगे बढ़ा रही है। इस अवसर पर स्थानीय जनप्रतिनिधि, प्रशासनिक अधिकारी एवं क्षेत्रवासी उपस्थित थे।

# छत्तीसगढ़ में नक्सलवाद अब अंतिम सांसें ले रहा है, विकास का नया युग प्रारंभ हो चुका है: मुख्यमंत्री

**रायपुर, 06 दिसंबर।** मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने कहा कि राज्य के विकास में सबसे बड़ी बाधा रहे नक्सलवाद का जड़ से उन्मूलन अब साकार होता दिख रहा है। यह सफलता डबल इंजन की सरकार के मजबूत नेतृत्व, प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी और केंद्रीय गृह मंत्री श्री अमित शाह जी की स्पष्ट नीति तथा हमारे वीर सुरक्षाबलों के साहस, पराक्रम और अटूट संकल्प का सामूहिक परिणाम है। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि नक्सलवाद आज अपने अंतिम चरण में है और यह छत्तीसगढ़ के लिए ऐतिहासिक उपलब्धि है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री जी नरेंद्र मोदी और केंद्रीय गृहमंत्री श्री अमित शाह का स्पष्ट संकल्प है कि 31 मार्च 2026 तक पूरे देश से नक्सलवाद का पूर्ण उन्मूलन किया जाएगा, और यह संकल्प अब धरातल पर साकार रूप लेता दिखाई दे रहा है। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि नक्सली हिंसा के समाप्त होते ही बस्तर सहित पूरे छत्तीसगढ़ में शांति और स्थिरता की मजबूत नींव स्थापित हो रही है। वर्षों तक विकास से वंचित रहे क्षेत्रों में अब तेजी से सड़क, शिक्षा, स्वास्थ्य, संचार, पर्यटन और आजीविका के नए आयाम खुल रहे हैं। उन्होंने कहा कि बस्तर अब परिवर्तन की राह पर है, और आने वाले वर्षों में वहां विकास की गंगा बहेगी। ुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय ने विश्वास व्यक्त किया कि राज्य सरकार की प्रतिबद्धता, केंद्र सरकार का मार्गदर्शन और सुरक्षा बलों का साहस – इन तीनों की संयुक्त शक्ति से छत्तीसगढ़ न केवल नक्सलवाद से मुक्त होगा, बल्कि देश के सर्वश्रेष्ठ विकासशील राज्यों में अग्रणी बनकर उभरेगा। उन्होंने कहा कि यह नया छत्तीसगढ़ शांति, समृद्धि, विश्वास और विकास के मंत्र पर आगे बढ़ रहा है।

# विश्व मृदा दिवस पर नकटी गाँव में किसानों को मिट्टी की सेहत का संदेश

**रायपुर, 06 दिसंबर।** अखिल भारतीय मृदा परीक्षण एवं फसल अनुक्रिया परियोजना, मृदा विज्ञान विभाग, कृषि महाविद्यालय, रायपुर द्वारा विश्व मृदा दिवस के उपलक्ष्य में ग्राम नकटी, धरमपुरा में एक विशेष जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस वर्ष विश्व मृदा दिवस की थीम ÷स्वस्थ शहरों के लिए स्वस्थ मिट्टी÷ थी जिसके माध्यम से किसानों, ग्रामीणों और छात्र-छात्राओं को मृदा स्वास्थ्य, संरक्षण तथा सतत कृषि के महत्व से अवगत कराया गया। कार्यक्रम की शुरुआत डॉ. गौरव कुमार जाटव और डॉ. विवेक कुमार सिंघल द्वारा मिट्टी परीक्षण किट के माध्यम से व्यावहारिक प्रशिक्षण से हुई। उन्होंने प्रतिभागियों को मिट्टी के नमूने एकत्रित करने की सही विधि, परीक्षण प्रक्रिया और घटकों की पहचान, परीक्षण रिपोर्ट की व्याख्या तथा संतुलित उर्वरक उपयोग के लाभ के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी। किसानों ने इस प्रदर्शन को अत्यंत उपयोगी बताया और इसे अपनी खेती में अपनाने का संकल्प भी लिया।

विषय-आधारित प्रतियोगिताओं में बी.एससी. (कृषि) चतुर्थ वर्ष के ग्रामीण कृषि कार्यानुभव कार्यक्रम के छात्र तथा नकटी मिडिल स्कूल के बच्चों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। प्रतियोगिताओं के परिणामों की घोषणा कार्यक्रम के दौरान की गई, जिसमें रंगोली प्रतियोगिता में प्रथम स्थान जानकी साफ को तथा द्वितीय स्थान सूरज पटेल एवं भावी को प्राप्त हुआ। पोस्टर प्रतियोगिता में उन्नति शेष, हर्षिता विश्वकर्मा एवं दीक्षा दीपक ने संयुक्त रूप से प्रथम स्थान हासिल किया, जबकि द्वितीय स्थान गूंजा मरकाम को मिला। भाषण प्रतियोगिता में पूर्णेन्द्र कुमार वर्मा प्रथम तथा अनुष्का चौरसिया द्वितीय स्थान पर रहीं। सभी प्रतियोगिताओं का केंद्रीय विषय ÷स्वस्थ शहरों के लिए स्वस्थ मिट्टी÷ था जिससे प्रतिभागियों ने रचनात्मक ढंग से मृदा संरक्षण के संदेश को अभिव्यक्त किया। कार्यक्रम के तकनीकी सत्र में डॉ. राकेश बनवासी, प्रमुख अन्वेषक- एस.टी.सी.आर. प्रोजेक्ट तथा डॉ आलोक तिवारी, प्रोफेसर मृदा विज्ञान ने मृदा संरक्षण, सतत कृषि पद्धतियाँ, पोषक तत्व प्रबंधन, जैविक खेती और रासायनिक उर्वरकों का संतुलित उपयोग जैसे विषयों पर महत्वपूर्ण जानकारी साझा की। उनके व्याख्यान ने उपस्थित किसानों को अपनी खेती को अधिक वैज्ञानिक और टिकाऊ बनाने के लिए प्रेरित किया। मुख्य अतिथि एवं अधिष्ठाता, कृषि महाविद्यालय, रायपुर डॉ. आरती गुहे ने किसानों से वैज्ञानिक तकनीकों को अपनाने और मृदा स्वास्थ्य को सर्वोच्च प्राथमिकता देने का आग्रह किया। विभागाध्यक्ष डॉ. एल.के. श्रीवास्तव ने विश्व मृदा दिवस के इतिहास, इसकी वैश्विक पृष्ठभूमि और इसके महत्व पर प्रकाश डाला। डॉ. आलोक तिवारी ने छात्रों को किसान समस्याओं के समाधान में कारगर सहयोग देने तथा ग्रामीण क्षेत्रों में वैज्ञानिक पहुँच बढ़ाने के लिए प्रोत्साहित किया।

# उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने आईईडी ब्लास्ट में घायल पुलिस जवानों से अस्पताल में की मुलाकात



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**रायपुर, 06 दिसंबर।** उप मुख्यमंत्री श्री विजय शर्मा आज रायपुर के निजी अस्पताल पहुंचे, जहाँ उन्होंने जिला बस्तर के भैरमगढ़ थाना क्षेत्र में हुए नक्सली मुठभेड़ के दौरान आईईडी ब्लास्ट की चपेट में आए घायल पुलिस जवानों से मुलाकात कर उनका हाल जाना और चिकित्सकों से उपचार की जानकारी ली। उन्होंने घायल जवानों से घटना की जानकारी ली और दिवंगत हुए उनके साथी जवानों के लिए संवेदना व्यक्त की। भैरमगढ़ क्षेत्र में नक्सलियों और पुलिस बल के बीच हुई मुठभेड़ के दौरान आईडी विस्फोट में एएसआई श्री जनार्दन कोर्राम, आरक्षक श्री रमलू हेमला और आरक्षक श्री सोमदेव यादव घायल हुए थे, जिन्हें उपचार हेतु तत्काल रायपुर भेजा गया था।

# सरकार सरेंडर का मौका तो दे रही है नक्सलियों को

## संपादकीय

सरकार बस्तर से नक्सलियों का सफाया करने के लक्ष्य को हर तरह से हासिल करना चाहती है। इससे पहले ऐसी स्थिति कभी नहीं बनी थी। पहली बार ऐसी स्थिति बनी है कि बस्तर से नक्ललियों का सफाया तय समय में हो सकता है, इसलिए सरकार नक्सली जब भी सरेंडर करने के लिए समय मांग रहे हैं सरकार दे रही है ताकि बगैर गोली चलाए नक्ललियों का सफाया बस्तर से हो सके।माओवादियों के लिए वर्ष २५ सबसे बुरा साबित हुआ है,इस साल जितने नक्सली मारे गए हैं,जितने नक्सलियों ने सरेंडर किया है, इससे पहले कभी नहीं किया। यह वर्ष अभी खत्म नहीं हुआ है और हिड़मा सहित कई बड़े नेताओं को मिट्टी में मिलाकर नक्सलियों की रीढ़ तोड़ दी है। दक्षिण बस्तर का कुख्यात माओवादी हिड़मा के मारे जाने के बाद सरेंडर का सिलसिला और तेज हुआ है। भूपित व रूपेश के सरेंडर के बाद माना जा रहा था अब नक्सली एक साथ बडी संख्या में सरेंडर करेंगे, इसके लिए सरकार ने दो दिसंबर की रात दो बजे तक सेफ कारीडोर तैयार किया था, सुरक्षा बलों व जवानों ने कई दिनों पर कोई आपरेशन नहीं चलाया।नक्सली सरेंडर करने नहीं आए, सरकार ने मौका दिया था, उन्होंने मौके का लाभ नहीं उठाया तो सुरक्षा बलों ने फिर से अपना नक्सलियों के सफाए का आपरेशन शुरू कर दिया और इस बार सुरक्षा बलों को खबर लगी थी बीजापुर के नेशनल पार्क एरिया में नक्सली मौजूद हैं। बुधवार को उनके बीच मुठभेड़ हुई जिसमें पहले दिन खबर आई की १२ नक्सली मारे गए और सुरक्षा बल के दो जवान शहीद हुए हैं बाद मे सर्च करने पर और नक्सलियों के शब मिले और नक्सलियों के मारे जाने की संख्या १८ हो गई,यह भी पता चला एक और जवान शहीद हो गया है। बस्तर में वर्ष २५ में २५५ नक्सली मारे गए हैं तथा २३६ नक्सलियों के शव मिले हैं। इसी तरह २४ में २३९ नक्सली मारे गए थे और २१७ के शव मिले थे। इस तरह साय सरकार के दो वर्ष के कार्यकाल में ४९४ नक्सली मारे गए हैं तथा ४५३ के शव मिले हैं। इस तरह बस्तर में नक्सलियों का किला ढह चुका है,नक्सलवाद बस्तर में आखिरी सांस ले रहा है। बस्तर संभाग के बीजापुर जिले में गंगालूर-जांगला-भैरमगढ़ बेल्ट का घना जंगल जो मावोवाद की फैक्ट्री माना जाता था, उसको सुरक्षा बलों ने ध्वस्त कर दिया है। पिछले मुठभेड़ में १८ माओवादियों के मारे जाने के बाद माना जा रहा है कि गंगालूर-भैरमगढ़ क्षेत्र से नक्सलियों का लगभग सफाया हो गया है। मुठभेड़ में मारा गया वेल्ला मोडियम गंगालूर का सबसे प्रभावशाली प्रशिक्षक तथा दंडकारण्य स्पेशल जोनल कमेटी का रणनीति बनाने वाला माना जाता था। इसके अलावा जो लोग मुठभेड़ में मारे गए है, उन पर १.३० करोड़ का इनाम था। सुरक्षा बल के जवान आए दिन आपरेशन चलाकर नक्सलियों के सबसे सुरक्षित ठिकानों पर कब्जा करते जा रहे हैं, इससे नक्सलियों के पास अब कोई सुरक्षित ठिकाना नहीं बचा है। नकसलियों का सबसे सुरक्षित ठिकाना पहाड़ी पर बना होता है। हाल में सुरक्षा बलों ने नक्सलियों के सबसे सुरक्षित ठिकानों मे एक गोगुड़ा पहाड़ी पर भी कब्जा जमा लिया है।यह पहाड़ी ६६९ मीटर ऊंची है तथा यहां तक पहुंचने के लिए एक पगडंडी भर है। कई दिनों के अभियान के बाद सुरक्षा बल यहां पहुंच गए है और यहां कैंप खोल दिया है। इससे पहले करेंगुट्टा की पहाड़ी पर भी सुरक्षा बलों के जवानों ने कब्जा कर नक्सलियों के सुरक्षित ठिकाने पर कब्जा किया था और वहां भी सुरक्षा कैंप खोल दिया गयाहै। प्रदेश के गृहमंत्री विजय शर्मा ने दोहराया है कि सरकार गोली नहीं चलाना चाहती,नक्सली हिंसा का रास्ता छोड़े। उन्होंने कहा है कि हम नक्सलियों के लिए लाल कालीन बिछाने के तैयार हैं, वह हिंसा का रास्ता छोड़कर पुनर्वास के लिए माने तो सही। अभी हाल में भी नक्सलियों को सरेंडर करने के लिए सेफ कारीडोर बनाया गया था लेकिन नक्सलियों ने उसका फायदा नहीं उठाया। उन्होंने कहा है कि बस्तर प्राकृतक,सांस्कृतिग और आर्थिक संसाधनों से संपन्न क्षेत्र है।माओवाद के कारण क्षेत्र का विकास प्रभावित हुआ है। उन्होंने माओवादियों से कई बार आग्रह किया है कि वे हथियार छोड़कर पुनर्वास का रास्ता चुनें।इसके बाद वे अपने विचारों के आधार पर संवैधानिक दायरे में समाजसेवा का मार्ग चुन सकते हैं। वह इतना समझ लें कि वे हथियार नहीं छोड़ेंगे तो सुरक्षा बलों के हाथों मारे जाएंगे जैसे दो साल लगभग ५०० माओवादी मारे गए हैं, बाकी बचे माओवादी भी उसी तरह मारे जाएंगे। साय सरकार ने तय कर रखा है कि मार्च २६ तक बस्तर से माओवादियों का सफाया करना है तो यह का समय से पहले होने की उम्मीद है। नक्सलियों के सामने अभी भी वक्त है कि वह सरेंडर कर सकते हैं नहीं करेंगे तो उनका सफाया तो तय है।

# पुतिन की दिल्ली यात्रा: तनाव के बीच मजबूत हुआ रूस-भारत गठबंधन

**समसामयिक**

**हृदय मोहन**



नई दिल्ली के आसमान में जहाँ अमेरिका के प्रतिबंधों का बादल मंडरा रहा था, वहीं पुतिन और मोदी के आलिंगन ने एक स्पष्ट संदेश दिया: भारत की विदेश नीति में "अपवाद" नहीं, बल्कि "स्वतंत्रता" है। जब रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन का विमान 4 दिसंबर को नई दिल्ली के पालम हवाई अड्डे पर उतरा, तो उनका स्वागत, प्रोटोकॉल से आगे बढ़कर, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने व्यक्तिगत रूप से रनवे पर जाकर गले मिलकर किया। यह दृश्य केवल औपचारिकता नहीं था, बल्कि एक स्पष्ट राजनीतिक संकेत था—तनावपूर्ण वैश्विक परिदृश्य में भी भारत और रूस के बीच विशेष रणनीतिक साझेदारी अडिग है। पुतिन की यह यात्रा चार साल बाद भारत की धरती पर उनकी पहली आधिकारिक यात्रा थी। इसका महत्व इसलिए और बढ़ जाता है क्योंकि यह रूस-यूक्रेन संघर्ष के बाद पुतिन की भारत यात्रा है। ऐसे समय में जब अंतर्राष्ट्रीय आपराधिक न्यायालय (ICC) द्वारा जारी गिरफ्तारी वारंट के कारण पुतिन की अधिकांश पश्चिमी देशों में यात्रा सीमित है, भारत ने उनका भव्य स्वागत किया।



### वार्ता के प्रमुख मुद्दे –

**1. ऊर्जा सुरक्षा: "निर्बाध आपूर्ति" का आश्वासन**

अमेरिका के दबाव और प्रतिबंधों के बावजूद रूस ने भारत को ऊर्जा की "निर्बाध आपूर्ति" जारी रखने का वादा किया। रूस वर्तमान में भारत का सबसे बड़ा तेल आपूर्तिकर्ता है। पुतिन ने स्पष्ट किया: "यदि अमेरिका को हमारे परमाणु ईंधन खरीदने का अधिकार है, तो भारत को समान सुविधा क्यों नहीं मिलनी चाहिए?"

दोनों देशों ने ऊर्जा के क्षेत्र में 2030 तक का एक आर्थिक सहयोग कार्यक्रम भी तय किया।

**2. रक्षा सहयोग: 'आत्मनिर्भरता' की नई दिशा**

रूस दशकों से भारत का प्रमुख रक्षा साझेदार रहा है। इस बार की चर्चा का केंद्र केवल हथियारों की खरीद न होकर संयुक्त अनुसंधान, सह-विकास और सह-उत्पादन था। रूस ने 'मेक इन इंडिया' पहल के तहत भारत में प्रौद्योगिकी हस्तांतरण और संयुक्त उद्यम स्थापित करने की इच्छा व्यक्त की।

**3. व्यापार संतुलन: 2030 तक 100 अरब डॉलर का लक्ष्य**

वर्तमान में भारत और रूस के बीच व्यापार रूस के पक्ष में असंतुलित है, मुख्यत: भारत द्वारा रूसी तेल के बड़े आयात के कारण। दोनों नेताओं ने 2030 तक द्विपक्षीय व्यापार को 100 अरब डॉलर तक पहुँचाने और राष्ट्रीय मुद्राओं में लेन-देन को बढ़ावा देने पर सहमति जताई। पहले से ही 96% व्यापारिक लेनदेन रुपये और रूबल में हो रहे हैं।

**भू-राजनीतिक संदर्भ: अमेरिकी दबाव और भारत की कूटनीतिक सन्तुलन कला**–पुतिन की यात्रा ऐसे समय में हुई है जब भारत-अमेरिका संबंध एक चुनौतीपूर्ण दौर से गुजर रहे हैं। भारत द्वारा रूसी तेल खरीदने के कारण अमेरिका ने भारतीय सामानों पर 50% तक का अतिरिक्त सीमा शुल्क लगा दिया है। इसका भारतीय निर्यात पर सीधा प्रभाव पड़ा है, खासकर कपड़ा और चमड़ा उद्योग पर।

अमेरिकी व्यापार वार्ताकारों की एक टीम अगले सप्ताह नई दिल्ली आने वाली है। भारत अमेरिका के साथ एक ढांचागत समझौते पर पहुँचने को उत्सुक है ताकि इन शुल्कों से राहत मिल सके।

भारत के सामने एक जटिल कूटनीतिक चुनौती है: एक ओर ऐतिहासिक और रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण रूस के साथ संबंध बनाए रखना, तो दूसरी ओर दुनिया की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था अमेरिका के साथ संबंधों को प्रबंधित करना।

जैसा कि एक विश्लेषक ने कहा, "भारत एक दुविधा का सामना कर रहा है। मॉस्को के साथ संबंधों को गहरा करना या वाशिंगटन के साथ सहयोग बढ़ाना—किसी भी दिशा में आगे बढ़ने से दूसरे पक्ष के साथ संबंध प्रभावित हो सकते हैं।"यूक्रेन संघर्ष के प्रति भारत के रुख ने इस संतुलन को और स्पष्ट कर दिया है। प्रधानमंत्री मोदी ने पुतिन से कहा: "भारत तटस्थ नहीं है। भारत का एक स्पष्ट रुख है, और वह है शांति का समर्थन।"

**व्यापक सहयोग की रूपरेखा**–इस शिखर सम्मेलन के दौरान 29 से अधिक समझौतों पर हस्ताक्षर हुए। इनमें स्वास्थ्य देखभाल, शैक्षणिक आदान-प्रदान, उर्वरक और समुद्री सहयोग जैसे क्षेत्र शामिल हैं।

**कुछ प्रमुख क्षेत्र:** परमाणु ऊर्जा: रूसी सहायता से तमिलनाडु में निर्मित कुडनकुलम परमाणु ऊर्जा संयंत्र इस साझेदारी की आधारशिला बना हुआ है। दोनों देश दूसरे स्थल की तलाश भी कर रहे हैं। अंतरिक्ष और उच्च प्रौद्योगिकी: अंतरिक्ष अन्वेषण, कृत्रिम बुद्धिमत्ता (AI), और उपग्रह नेविगेशन में सहयोग बढ़ाने पर जोर दिया गया। कनेक्टिविटी: अंतर्राष्ट्रीय उत्तर-दक्षिण परिवहन गलियारे (INSTC) और चेन्नई-व्लादिवोस्तोक पूर्वी समुद्री गलियारे के विकास पर सहमति बनी।

**भविष्य की राह**–पुतिन की यह यात्रा स्पष्ट करती है कि भारत स्वतंत्र विदेश नीति के मार्ग पर अडिग है। प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भारत ने रणनीतिक स्वायत्तता को प्राथमिकता दी है—न कि किसी एक गठबंधन में बंधे रहने को। भारत का रुख व्यावहारिक और राष्ट्रीय हितों पर केंद्रित है: सस्ती ऊर्जा, रक्षा आधुनिकीकरण, और व्यापारिक संतुलन। रूस के साथ संबंधों को मजबूत करके, भारत न केवल अपनी ऊर्जा सुरक्षा सुनिश्चित कर रहा है, बल्कि बहुध्रुवीय विश्व की दिशा में भी योगदान दे रहा है। आने वाले वर्षों में, भारत की कूटनीतिक कला का सही परीक्षण यह होगा कि वह रूस के साथ गहरे रणनीतिक संबंधों को बनाए रखते हुए, पश्चिमी देशों के साथ भी सहयोग के नए रास्ते कैसे खोलती है।

जैसा कि पुतिन ने स्वयं कहा, "भारत प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में एक स्वतंत्र और संप्रभु नीति अपना रहा है और बहुत अच्छे परिणाम प्राप्त कर रहा है।" यह कथन न केवल भारत की वर्तमान नीति की पुष्टि करता है, बल्कि भविष्य की दिशा का संकेत भी देता है।

## सू- दोकू क्र.250

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 9 | | 1 | 6 | | 2 | | 7 |
| 3 | | | | | | | | |
| | | 6 | | | | | 9 | |
| 7 | | | 5 | | 1 | | 3 | |
| | 8 | | | 9 | | 6 | | 2 |
| | | 4 | | | | | 7 | |
| | 3 | | | | 2 | 9 | | 6 |
| 6 | | 7 | 3 | | | | | 4 |
| | 4 | | | 1 | | 7 | 8 | |

**नियम**

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गो का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते है।
3. बाएं से दाएं और उपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

**सू-दोकू क्र.249का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 6 | 3 | 9 | 8 | 7 | 1 | 5 | 4 |
| 8 | 5 | 1 | 3 | 2 | 4 | 6 | 7 | 9 |
| 9 | 4 | 7 | 1 | 5 | 6 | 8 | 2 | 3 |
| 3 | 9 | 8 | 6 | 7 | 1 | 5 | 4 | 2 |
| 6 | 1 | 2 | 5 | 4 | 3 | 9 | 8 | 7 |
| 5 | 7 | 4 | 8 | 9 | 2 | 3 | 1 | 6 |
| 1 | 2 | 6 | 7 | 3 | 5 | 4 | 9 | 8 |
| 4 | 8 | 5 | 2 | 6 | 9 | 7 | 3 | 1 |
| 7 | 3 | 9 | 4 | 1 | 8 | 2 | 6 | 5 |

## शब्द सामर्थ्य -250

(भागवत साहू)

**बाएं से दाएं**

1. भारत के वर्तमान वित्तमंत्री 6. हित, उपकार 7. असमान, पूर्वोत्तर का एक राज्य 8. किसी वस्तु व्यक्ति आदि के पहचान सूचक संबोधन का शब्द, संज्ञा 10. शवस्थल पर बनाया गया मकान, योग का अंतिम अंग, तपस्या 13. इंकार करना, ना कहना 14. पिता, क्लर्क, सम्मानीय व्यक्ति 15. आय पर लगने वाला टैक्स, इंकमटैक्स 16. प्रतिद्वंद्वी, प्रेमिका का दूसरा प्रेमी 17. परंपरा, रीति, रिवाज 20. रुप से युक्त, चिह्न, लक्षण, नाटक, एक साहित्यिक अलंकार 23. लोग, प्रजा 25. नामी, नामवर, प्रसिद्ध 27. संसार का स्वामी, बादशाह, सम्राट, ईश्वर 28. फैलाना, खिंचाव पैदा करना।

**ऊपर से नीचे**

1. मारना, प्रहार करना, आघात करना 2. मिथ्याअभिमान, आडंबर 3. विपत्ति, आफत 4. मालदार, धनवान, अमीर 5. ज्ञान प्राप्त करना, अनुमान लगाना, कल्पना करना 7. हक 9. विवश, लाचार 11. मानकंद, नापने का पैमाना 12. अपमानित और तिरस्कृत 17. संतान उत्पन्न करने की क्रिया, जन्म देने की क्रिया 18. लंबे कपड़े का गट्ठा, पशुओं को रखने की जगह 19. जलयान, वायुयान, जलपोत 21. आश्रय, सहारा 22. थोड़ा, जरा, तनिक 24. जुर्म, गुनाह 26. बाघ की तरह का धारीदार हिंसक एवं विशाल पशु।



**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 249 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| भू | कं | प | ■ | फा | य | दा | ■ | स |
| प | ■ | ल | ला | ट | ■ | य | ती | म |
| ति | ल | क | ■ | क | न | क | ■ | झ |
| ■ | क्ष | ■ | ■ | ■ | रे | ■ | ■ | ■ |
| ग | ण | क | ■ | सं | श | य | ■ | सौ |
| ह | ■ | या | च | क | ■ | म | न्न | त |
| रा | क्ष | स | ■ | र | क्ष | क | ■ | न |
| ■ | त्रि | ■ | ■ | ■ | मि | ■ | ■ | ■ |
| शा | य | री | ■ | का | त | र | ■ | गो |

## राशिफल

**मेष :** आज का दिन आपके लिए धन-धान्य में वृद्धि लेकर आने वाला है। काम को लेकर मेहनत भी अधिक रहेगी, लेकिन फिर भी आप हिम्मत नहीं हारेंगे। आप किसी नए काम को करने की शुरुआत कर सकते हैं। परिवार में मेहमानों का आना-जाना लगा रहेगा। आपकी कोई मन की इच्छा पूरी हो सकती है, जिससे खुशी का ठिकाना नहीं रहेगा। विद्यार्थी किसी परीक्षा की तैयारी में जुटेंगे, जिससे उन्हें सफलता अवश्य मिलेगी। नौकरी में आपको थोड़ा सावधान रहना होगा।

**वृषभ** आज का दिन सामाजिक क्षेत्रों में कार्यरत लोगों के लिए बढ़िया रहने वाला है। आपको किसी सम्मान की प्राप्ति हो सकती है। आप अपने कामों को पूरी मेहनत और ईमानदारी से करेंगे और आपके अनुभवों का आपको पूरा लाभ मिलेगा। किसी छोटी दूरी की यात्रा पर जाने के योग बनते दिख रहे हैं। आप किसी की कहीसुनी बातों पर भरोसा ना करें। आपकी कला और कौशल में भी सुधार आएगा। भाग्य का आपको पूरा साथ मिलेगा।

**मिथुन** आज का दिन आपके लिए आय और व्यय में संतुलन बनाकर चलने के लिए रहेगा। आपको कुछ मुश्किलों का सामना करना पड़ सकता है। घूमने फिरने के दौरान आपको कोई महत्वपूर्ण जानकारी प्राप्त होगी। आप अपनी शारीरिक समस्याओं को नजरअंदाज न करें। आपको यदि कार्यक्षेत्र में किसी काम को लेकर असमंजस की स्थिति बनी हो, तो आप उसको लेकर पूरा धैर्य दिखाएं। आपकी कुछ नया करने की कोशिश रंग लाएगी। आपको किसी पुरानी गलती से सबक लेना होगा।

**कर्क** आज का दिन आपके लिए मिलाजुला रहने वाला है। आपको काम को लेकर कोई बड़ी उपलब्धि हासिल हो सकती है। मौसम का विपरीत प्रभाव आपके स्वास्थ्य पर पड़ेगा। आपको गलत तरीके से धन कमाने से बचना होगा। आपकी कोई बात बनते बनते बिगड़ सकती है, जो विद्यार्थी विदेश जाकर पढ़ाई लिखाई करना चाहते हैं, उन्हें कोई अच्छी सफलता हासिल होगी। आपका कोई पुराना लेनदेन चुकता होगा।

**सिंह** आज का दिन आपके लिए कुछ समस्याएं लेकर आने वाला है। पारिवारिक जीवन में कुछ उथल-पुथल बनी रहेगी, जिससे आपको थोड़ी टेंशन भी रहेगी। आप थोड़ा धैर्य बनाकर ही कामों को करें। किसी से कोई वादा सोच समझकर करें। अपने कामों को कल पर टालने से बचें। धन को लेकर आप किसी से समझौता बिल्कुल ना करें, क्योंकि आपके उस धन के वापस मिलने की संभावना बहुत कम है। धार्मिक कार्यों में आपकी काफी रुचि रहेगी। आपको किसी पुरानी गलती से सबक लेना होगा।

**कन्या** आज आपको किसी जोखिम भरे काम में हाथ डालने से बचना होगा, क्योंकि इससे आपको कोई नुकसान होने की संभावना है। यदि आपका कोई सरकारी काम लंबे समय से रुका हुआ था, तो वह भी पूरा हो सकता है। आपकी कोई बात बनते बनते बिगड़ सकती हैं। आज आपको किसी अजनबी पर भरोसा करना नुकसान देगा। परिवार में किसी मांगलिक कार्यक्रम का आयोजन होने से माहौल को शुभ रहेगा और परिजनों का आना जाना लगा रहेगा। राजनीति में आपको कामों से एक अच्छी पहचान मिलेगी।

**तुला** आज का दिन आपके लिए योजना बनाकर चलने के लिए रहेगा। रियल एस्टेट से जुड़े लोगों के लिए आज दिन अच्छा रहने वाला है। आज आपके साहस और पराक्रम में वृद्धि होगी। आप सरकारी योजनाओं में धन लगाएंगे, उसमें आपको अच्छे सफलता मिलेगी। वाहनों की अक्समात खराबी के कारण आपका खर्च बढ़ने की संभावना है। आप अपनी आय और व्यय में संतुलन बनाकर चले। ससुराल पक्ष के किसी व्यक्ति से आपको कोई खुशखबरी सुनने को मिल सकती है।

**वृश्चिक** आज आपके कुछ विरोधी आपके कामों में रोड़ा अटकाने की कोशिश कर सकते हैं। आज आप अपने प्रभाव से लोगों को कम दिखाने की कोशिश करेंगे। आपको किसी काम को लेकर यदि कोई तनाव था, तो वह भी दूर होगा। संतान के करियर को लेकर आपको टेंशन हो सकती है। आप अपनी आंखों का खास ख्याल रखें, क्योंकि आपकी कोई पुरानी समस्या उभरेगी। आपको लेनदेन से संबंधित मामलों पर पूरा ध्यान देने की आवश्यकता है।

**धनु** आज आपकी वाणी की सौम्यता आपको मान सम्मान दिलवाएगी और किसी नई नौकरी के लिए आपको बुलावा आ सकता है। आप अपने बेफिजूल के खर्चों को करने में काफी धन व्यय करेंगे, जो बाद में आपकी मुश्किलों को बढ़ाएगा। आप किसी दूसरे के मामले में बेवजह ना बोले, नहीं तो आपकी मुश्किलें बढ़ सकती हैं। परिवारिक रिश्तो में एकता बनी रहेगी। आप किसी अजनबी के साथ पार्टनरशिप थोड़ा सोच समझकर करें और किसी घर, मकान आदि की खरीदारी के लिए आप कोई लोन भी अप्लाई कर सकते हैं।

**मकर** आज का दिन बिजनेस कर रहे लोगों के लिए बढ़िया रहने वाला है। आज आपको कामों से एक नई पहचान मिलेगी और आपकी कोई डील फाइनल होते-होते अटक सकती है, जो आपकी समस्याओं को बढ़ाएगी। आप अपने धन और समय दोनों का सदुपयोग करें, नहीं तो बाद में आपको धन की समस्याओं का सामना करना पड़ सकता है। आपको अपने आसपास रह रहे लोगों को पहचानकर चलना होगा, क्योंकि कुछ आपके मित्र के रूप में आपके शत्रु हो सकते हैं। परिवार में किसी सदस्य की ओर से कोई निराशाजनक सूचना सुनने को मिल सकती हैं।

**कुंभ** आज का दिन आपके लिए बढ़िया रहने वाला है। आज आपकी कार्यकुशलता में वृद्धि होगी। आपको वाहनों का प्रयोग थोड़ा सावधान रहकर करना होगा और आप अपनी संतान को कहीं पिकनिक आदि पर लेकर जाने की योजना बना सकते हैं। ऑनलाइन काम कर रहे लोगों को अच्छी सफलता हासिल होगी। आपको कुछ नए संपर्कों से भी लाभ मिलेगा। बिजनेस में रुकी हुई डील फाइनल होने से आपकी आर्थिक स्थिति भी बेहतर होगी।

**मीन** आज आपके चारों ओर का वातावरण खुशनुमा रहेगा। आपको एक के बाद एक शुभ सूचना सुनने को मिलेगी और आपकी अपने पिताजी से किसी बात को लेकर खटपट होने की संभावना है, क्योंकि आप अपने कामों को लेकर थोड़ी जल्दबाजी दिखा सकते हैं। वैवाहिक जीवन में आपको थोड़ा धैर्य संयम बनाए रखना होगा। आपकी कोई गलती परिवार के सदस्यों के सामने आ सकती हैं, जिसके लिए आप अपने परिवार के सदस्यों से माफ़ी मांगेंगे।

# भारत में पुतिन की मौजूदगी: वैश्विक शक्ति संतुलन पर बड़ा संदेश

**सुनील कुमार महला**

रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के दो दिवसीय भारत के दौरे पर हैं। यात्रा का दूसरा दिन दोनों देशों की रणनीतिक साझेदारी के लिए ऐतिहासिक साबित हुआ। राष्ट्रपति भवन में औपचारिक स्वागत समारोह और राजघाट पर महात्मा गांधी को श्रद्धांजलि के बाद पुतिन और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की हैदराबाद हाउस में विस्तृत द्विपक्षीय वार्ता हुई। इस बैठक में व्यापार, रक्षा, ऊर्जा, परमाणु तकनीक और आतंकवाद जैसे प्रमुख क्षेत्रों में बहुपक्षीय सहयोग पर सहमति बनी। सबसे बड़ी बात यह है कि आतंकवाद पर दोनों देश एक साथ आगे आएं हैं और दोनों देशों के बीच 100 अरब डॉलर व्यापार लक्ष्य पर सहमति बनी है,जो बहुत ही महत्वपूर्ण और अहम् है। गौरतलब है कि रूस के राष्ट्रपति के इस दौरे से भारत-रूस के बीच अहम करार किया गया है तथा 2030 तक आर्थिक समझौते पर मुहर लग गई है। रूस के राष्ट्रपति पुतिन ने ऊर्जा आपूर्ति पर अमरीका को अप्रत्यक्ष संदेश देते हुए कहा कि रूस किसी दबाव में नहीं झुकेगा और भारत को ईंधन निरंतर उपलब्ध कराता रहेगा। यहां पाठकों को बताता चलूं कि कुछ समय पहले अमेरिका ने भारत की ईंधन आपूर्ति, खासतौर पर रूस से कच्चे तेल की बढ़ती खरीद पर यह कहा था कि इससे रूस को आर्थिक मजबूती मिलती है और अप्रत्यक्ष रूप से यूक्रेन युद्ध को समर्थन मिलता है। अमेरिकी प्रशासन ने भारत से अपील की थी कि वह रूसी तेल पर अपनी निर्भरता कम करे और वैकल्पिक स्त्रोतों से ऊर्जा खरीद बढ़ाए। साथ ही अमेरिका ने यह भी माना कि भारत अपनी ऊर्जा सुरक्षा और सस्ती कीमतों को ध्यान में रखकर फैसले ले रहा है, इसलिए उस पर सीधे प्रतिबंध नहीं लगाए गए, बल्कि इसे एक 'राजनयिक चिंता' के रूप में रखा गया। हालांकि, भारत ने जवाब में यह साफ कहा था कि उसकी तेल आयात नीति पूरी तरह राष्ट्रीय हित और आम जनता को सस्ता ईंधन उपलब्ध कराने के उद्देश्य से तय होती है। हाल फिलहाल, गौरतलब है कि टूरिज्म, शिक्षा और कारोबारी आवाजाही बढ़ाने की दिशा में प्रधानमंत्री मोदी ने रूसी नागरिकों के लिए 30 दिनों की निःशुल्क वीजा व्यवस्था की घोषणा की है। उपलब्ध जानकारी के अनुसार यह सुविधा समूहों पर भी लागू होगी। इसके साथ ही मैनपावर मोबिलिटी एग्रीमेंट के जरिए भारत से प्रशिक्षित जनशक्ति रूस में रोजगार के अवसर प्राप्त करेगी। पुतिन ने बताया कि रूस भारत को पोर्टेबल न्यूक्लियर टेक्नोलॉजी उपलब्ध कराएगा, जिससे स्वच्छ और सुरक्षित ऊर्जा क्षमताओं में वृद्धि होगी। बैठक में स्वास्थ्य, शिक्षा, खाद्य सुरक्षा, शिपिंग, ट्रांसपोर्ट, उर्वरक, कस्टम और डाक सेवा से संबंधित समझौतों पर भी हस्ताक्षर किए गए। वास्तव में, दोनों देशों के बीच इन करारों से आने वाले वर्षों में भारत-रूस सहयोग को बहुआयामी गति मिलेगी और दोनों देश वैश्विक चुनौतियों का संयुक्त रूप से सामना करने की स्थिति में अधिक सक्षम बनेंगे। हमारे देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने संयुक्त प्रेस वार्ता में यह बात कही है कि भारत-रूस संबंध वैश्विक उतार-चढ़ाव के बावजूद आठ दशकों से एक ध्रुव तारे की तरह स्थिर रहे हैं। भारत और रूस ने 2030 तक के लिए व्यापक आर्थिक सहयोग विजन को अंतिम रूप दिया है, जिसके तहत दोनों देशों ने सौ अरब डॉलर के द्विपक्षीय व्यापार लक्ष्य को हासिल करने का संकल्प जताया। मोदी ने कहा कि इस साझेदारी से वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला, ऊर्जा स्थिरता और रक्षा प्रौद्योगिकी में नए आयाम खुलेंगे। यूक्रेन मुद्दे पर भी दोनों



नेताओं के बीच संवाद हुआ। बहरहाल, कहना ग़लत नहीं होगा कि भारत सदियों सदियों से शांति, संयम और संवाद का पक्षधर देश रहा है। इसकी विदेश नीति का मूल आधार ही 'वसुधैव कुटुम्बकम्' की भावना पर टिका है, जिसका अर्थ है-पूरी दुनिया एक परिवार है। पाठक जानते हैं कि भारत हमेशा से संघर्ष की बजाय समाधान, टकराव की बजाय सहयोग और युद्ध की बजाय शांति का समर्थन करता रहा है। चाहे सीमा विवाद हों, अंतरराष्ट्रीय तनाव हों या वैश्विक संकट-भारत ने हर मंच पर संयम, कूटनीति और लोकतांत्रिक मूल्यों के माध्यम से समाधान निकालने पर ज़ोर दिया है। यही कारण है कि भारत आज विश्व में एक जिम्मेदार, संतुलित और विश्वसनीय राष्ट्र के रूप में पहचाना जाता है।इसी क्रम में राष्ट्रपति पुतिन के भारत यात्रा के दौरान भारत ने यह स्पष्ट किया कि वह किसी पक्ष का समर्थक नहीं, बल्कि दीर्घकालिक शांति व्यवस्था का पक्षधर है और मानता है कि संघर्ष का समाधान संवाद से ही संभव है। आतंकवाद को मानवता के लिए प्रत्यक्ष संकट बताते हुए दोनों देशों ने इसके खिलाफ संयुक्त अभियान पर सहमति जताई। बहरहाल, पाठकों को बताता चलूं कि भारत इस समय अमेरिका से व्यापार समझौते की बात कर रहा है, ताकि रूस से तेल खरीदने पर अमेरिका जो भारी टैक्स (शुल्क) लगा रहा है, उसमें राहत मिल सके। इसी बीच रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन चार साल बाद भारत आए। वास्तव में, राष्ट्रपति पुतिन का यह दौरा केवल औपचारिक नहीं था, बल्कि इसके पीछे गहरी कूटनीतिक रणनीति छिपी थी।पुतिन और प्रधानमंत्री मोदी के बीच जिस तरह की गर्मजोशी दिखी, उससे यह साफ हुआ कि भारत और रूस की दोस्ती आज भी बहुत मजबूत है, जो सोवियत संघ के समय से चली आ रही है। 2021 के बाद दुनिया बहुत बदल चुकी है।पाठक जानते होंगे कि रूस-यूक्रेन युद्ध, इज़राइल-गाज़ा संघर्ष और अमेरिका की नई टैरिफ नीति ने पूरी दुनिया की अर्थव्यवस्था को हिला दिया है। इस दौरे के जरिए पुतिन ने दुनिया को यह संदेश दिया है कि रूस अकेला नहीं है, और उसे भारत जैसा मजबूत साथी मिला हुआ है। वहीं भारत के लिए यह दौरा एक संतुलन बनाने का मौका था, ताकि वह अमेरिका और रूस दोनों से अच्छे रिश्ते बनाए रख सके। पुतिन ने साफ कहा कि रूस भारत को तेल और ईंधन की आपूर्ति बिना रुके करता रहेगा। गौरतलब है कि रूस भारत के कुडनकुलम परमाणु बिजलीघर में भी बड़ा सहयोगी है। इसके अलावा भारत ने अब रूसी नागरिकों को 30 दिन का मुफ्त ई-पर्यटक वीजा देने की भी बात कही है, जिससे दोनों देशों के बीच सांस्कृतिक संबंध और मजबूत होंगे।दोनों देश चाहते हैं कि 2025 तक 50 अरब डॉलर का आपसी निवेश हो और जैसा कि ऊपर बता चुका हूं कि 2030 तक 100 अरब डॉलर का व्यापार पूरा किया जाए।इसके लिए मुक्त व्यापार समझौते पर भी बात आगे बढ़ी है। प्रधानमंत्री मोदी ने भारत-रूस रिश्तों को 'ध्रुव तारे की तरह अटल' बताया है, यानी हमेशा स्थिर रहने वाला। वहीं पुतिन ने कहा कि बाहरी दबाव के बावजूद भारत रिश्तों को मजबूत बना रहा है। अंत में यही कहूंगा कि सबसे बड़ा संदेश यही है कि दुनिया में चाहे जितने तनाव हों, भारत और रूस की दोस्ती इन सब से ऊपर बनी रहेगी।

एक नजर

## एनएमडीसी ने आईआईटी कानपुर के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किया



**हैदराबाद, 6 दिसंबर।** भारत के सबसे बड़े लौह अयस्क उत्पादक एनएमडीसी ने उद्योग-शैक्षणिक सहयोग को मजबूत बनाने की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम उठाते हुए भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) कानपुर के साथ एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए हैं । इस पहल के तहत एनएमडीसी के प्रचालनों में साइबर सुरक्षा के क्षेत्रों में नई पहल की सुविधा प्रदान करने और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) और मशीन लर्निंग (एमएल) सहित आधुनिक डिजिटल प्रौद्योगिकियों को बढ़ावा दिया जाएगा । इस समझौता ज्ञापन पर एनएमडीसी की ओर से श्री सत्येंद्र राय, अधिशासी निदेशक (डिजिटल ट्रांसफॉर्मेशन) और प्रोफेसर अशोक डे, डीन, आर एंड डी, आईआईटी कानपुर ने प्रो. मनिंद्र अग्रवाल, निदेशक, आईआईटी कानपुर, एनएमडीसी के वरिष्ठ अधिकारियों और आईआईटी कानपुर के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में हस्ताक्षर किए । इस साझेदारी के माध्यम से एनएमडीसी साइबर सुरक्षा जोखिम आकलन; नीति, शासन और अनुपालन समर्थन; आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) और मशीन लर्निंग (एमएल) एकीकरण और उन्नयन; सुरक्षा संचालन और घटना प्रतिक्रिया; क्षमता निर्माण और ज्ञान साझा करना; और संयुक्त अनुसंधान और नवाचार जैसे प्रमुख क्षेत्रों में आईआईटी कानपुर के साथ काम करेगा । इसके अतिरिक्त, एनएमडीसी और आईआईटी कानपुर संयुक्त रूप से प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित करेंगे, अनुसंधान गतिविधियां करेंगे, पायलट परियोजनाएं चलाएंगे और प्रूफ-ऑफ-कॉन्सेप्ट समाधान का सामूहिक रूप से विकास करेंगे । श्री अमिताभ मुखर्जी, अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक, एनएमडीसी ने इस साझेदारी पर कहा, "यह समझौता ज्ञापन एनएमडीसी के व्यापक परिचालन पारिस्थितिकी तंत्र में आईआईटी कानपुर की उन्नत अनुसंधान क्षमताओं को समाहित करेगा । यह सहयोग हमें अपनी डिजिटल सुरक्षा को मजबूत करने, परिचालन इंटेलिजेंस में सुधार करने और एनएमडीसी के लिए एक सुरक्षित और भविष्य के अनुरूप तकनीकी आधार बनाने में मदद करेगा । यह समझौता ज्ञापन डिजिटल रूप से मजबूत और भविष्य के लिए तैयार खनन संगठन बनने की एनएमडीसी की प्रतिबद्धता को दर्शाता है ।

## धान खरीदी केंद्र ढाबा सोसाइटी का कोमल सिंह राजपूत ने किया निरीक्षण

**राजनांदगांव 06 दिसंबर।** भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत ने आज जिला भाजपा के पदाधिकारियों के साथ ढाबा सोसाइटी धान खरीदी केंद्र का निरीक्षण किया, निरीक्षण में प्रशासन द्वारा की गई चाक चौबंद व्यवस्था और पारदर्शिता एवं सुचारू रूप से धान खरीदी तैयारी पर संतोष व्यक्त करते हुए कहा कि प्रदेश की विष्णुदेव साय सरकार ने छत्तीसगढ़ में धान खरीदी का सर्वाधिक मूल्य दिया, और प्रति एकड़ 21 क्विंटल धान भी नियमित रूप से खरीदी की जा रही है ।और शासन द्वारा समय पर धान का भुगतान भी डिजिटल माध्यम से किया जा रहा है,निरीक्षण के दौरान किसानों ने बताया कि प्रतिदिन धान खरीदी की लिमिट सीमा बहुत कम है जिसके कारण धान खरीदी की निर्धारित समय तक पूरा ध्यान खरीदी कर पाना शासन के लिए संभव नहीं होगा, इसलिए प्रतिदिन दैनिक खरीदी की सीमा बढ़ाए जाने हेतु कोमल सिंह राजपूत ने जिलाधीश महोदय को पत्र लिखकर किसानो की प्रमुख समस्या के लिए निवेदन किया और कहा गया कि दैनिक लिमिट कम होने से एप्प में प्राप्त टोकन भी जारी नहीं हो पा रहा है ।जिसके कारण कृषकों में असंतोष है,इसलिए इस संबंध में डीओ / टी ओ अति शीघ्र जारी करने का आग्रह पत्र के माध्यम से किया गया । इस दौरान प्रमुख रूप से जिला उपाध्यक्ष तरुण लहरवानी, आलोक श्रोती, हरीश साहू, धर्मेन्द्र चौहान सहित भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# दो दशकों से एक छोटे कमरे में बंद लीशा को समाज कल्याण विभाग ने दिया संरक्षण

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**जगदलपुर,06 दिसंबर।** जिले के बकावंड विकासखंड के आवास पारा निवासी लीशा मौर्य, जो लगभग दो दशकों से घर के एक छोटे से कमरे में अकेले जीवन जीने को मजबूर थीं, अब समाज कल्याण विभाग की देख-रेख में सुरक्षित जीवन बिता रही हैं। लीशा के नाना रतीराम द्वारा अगस्त 2024 में जिला प्रशासन एवं समाज कल्याण विभाग के समक्ष उनकी स्थिति बताई गई, जिसके बाद विभाग ने तत्काल संज्ञान लेते हुए पूरी प्रक्रिया को संवेदनशीलता और तत्परता के साथ आगे बढ़ाया। नाना रतीराम ने समाज कल्याण विभाग को बताया कि लीशा की माता का निधन कई वर्ष पूर्व हुआ। पिता दूसरी शादी कर अलग गांव में रहते हैं।बचपन में स्कूल जाते समय मिली धमकी के बाद लीशा मानसिक रूप से असहज रहने लगीं। नाना खेती-बारी में व्यस्त रहते थे, इसलिए सुरक्षा के चलते उन्हें घर के सामने बने छोटे कमरे में रखा जाता था । समय के साथ लीशा की दृष्टि भी चली गई, और इसी स्थिति में लगभग 20 वर्षों का समय बीता।

लीशा की भोजन, कपड़े और दैनिक जरूरतों की पूर्ति नाना के माध्यम से होती थी, परंतु देखभाल का स्थायी विकल्प उपलब्ध नहीं था। नाना रतीराम से जानकारी मिलने के अगले ही दिन समाज कल्याण विभाग की टीम लीशा के घर पहुंची। टीम ने लीशा को कमरे से निकालकर साफ-सफाई करवाई । अगले दिन चिकित्सा महाविद्यालय डिमरापाल में स्वास्थ्य परीक्षण और उपचार की व्यवस्था की गई। इसके बाद बस्तर दिव्यांग सेवा समिति द्वारा संचालित आशीर्वाद घरौंदा गृह, ग्राम कोलचूर में लीशा को सुरक्षित रूप से प्रवेशित कराया गया । संस्था में रहने के दौरान लीशा का नेत्र उपचार और ऑपरेशन भी चिकित्सा महाविद्यालय में कराया गया, लेकिन दृष्टि वापस नहीं आ सकी। 13 जुलाई 2025 को नाना रतीराम के निधन के बाद लीशा के लिए संस्था ही स्थायी निवास बन गया है। संस्था प्रबंधन के अनुसारः- लीशा वर्तमान में स्वस्थ हैं। वे दैनिक क्रियाकलाप स्वयं अपने स्थान पर कर लेती हैं। आवाज देने पर प्रतिक्रिया देती हैं, हल्की-फुल्की बातचीत भी करती हैं। अन्य सदस्यों के साथ भी उनका नियमित संवाद बना हुआ है। समाज कल्याण विभाग की समय पर कार्रवाई ने लीशा को असुरक्षा, उपेक्षा और एकाकी जीवन से बाहर निकालकर एक सुरक्षित और मानवीय वातावरण में नया जीवन प्रदान किया है।

### रावे ग्राम बड़े मारेंगा और तेली मारेंगा में कृषक प्रशिक्षण एवं पशु टीकाकरण शिविर का किया आयोजन

# 60 से अधिक पशुओं का निशुल्क टीकाकरण किसानों ने दिखाई उत्साहपूर्ण भागीदारी

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**जगदलपुर, 06 दिसंबर।** कृषि और पशुपालन को नई दिशा देने के उद्देश्य से शहीद गुंडाधुर कृषि महाविद्यालय एवं अनुसंधान केंद्र, जगदलपुर ने एक महत्वपूर्ण पहल की है। परिक्षेत्रीय कृषि अनुसंधान केंद्र और शहीद गुंडाधुर कृषि महाविद्यालय एवं अनुसंधान केंद्र के संयुक्त तत्वावधान में अखिल भारतीय समन्वित शुष्क कृषि अनुसंधान परियोजना के तहत पशु चिकित्सा विभाग के सहयोग से ग्राम बड़े मारेंगा और तेली मारेंगा में एक दिवसीय कृषक प्रशिक्षण सह पशु टीकाकरण कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया।

इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण किसानों को आधुनिक कृषि तकनीकों और वैज्ञानिक पद्धति आधारित पशुपालन की बारीकियों से अवगत कराना था। प्रशिक्षण के दौरान वैज्ञानिकों ने पशुओं में होने वाली प्रमुख बीमारियों, उनके लक्षण, उपचार और सबसे महत्वपूर्ण, नियमित टीकाकरण के महत्व के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी प्रदान की। साथ ही किसानों को उन्नत गाय एवं बकरी पालन की तकनीकें, पशु स्वास्थ्य संरक्षण के लिए उचित दवा तथा आहार प्रबंधन संबंधी आवश्यक सुझाव भी दिए गए। कार्यक्रम के दौरान रावे (ग्रामीण कृषि कार्य अनुभव) के विद्यार्थियों ने ग्रामीणों को टीकाकरण का महत्व समझाते हुए उनके पशुओं के मोबालाइजेशन में सहयोग किया, जिससे अधिकाधिक पशुपालक इस सुविधा का लाभ उठा सकें। इस पहल के परिणामस्वरूप पशु चिकित्सा विभाग के सहयोग से 60 से अधिक पशुओं का निरूशुल्क टीकाकरण किया गया और किसानों के बीच आवश्यक दवाइयाँ भी वितरित की गईं। स्थानीय किसानों ने इस कार्यक्रम में सक्रिय भागीदारी दिखाई, जो क्षेत्र में कृषि विस्तार और पशु स्वास्थ्य के प्रति बढ़ती जागरूकता का संकेत है। कार्यक्रम के सफल संचालन में डॉ. अश्विनी ठाकुर, डॉ. टी. चंद्राकर, डॉ. नीता मिश्रा, डॉ. आलोक भार्गव, डॉ. महेश भुकिया, इंजीनियर गंगाधर, संदीप कुमार तथा राम अवध भारती का विशेष सहयोग रहा, जबकि शहीद गुंडाधुर कृषि महाविद्यालय एवं अनुसंधान केंद्र के छात्रों ने भी प्रशिक्षण एवं टीकाकरण गतिविधियों में सक्रिय योगदान दिया।

# पाथरी के जंगल से बरामद हुआ एक नवजात, उपचार के लिए मेकॉज भिजवाया

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**जगदलपुर,06 दिसंबर।** बस्तर जिले के करपावंड थाना क्षेत्र अंर्तगत ग्राम पाथरी के जंगल में एक मां ने अपने नवजात बच्चें को जंगल मे छोड़ फरार हो गई, घटना की सूचना पर पुलिस ने बच्चे को उपचार के लिए मेकॉज में भर्ती करवाया है। थाना करपावंड से मिली जानकारी के अनुसार आज शुक्रवार को ग्राम के पाथरी के जंगल में एक बच्चा लकड़ी बिनने के लिए गया हुआ था, जहां जंगल मे लकड़ी बिनने के दौरान झाड़ियों के बीच मे एक बच्चा दिखाई दिया, जिसके बाद बच्चे ने इस मामले की जानकारी गांव के लोगो को दी, गांव वाले तत्काल जंगल पहुंचकर नवजात बच्चे को बरामद कर इसकी सूचना करपावंड पुलिस को दिया गया, गांव की मितानिन को बुलाकर बच्चे को उपचार के लिए बकावंड अस्पताल ले जाया गया, जहां से उसे बेहतर उपचार के लिए मेकॉज भिजवाया गया है। इस घटना के बाद पुलिस बच्चे के मां की तलाश में आस-पास के गांव वालों से इस मामले को लेकर पता-साजी कर रही है, लेकिन अब तक महिला के बारे में कोई भी जानकारी नही मिली है, वही मितानिन के साथ ही गांव मे मुखबिर भी लगाया गया है, जिससे कि महिला का पता चल सके कि आखिरकार किसने बच्चे को झाड़ियों में फेंका है। बता दें कि कुछ दिन पहले इसी तरह मेकॉज के सामने बने डिमरापाल आश्रम के पास किसी महिला ने एक नवजात को जंगल मे छोड़ दिया था, जिसे उपचार के लिए लाया गया था, 2 दिन तक चले उपचार के बाद आखिरकार बच्चे ने दम तोड़ दिया था।

# विभिन्न निर्माण कार्यों का अवलोकन करने पहुंचे महापौर

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**जगदलपुर,06 दिसंबर।** महापौर संजय पाण्डे डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी सभागार (टाउन हॉल) में जारी निर्माण एवं मरम्मत कार्यों का निरीक्षण करने पहुंचे। दरअसल सभागार को नया स्वरूप देने के उद्देश्य से चल रहे कार्यों की प्रगति देखने महापौर टाउन हॉल पहुंचे थे। महापौर ने गुणवत्ता एवं समयबद्धता का विशेष ध्यान रखने के लिए कहा, साथ ही यह भी कहा कि टाउन हॉल शहर की सांस्कृतिक पहचान है, नगर निगम इसे नए स्वरूप में विकसित कर रहा हैं ताकि जगदलपुरवासी बेहतर सुविधाओं के साथ इस ऐतिहासिक सभागार का उपयोग कर सकें। हमारा प्रयास है कि मरम्मत कार्य जल्द पूरा हो और यह स्थल फिर से शहर की गतिविधियों का प्रमुख केंद्र बने। टाउन हॉल में आवश्यक मरम्मत, संरचनात्मक सुधार, आंतरिक उन्नयन और सौंदर्यीकरण का कार्य चल रहा है। सभी कार्य निर्धारित मानकों के अनुसार किए जा रहे हैं और जल्द ही इसे जनता के लिए विकसित स्वरूप में उपलब्ध कराया जाएगा। इसके बाद संजय पाण्डे नगर निगम जगदलपुर क्षेत्र के अंतर्गत क्रिकेट बॉक्स यूनिट निर्माण कार्य स्थल का विजिट करने पहुंचे। ज्ञात हो कि कुछ दिन पूर्व ही इस कार्य का भूमिपूजन प्रदेश अध्यक्ष एवं जगदलपुर विधायक किरण सिंह देव सहित अन्य जनप्रतिनिधियों ने किया था। डीएमएफटी मद अंतर्गत नगर निगम जगदलपुर में क्रिकेट बॉक्स यूनिट निर्माण कार्य किया जा रहा है। जिसकी लागत 20 लाख रुपये है। महापौर श्री संजय पांडे ने कहा कि नगर निगम शहर में खेल सुविधाओं के विस्तार के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने बताया कि क्रिकेट बॉक्स यूनिट निर्माण से स्थानीय युवाओं को बेहतर प्रशिक्षण और अभ्यास की सुविधा मिलेगी। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों को गुणवत्ता और समय-सीमा का विशेष ध्यान रखने के लिए कहा।

समाचार संक्षेप

## डाक जीवन बीमा के तहत 11 लाख का मृत्यु दावा भुगतान किया गया



**कोंडागांव 06 दिसंबर(तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** विकासखंड कोंडागांव के ग्राम गिरोला निवासी धनीराम पोयाम ने भारतीय डाक विभाग से वर्ष 2019 में आठ लाख रुपये का डाक जीवन बीमा लिया था जिसमें उन्होंने लगभग 90 हजार रुपये का प्रीमियम जमा किया था और कुछ दिन पूर्व उनकी आकस्मिक मृत्यु हो गई। जिस पर डाक विभाग ने त्वरित कार्यवाही करते हुए नामिनी उनकी पत्नी श्रीमती जगबती पोयाम को बीमा सहित ब्याज की राशि 11 लाख रुपये उनके बचत खाते में अंतरित कर प्रदान किया गया। नॉमिनी श्रीमती पोयाम ने डाकघर के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा डाक जीवन बीमा सभी को अवश्य कराना चाहिए। इस मौके पर उपसंभागीय निरीक्षक आरएस मिश्रा, उपडाकपाल एसएल गोटी, शाखा डाकपाल गिरोला विदोस दिवान, नईम खान, डिकेश मिर्झा, अनिल दिवान, आईपीपीबी मैनेजर प्रीतम कुमार गुप्ता सहित डाकघर के कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

## दो दशक में सिंचित रकबा सिर्फ 1 हजार हेक्टेयर ही बढ़ा

**जगदलपुर 06 दिसंबर(तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** बस्तर जिले में सिंचाई सुविधाओं को सुदृढ़ बनाने के लिए सिंचाई विभाग द्वारा बीते दो दशकों में लगभग 300 करोड़ रुपये व्यय किए गए, लेकिन इन वर्षों में सिंचित क्षेत्र में अपेक्षित विस्तार नहीं हो पाया। आधिकारिक रिकार्ड के अनुसार वर्ष 2003 में जिले का सिंचित रकबा 11,925 हेक्टेयर था, जो वर्ष 2019 तंक बढ़कर केवल 32 हजार हेक्टेयर तक पहुंचा। वर्तमान स्थिति में विभाग सिंचित क्षेत्र को 37 हजार हेक्टेयर बताता है, लेकिन यह वृद्धि प्रति वर्ष औसतन सिर्फ1,000 हेक्टेयर ही बैठती है, जो विभाग की कार्यकुशलता पर गंभीर सवाल उठाती है। किसान संगठनों ने मांग की है कि जिले में संचालित सभी सिंचाई योजनाओं की व्यापक तकनीकी समीक्षा की जाए और लापरवाही पाए जाने पर संबंधित अधिकारियों पर कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। जिले में इस समय 7 प्रमुख, 7 मध्यम, 31 लघु सिंचाई योजनाएँ और 40 लिफ्ट सिंचाई परियोजनाएँ शामिल हैं। कागजों में इन परियोजनाओं से किसानों को पर्याप्त सिंचाई उपलब्ध कराई जा रही है, लेकिन वास्तविकता अलग है। कई जगह नहरों की स्थिति खराब है, पानी वितरण प्रणाली कमजोर है और अनेक लिफ्ट सिंचाई योजनाएँ अभाव में बंद पड़ी है। तकनीकी खराबियों या मेंटेनेंस के अभाव में बंद पड़ी हैं। खरीफऔर रबी दोनों ही मौसमों में किसानों को समय पर पानी न मिलने की समस्या बनी रहती है। चाह कर भी किसान रबी की फसल नहीं ले पा रहे है। नई रियोजनाओं की स्वीकृति और निर्माण की रफ्तार काफी धीमी है, जबकि पुराने कार्यों के रखरखाव पर भी अपेक्षित ध्यान नहीं दिया जा रहा। नतीजतन सिंचाई विस्तार पर व्यय किया गया भारी बजट जमीनी स्तर पर प्रभावी परिणाम नहीं दे रहा है। किसानों का कहना है कि नहरों की मरम्मत और बंद पड़ी लिफ्ट योजनाओं को पुनः शुरू करने जैसे ठोस कामों में विभाग ने कोई पहल नहीं की है। कई परियोजनाएं सिर्फ रिपोटों और प्रगति पुस्तिकाओं में ही सफल दिखाई देती हैं, जबकि खेतों में पानी का अभाव अब भी गंभीर समस्या बना हुआ है। किसानों की मांग है, पानी की व्यवस्था दुरुस्त करने नहरों को मरम्मत किया जाए।

## उल्लूर घाटी में मिला 8 किलो का कुकर बम, किया निष्क्रिय

**बीजापुर 06 दिसंबर(तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** नक्सल गतिविधियों पर लगातार निगरानी रखते हुए सुरक्षा बलों ने उल्लूर घाटी में बड़ी सफलता हासिल की है। 62वीं वाहिनी सीआरपीएफ के जवानों ने नेशनल पार्क इलाके में पगडंडी मार्ग पर लगाए गए लगभग 8 किलो के कुकर आईईडी को समय रहते निष्क्रिय कर बड़ा हादसा टाल दिया। जानकारी के अनुसार, सीआरपीएफ 62 बटालियन की टीम आज सुबह नियमित गश्त पर निकली थी। इसी दौरान जंगल के पगडंडी रास्ते पर दबाव आधारित कुकर आईईडी मिला। बम डिस्पोजल टीम ने मौके पर पहुंचकर तकनीकी प्रक्रिया के तहत आईईडी को सुरक्षित रूप से नष्ट किया। सर्चिंग के दौरान जवानों को अन्य नक्सली सामग्री भी बरामद हुई, जिसमें दो भरमार बंदूकें, तीन देसी बम, लगभग 43 फीट लचीला इलेक्ट्रिक वायर, चार सेल बैटरी और एक प्लास्टिक ड्रम शामिल है। सभी विस्फोटक सामग्री को नष्ट कर दिया गया ताकि नक्सली इसका पुनः उपयोग न कर सकें। सहायक कमांडर दुर्गानंदन श्रीवास्तव ने बताया कि इस क्षेत्र में नक्सली सुरक्षा बलों की आवाजाही बाधित करने के लिए आईईडी और अन्य विस्फोटक लगाने की कोशिशें लगातार कर रहे हैं, लेकिन जवानों की सतर्कता से ये प्रयास असफल हो रहे हैं। जंगलों में दबाव बनाए रखने और नक्सली गतिविधियों की रोकथाम के लिए सर्चिंग अभियान आगे भी जारी रहेगा। जवानों की सतर्कता से न सिर्फबड़ा हादसा टला, बल्कि इलाके में नक्सलियों की हरकतों पर अंकुश भी लगाया गया

## लापता पुलिस लाइन में पदस्थ आरक्षक का शव आसना जंगल में मिला

**जगदलपुर, 6 दिसंबर।** बस्तर जिला मुख्यालय के पुलिस लाइन



में पदस्थ आरक्षक डमरू नायक तीन दिसंबर से लापता हो गया था। जिसके बाद परिजनों ने उसके गुम होने का मामला कोतवाली थाने में दर्ज कराया। आज शुक्रवार को आसना के जंगल में आरक्षक का शव पेड़ में लटका देखे जाने की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंचकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। वहीं मामले को देखने से प्रथम दृष्टया आरक्षक ने व्यक्तिगत परेशानियों के चलते आत्महत्या की होगी।

### परीक्षा 7 दिसम्बर को, व्यापमं द्वारा जारी दिशा-निर्देशों का पालन करने की अपील

# अमीन भर्ती परीक्षा : जिले में स्थापित 44 केन्द्रों में सम्मिलित होंगे 9554 परीक्षार्थी

■ परीक्षा केन्द्रों में बिना जेब वाले स्वेटर पहनकर आने की होगी अनुमति

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**कांकेर, 06 दिसम्बर।** छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मण्डल रायपुर द्वारा अमीन भर्ती परीक्षा-2025 आगामी 07 दिसम्बर को आयोजित की जाएगी। कलेक्टर श्री निलेश कुमार महादेव क्षीरसागर ने परीक्षा की तैयारियों को लेकर आवश्यक निर्देश दिए हैं। उन्होंने बताया कि उक्त परीक्षा के लिए जिले में कुल 44 परीक्षा केन्द्र स्थापित किए गए हैं, जहां 09 हजार 554 पंजीकृत अभ्यर्थी शामिल होंगे। परीक्षा पारदर्शिता और निष्पक्षतापूर्वक सम्पन्न हो, इसके लिए छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मण्डल रायपुर द्वारा अभ्यर्थियों हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं। परीक्षा की नोडल अधिकारी एवं डिप्टी कलेक्टर श्रीमती आस्था बोरकर ने बताया कि कलेक्टर द्वारा जिले के परीक्षा केन्द्रों में व्यापमं द्वारा जारी निर्देश और मापदण्डानुसार सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के लिए निर्देशित किया गया है। उन्होंने यह भी बताया कि व्यापमं द्वारा अभ्यर्थियों के लिए जारी दिशानिर्देश के अनुरूप परीक्षार्थियों को परीक्षा प्रारंभ होने के कम से कम 2 घंटे पूर्व पहुंचना होगा, जिससे उनकी समय पर फ्रिस्किंग गहनता से की जा सके एवं पहचान पत्र का सत्यापन किया जा सके। यह भी बताया गया कि परीक्षा प्रारंभ होने के 30 मिनट पूर्व परीक्षा केन्द्र का मुख्य द्वार बंद कर दिया जायेगा।

व्यापमं द्वारा जारी निर्देशों का हवाला देते हुए नोडल अधिकारी ने जानकारी देते हुए बताया कि परीक्षार्थी हल्के रंग की आधी बांह वाले कपड़े पहनकर परीक्षा देने आएं। काले, गहरे नीले, गहरे हरे. जामुनी, मैरून, बैगनी रंग व गहरे चॉकलेटी रंग का कपड़े पहनकर परीक्षा में सम्मिलित होने की अनुमति नहीं होगी। केवल साधारण स्वेटर (बिना पॉकेट) की अनुमति है। सुरक्षा जांच के समय स्वेटर को उतारकर सुरक्षा कर्मी से जांच कराना होगा। इसके अलावा फुटवियर के रूप में चप्पल पहनने के निर्देश दिए गए हैं, कानों में किसी भी प्रकार का आभूषण वर्जित है। परीक्षा प्रारंभ होने के पहले आधा घंटा में एवं परीक्षा समाप्ति के आखिरी आधा घंटा में परीक्षा कक्ष से बाहर जाना वर्जित है। इसी तरह परीक्षा कक्ष में किसी भी प्रकार का संचार उपकरण, इलेक्ट्रॉनिक उपकरण, इलेक्ट्रॉनिक घड़ी, पर्स, पाउच, स्कार्फ, बेल्ट, टोपी आदि ले जाना पूर्णतः वर्जित रहेगा। प्रवेश पत्र के सभी पेज का प्रिंट आउट लेकर और पेज के केवल एक तरफप्रिंट कराने कहा गया है, क्योंकि प्रत्येक परीक्षा हेतु व्यापम की प्रति परीक्षा केंद्र में जमा हो जाएगी। उन्होंने यह भी बताया कि परीक्षार्थी को परीक्षा हेतु प्रवेश पत्र के साथ पहचान पत्र के रूप में मतदाता पहचान पत्र, ड्राइविंग लाइसेंस, पैन कार्ड, आधार कार्ड जिसमें अभ्यर्थी का फोटो हो, उसका एक मूल पहचान पत्र परीक्षा दिवस में परीक्षा केन्द्र में लाना अनिवार्य होगा। मूल पहचान पत्र प्रस्तुत नहीं करने पर परीक्षा केन्द्र में प्रवेश नहीं दिया जाएगा, जिसके लिए अभ्यर्थी स्वयं जिम्मेदार होंगे। यदि इंटरनेट से प्राप्त प्रवेश पत्र पर फोटो नहीं आता है, तो अभ्यर्थी अपने साथ दो रंगीन पासपोर्ट साइज फोटो लेकर परीक्षा केन्द्र में आएं। परीक्षार्थियों को परीक्षा कक्ष में केवल काले या नीले बाल पॉइंट पेन से ही उत्तर अंकित करने हेतु उपयोग में लाने के निर्देश व्यापमं द्वारा दिए गए हैं। साथ ही यह भी निर्देशित किया गया है कि परीक्षा में अनुचित साधनों का प्रयोग करने पर कठोर कार्यवाही की जाएगी। व्यापमं के इन निर्देशों का पालन नहीं करने पर अभ्यर्थी को परीक्षा देने से वंचित किया जा सकेगा।

## कानापोड़ के किसान ने बेचा 41 क्विंटल 40 किलो धान

**कांकेर, 06 दिसम्बर।** जिले के चारामा ब्लॉक के ग्राम कानापोड़ निवासी किसान श्री दिनेशकुमार साहू ने लखनपुरी स्थित धान खरीदी केन्द्र में 41.40 क्विंटल धान बेचकर राहत की सांस ली, क्योंकि अब उसे आगामी खर्चों के लिए पैसे एकत्रित करने की चिंता नहीं रही। धान बेचकर इससे मिली राशि का सदुपयोग करते हुए वे खेतों का सुधार कार्य कराएंगे, साथ ही घर के निर्माण कार्य में भी अतिरिक्त राशि की व्यवस्था इसी से करेंगे। किसान श्री साहू ने बताया कि इस खरीफवर्ष अपनी 2 एकड़ कृषि भूमि से प्राप्त 41 क्विंटल 40 किलो धान को लखनपुरी धान उपार्जन केंद्र में विक्रय किया। श्री साहू ने बताया कि धान विक्रय से प्राप्त राशि का उपयोग वे अपनी खेती में आवश्यक मरम्मत कार्य और घर निर्माण से जुड़े खर्चों में करेंगे।

# वाटरशेड महोत्सव में जल संरक्षण का संकल्प, टेरम में विविध कार्यक्रम का आयोजन

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

रायगढ़, 6 दिसम्बर। प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना पीएमकेएसवाई/डब्ल्यूडीसी 2.0 अंतर्गत विकासखंड घरघोड़ा के माइक्रो वाटरशेड कमेटी टेरम में वाटरशेड महोत्सव का आयोजन किया गया। जिसमें जल संरक्षण और पर्यावरण सुधार से जुड़े अनेक कार्यक्रम आयोजित किए गए। जिनमें प्रभात फेरी, श्रमदान, तालाब सफाई, पौधरोपण, एनआरएम घटक अंतर्गत निर्मित कुआं (ओपन वेल) एवं तालाब गहरीकरण कार्य का लोकार्पण प्रमुख रहे। साथ ही पानी की पाठशाला, महिला स्व-सहायता समूह बैठक तथा कृषक संगोष्ठी भी आयोजित की गई। कार्यक्रम का शुभारंभ जनपद पंचायत सदस्य बरत कुमारी चौहान एवं ग्राम पंचायत टेरम के सरपंच तथा माइक्रो वाटरशेड कमेटी के अध्यक्ष प्रदीप राठिया द्वारा दीप प्रज्वलन कर किया गया।




कार्यक्रम मे डब्ल्यू.डी.टी. के किशोर कुमार नायक ने जल संरक्षण पर विस्तार से जानकारी देते हुए कहा कि पानी बचाने के लिए जन आंदोलन नहीं, जल आंदोलन की आवश्यकता है, ताकि आने वाली पीढ़ियों को पेयजल संकट का सामना न करना पड़े। भूतपूर्व जलग्रहण क्षेत्र अध्यक्ष गजानन ठाकुर ने जल-जंगल-जमीन बचाने के महत्व पर विस्तृत उद्बोधन दिया। ग्राम पंचायत टेरम के सरपंच एवं कमेटी अध्यक्ष प्रदीप राठिया ने क्षेत्र में जल संबंधी समस्याओं, भूमिगत जलस्तर में गिरावट और गर्मियों में पेयजल संकट पर चर्चा की। उन्होंने किसानों को फसल चक्र परिवर्तन अपनाने तथा ग्रीष्मकालीन धान के स्थान पर दलहनी फसलों की खेती हेतु प्रेरित किया। डब्ल्यू.डी.टी. के ललित कुमार दीवान ने एनआरएम घटक के अंतर्गत निर्मित संरचनाओं, चेक डैम के रख-रखाव और जल उपयोग के वैज्ञानिक तरीकों पर कृषकों को विस्तृत मार्गदर्शन दिया।

कार्यक्रम में परियोजना अधिकारी सुरेंद्र सिंह पटेल, परियोजना नोडल जे.आर. कोलियारा, डब्ल्यू.डी.टी. टीम के सदस्य किशोर कुमार नायक, ललित दीवान, लोकेश वर्मा, निलेश देशमुख, समस्त 12 माइक्रो वाटरशेड कमेटियों के सचिव, महिला स्व-सहायता समूहों की सदस्याएं, उपयोगकर्ता दल और बड़ी संख्या में कृषक एवं ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

## समाचार संक्षेप

# असाक्षरता मुक्त भारत की ओर एक और कदम

■ उल्लास नवभारत साक्षरता कार्यक्रम, 7 दिसंबर को होगी बुनियादी साक्षरता एवं संख्यात्मक ज्ञान मूल्यांकन परीक्षा



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

धमतरी 6 दिसंबर। उल्लास नवभारत साक्षरता कार्यक्रम के अंतर्गत जिले में 7 दिसंबर, रविवार को राष्ट्रव्यापी बुनियादी साक्षरता एवं संख्यात्मक ज्ञान मूल्यांकन परीक्षा आयोजित की जाएगी। जिले के लगभग 8 हजार असाक्षर इस परीक्षा में शामिल होंगे। विशेष बात यह है कि परीक्षार्थी अपनी सुविधा के अनुसार तय समय के भीतर परीक्षा दे सकेंगे। परीक्षा प्रातः 10 बजे से सांय 5.00 बजे तक होगी। परीक्षा अवधि 3 घंटे निर्धारित की गई है, जिसमें उल्लास साक्षरता केन्द्रों में अध्ययनरत शिक्षार्थी भाग लेंगे। इसके लिए जिले में 408 परीक्षा केंद्र है।

जिले में बड़े पैमाने पर साक्षरता बढ़ाने की दिशा में तेजी से कार्य किया जा रहा है। इस वर्ष पूरे छत्तीसगढ़ में 6 लाख असाक्षरों को साक्षर बनाने का लक्ष्य रखा गया है, जिसके अनुरूप धमतरी जिले में भी सक्रिय रूप से अभियान चलाया जा रहा है।

कलेक्टर एवं अध्यक्ष, जिला साक्षरता मिशन प्राधिकरण अबिनाश मिश्रा ने जनपद सीईओ एवं विकासखंड शिक्षा अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए हैं। पंजीकरण के आधार पर ग्राम पंचायत और नगरीय निकाय स्तर पर वार्डवार असाक्षरों की सूची तैयार की जाएगी, जिससे परीक्षा और आगामी गतिविधियों का संचालन अधिक सुव्यवस्थित तरीके से किया जा सके। सरकार का यह प्रयास असाक्षरता मुक्त समाज की दिशा में एक सकारात्मक और महत्वपूर्ण पहल है, जो शिक्षा के माध्यम से सामाजिक व आर्थिक सशक्तिकरण को बढ़ावा देगा।

## एक नजर

### अमीन भर्ती परीक्षा 7 दिसम्बर को, जिला कलेक्टोरेट में हेल्प डेस्क स्थापित

रायगढ़, 6 दिसम्बर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मण्डल, रायपुर द्वारा जल संसाधन विभाग अंतर्गत आयोजित अमीन भर्ती परीक्षा (डब्ल्यूआरडी-2025) का आयोजन 7 दिसम्बर 2025 को दोपहर 12:00 बजे से 2:15 बजे तक किया जाएगा। परीक्षा संचालन के लिए रायगढ़ जिले में कुल 57 परीक्षा केन्द्र निर्धारित किए गए हैं, जहां लगभग 16,091 अभ्यर्थी परीक्षा में शामिल होंगे। सभी परीक्षा केन्द्रों पर एक पुरुष एवं एक महिला पुलिसकर्मी तैनात रहेंगे, जो फ्रिस्किंग (चेकिंग) का कार्य करेंगे। महिला परीक्षार्थियों की फ्रिस्किंग केवल महिला पुलिसकर्मी द्वारा ही की जाएगी। कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी के निर्देश पर परीक्षा के सुचारू संचालन और परीक्षार्थियों की सुविधा हेतु कलेक्टोरेट भवन के कक्ष क्रमांक-28 में जिला स्तरीय हेल्प डेस्क स्थापित किया गया है। यह हेल्प डेस्क अमीन परीक्षा से संबंधित समस्त महत्वपूर्ण जानकारी, मार्गदर्शन एवं आवश्यक सहायता प्रदान करेगा। परीक्षा में शामिल होने वाले सभी अभ्यर्थियों से अपील किया गया है कि किसी भी समस्या, जानकारी या सहायता के लिए डिप्टी कलेक्टर एवं नोडल अधिकारी धनराज मरकाम मोबा.नं. 9753536151, सहायक नोडल अधिकारी भुवनेश्वर पटेल मोबा.नं. 7000081311, बाबूलाल पटेल मोबा.नं. 9755215616 एवं निराकार पटेल मोबा.नं. 9669469444 के साथ प्रोफेसर गजेंद्र बनज, मोबा.नं. 9424152129 से सम्पर्क कर आवश्यक सहयोग और मार्गदर्शन प्राप्त कर सकते है।

### सशस्त्र सेना झण्डा दिवस 7 दिसम्बर को

रायगढ़, 6 दिसम्बर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी की अध्यक्षता में 7 दिसम्बर को कलेक्टोरेट सभाकक्ष में सशस्त्र सेना झण्डा दिवस का आयोजन किया जाएगा। जिला सैनिक कल्याण अधिकारी के सेवानिवृत्त कमाण्डर हरीशचन्द्र तिवारी ने रायगढ़ एवं सारंगढ़-बिलाईगढ़ जिले के भूतपूर्व सैनिकों एवं उनके आश्रितों तथा आम लोगों को इस अवसर पर उपस्थित होने हेतु आग्रह किया है। बता दें कि सशस्त्र सेना झण्डा दिवस प्रति वर्ष 7 दिसम्बर को भारतीय सशस्त्र सेनाओं (थल सेना, वायु सेना, नौसेना) जो जवान सरहद व दूर-दराज क्षेत्रों में मातृ-भूमि की रक्षा करते हुए शहीद हो गए है, उनके पुण्य स्मरण करने एवं उनके सम्मान में मनाया जाता है। सशस्त्र सेना झण्डा दिवस हमारे लिए सेवारत सैनिकों, भूतपूर्व सैनिकों एवं उनके परिवारजनों के प्रति आदर व्यक्त करने के लिए एक अवसर है। सशस्त्र सेना झण्डा दिवस के अवसर पर टोकन झण्डा ध्वज का वितरण कर दान राशि एकत्रित की जाती है, जिसका उपयोग वीर शहीदों, पूर्व सैनिकों एवं उनके परिवार व आश्रितों के कल्याणार्थ योजनाओं में उपयोग किया जाता है। इस अवसर पर अधिक से अधिक अंशदान देकर अपने वीर सपूतों के प्रति अपना स्नेह एवं सम्मान व्यक्त करें।

### राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान योजना में रिक्त संविदा पदों पर भर्ती, 19 तक आवेदन आमंत्रित

महासमुंद, 6 दिसम्बर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। पंचायत संचालनालय, छत्तीसगढ़ के अंतर्गत राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान योजना में रिक्त संविदा पदों पर भर्ती के लिए योग्य अभ्यर्थियों से आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। इनमें संकाय सदस्य डीपीआरसी एवं लेखापाल के एक-एक पद शामिल है। यह भर्ती छत्तीसगढ़ सिविल सेवा (संविदा नियुक्ति) नियम 2012 एवं पंचायत संचालनालय द्वारा जारी मार्गदर्शिका के प्रावधानों के अनुसार की जाएगी। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत हेमंत नंदनवार ने बताया कि अभ्यर्थी 19 दिसम्बर 2025 सायं 5:00 बजे तक अपने आवेदन पत्र केवल पंजीकृत डाक / स्पीड पोस्ट के माध्यम से जिला पंचायत महासमुंद के नाम से प्रेषित कर सकते हैं। व्यक्तिगत रूप से, ई-मेल अथवा अन्य इलेक्ट्रॉनिक माध्यम से प्राप्त आवेदन स्वीकार नहीं किए जाएंगे। निर्धारित तिथि के बाद प्राप्त आवेदनों पर विचार नहीं किया जाएगा। रिक्त पदों, आवेदन पत्र के प्रारूप, शैक्षणिक योग्यता तथा अन्य विस्तृत जानकारी जिला महासमुंद की आधिकारिक वेबसाइट www.mahasamund.gov.in तथा कार्यालय जिला पंचायत महासमुंद के सूचना पटल पर अवलोकन कर सकते हैं।

## कड़ी निगरानी से कोचियों और बिचौलियों में हड़कंप

# धान के अवैध भंडारण और परिवहन पर जिला प्रशासन की बड़ी कार्रवाई, जब्ती का आंकड़ा 20 हजार क्विंटल के पार

### रायगढ़ तहसील में सर्वाधिक 5 हजार क्विंटल से अधिक धान की जब्ती



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

रायगढ़, 6 दिसम्बर। जिला प्रशासन द्वारा धान के अवैध भंडारण एवं परिवहन के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के परिणाम स्वरूप बड़ी सफलता मिली है। प्रशासनिक टीमों की सतत निगरानी, छापामार कार्रवाई और मजबूत समन्वय व्यवस्था के चलते अब तक कुल 20,448.80 क्विंटल अवैध धान की जब्ती की जा चुकी है। इस अभियान में सबसे अधिक कार्रवाई रायगढ़ तहसील में की गई, जहां 5,015.60 क्विंटल धान जब्त किया गया। इसके अलावा पुसौर में 2,080 क्विंटल, खरसिया में 3,152 क्विंटल, लैलूंगा में 3,557.60 क्विंटल, धरमजयगढ़ 3,603.60 क्विंटल, तमनार में 1032 क्विंटल सहित अन्य तहसीलों में भी धान जब्ती की गई है। अब कुल 109 प्रकरणों पर कार्रवाई की जा चुकी है। कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी के मार्गदर्शन में गठित निगरानी टीमें दिन-रात फील्ड में सक्रिय हैं। जिला सीमाओं, आंतरिक मार्गों, चेकपोस्टों और जंगल मार्गों पर विशेष निगरानी रखी जा रही है ताकि कोचियों और बिचौलियों द्वारा धान की अवैध आवाजाही को रोका जा सके। प्रशासन की कठोर कार्रवाई के कारण अवैध कारोबारियों में हड़कंप की स्थिति है और उनके मंसूबे लगातार विफल हो रहे हैं। कलेक्टर ने स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि समर्थन मूल्य पर खरीदी व्यवस्था को मजबूत और पारदर्शी रखा जाए तथा किसी भी स्तर पर अवैध गतिविधि बर्दाश्त न की जाए। जिले में कार्रवाई का यह सिलसिला आगे भी निरंतर जारी रहेगा ताकि किसानों का हित सुरक्षित रहे और समर्थन मूल्य व्यवस्था की निष्पक्षता बनी रहे।

## जिले में 19 दिनों में 3.24 लाख क्विंटल से अधिक धान की खरीदी

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

■ किसानों को 6,295.71 लाख रुपये का भुगतान, खरीदी व्यवस्था पर बढ़ा विश्वास

रायगढ़, 6 दिसम्बर। राज्य शासन के निर्देशानुसार जिले में समर्थन मूल्य पर धान खरीदी सुचारू, पारदर्शी और व्यवस्थित रूप से जारी है। कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी के प्रभावी मार्गदर्शन तथा नोडल अधिकारियों व समितियों की सतत मॉनिटरिंग के कारण धान खरीदी कार्य तेजी से गति पकड़ रहा है। खरीदी केंद्रों में सुविधाओं के सुदृढ़ प्रबंधन और समय पर भुगतान से कृषक समुदाय में उत्साह का वातावरण बना हुआ है। जिले में शुरू हुए धान खरीदी सत्र को 19 दिन पूरे होने पर कुल 3,24,834.80 क्विंटल धान की खरीदी की जा चुकी है। खरीदी प्रक्रिया में 2,891 सीमांत, 1,661 लघु और 1,486 दीर्घ किसान अब तक धान विक्रय कर चुके है। किसानों को खरीदी उपरांत समर्थन मूल्य का भुगतान भी तेजी से किया जा रहा है। अब तक कुल 6,295.71 लाख रुपये किसानों के खातों में ऑनलाइन माध्यम से हस्तांतरित किए जा चुके हैं। यह त्वरित भुगतान किसानों को राहत प्रदान करने के साथ ही उनके खरीदी केंद्रों पर विश्वास को और मजबूत कर रहा है। कई किसान इस राशि का उपयोग घर बनाने, विवाह जैसे पारिवारिक कार्यों, पुराने कर्ज से मुक्ति पाने तथा कृषि उपकरण और वाहन खरीदने की योजना बनाकर अपने जीवन को सुदृढ़ दिशा दे रहे हैं।



## मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजनाः शिरडी, शनि सिंघनापुर और त्र्यंबकेश्वर की यात्रा के लिए आवेदन 8 तक

■ जिले के 273 तीर्थयात्री 20 से 23 दिसम्बर तक करेंगे यात्रा

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

रायगढ़, 5 दिसम्बर। छत्तीसगढ़ रजत महोत्सव 2025 के अवसर पर मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना के तहत जिले के लिए इस माह का तीर्थ स्थल तय कर दिया गया है। निर्धारित कार्यक्रम अनुसार जिले के 273 चयनित तीर्थ यात्री 20 से 23 दिसम्बर 2025 तक पवित्र तीर्थस्थलों शिरडी, शनि सिंघनापुर एवं त्रयंबकेश्वर के लिए तीर्थ यात्रा करेंगे। यात्रा के लिए आवेदक निर्धारित प्रारूप में आवश्यक दस्तावेजों सहित 8 दिसम्बर, शाम 5 बजे तक समाज कल्याण विभाग में आवेदन जमा कर सकते हैं।

समाज कल्याण विभाग के उप संचालक शिवशंकर पांडेय ने बताया कि आवेदकों को निर्धारित आवेदन पत्र के साथ दो पासपोर्ट साइज फोटो, मेडिकल प्रमाण पत्र, आधार कार्ड, राशन कार्ड एवं मतदाता पहचान पत्र की छायाप्रति संलग्न करना अनिवार्य होगा। योजना का लाभ वरिष्ठ नागरिक, विधवा एवं परित्यक्त महिलाएं तथा छत्तीसगढ़ के निवासी ही प्राप्त कर सकेंगे। निर्धारित संख्या के अनुसार ग्रामीण क्षेत्र के 75 प्रतिशत तथा नगरीय क्षेत्र के 25 प्रतिशत तीर्थयात्रियों का चयन किया जाएगा। आर्थिक वर्गानुसार 80 प्रतिशत बीपीएल एवं 20 प्रतिशत एपीएल हितग्राहियों का चयन होगा। एपीएल श्रेणी के ऐसे आवेदक स्वीकार्य होंगे जो आयकर दाता न हों एवं जिन्होंने पूर्व में इस योजना का लाभ न लिया हो। वर्तमान या भूतपूर्व शासकीय सेवक तथा गंभीर संक्रामक रोग से पीड़ित व्यक्ति योजना के पात्र नहीं होंगे।

### वरिष्ठ नागरिकों एवं दंपत्ति के लिए विशेष प्रावधान

65 वर्ष से अधिक आयु वाले ऐसे आवेदक, जिन्होंने अकेले यात्रा के लिए आवेदन किया है, अपने साथ 21 से 50 वर्ष आयु का एक सहायक ले जा सकेंगे। यदि पति-पत्नी में से किसी एक का चयन होता है, तो जीवन साथी की आयु 60 वर्ष से कम होने पर भी वह उसके साथ यात्रा कर सकेगा, बशर्ते दोनों के आवेदन एक साथ जमा किए गए हों। सहायक या जीवन साथी के साथ यात्रा करने की इच्छा आवेदन में स्पष्ट रूप से दर्शाना आवश्यक है।

### प्रतीक्षा सूची एवं चयन संबंधित नियम

चयनित आवेदक ही यात्रा पर जा सकेंगे। उनकी जगह अनाधिकृत व्यक्ति यात्रा नहीं कर सकेगा। यदि चयनित व्यक्ति यात्रा पर नहीं जाता है, तो केवल प्रतीक्षा सूची में शामिल अगला पात्र आवेदक ही भेजा जाएगा। चयन उपरांत आवेदक अपनी जगह किसी अन्य व्यक्ति को भेजने का अधिकार नहीं रखेगा।

# वन हमारी सांस्कृतिक धरोहर और आने वाली पीढ़ियों के लिए अमूल्य विरासत हैं : वन मंत्री

■ नवीन वनमण्डल कार्यालय धमतरी का लोकार्पण एवं वन प्रबंधन समितियों का सम्मेलन संपन्न

■ वनमंत्री ने जिले की 32 संयुक्त वन प्रबंधन समितियों को विभिन्न कार्यों के 3 करोड़ से अधिक की राशि स्वीकृति पत्रों का किया वितरण

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



धमतरी 6 दिसंबर। नवीन वनमण्डल कार्यालय धमतरी का लोकार्पण एवं वन प्रबंधन समितियों के सम्मेलन का आयोजन आज भव्य रूप से किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में वन एवं जलवायु परिवर्तन, परिवहन, सहकारिता एवं संसदीय कार्य मंत्री केदार कश्यप उपस्थित रहे। अतिविशिष्ट अतिथि के रूप में सांसद, महासमुंद लोकसभा क्षेत्र रूपकुमारी चौधरी, सिहावा विधायक अम्बिका मरकाम, धमतरी विधायक ओंकार साहू, महापौर जगदीश रामू रोहरा तथा छत्तीसगढ़ आदिवासी, स्थानीय स्वास्थ्य परंपरा एवं औषधि पादप बोर्ड के अध्यक्ष विकास मरकाम, जनप्रतिनिधि सहित वन प्रबंधन समिति के अध्यक्ष, उपाध्यक्ष उपस्थित थे।

कार्यक्रम की शुरुआत 'एक पेड़ माँ के नाम' अंतर्गत मुख्य अतिथि एवं अन्य अतिथियों द्वारा पौधा रोपण से हुई। इसके बाद पूजन-अर्चना कर धमतरी स्थित नवीन वनमण्डल कार्यालय भवन का विधिवत लोकार्पण किया गया। लगभग 1.14 करोड़ रुपए की लागत से निर्मित यह भवन आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित है, जिसमें वन मंडल के सभी अधिकारी एवं कर्मचारियों के लिए सुव्यवस्थित कक्ष, बैठक कक्ष और प्रशासनिक सुविधाएँ उपलब्ध हैं। मंत्री कश्यप ने 3 करोड़ से अधिक राशि के जिले की 32 संयुक्त वन प्रबंधन समितियों को वार्षिक कार्य योजना विभिन्न कार्य की स्वीकृति पत्र वितरित किए। वन मंत्री केदार कश्यप ने कहा कि धमतरी जिला प्राकृतिक संपदाओं से समृद्ध है और वन संरक्षण में यहां की परंपराएँ तथा जनभागीदारी हमेशा महत्वपूर्ण रही है। उन्होंने कहा कि नया वनमण्डल कार्यालय न केवल प्रशासनिक कार्यों को गति देगा बल्कि वन प्रबंधन समितियों के साथ समन्वय को भी और मजबूत करेगा।

# क्षितिज योजना के तहत प्रोत्साहन राशि जारी

### राजेश्वरी ने जताई खुशी, कहा-पढ़ाई में मिली बड़ी मदद

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



रायगढ़, 6 दिसम्बर। क्षितिज अपार संभावनाएं अंतर्गत दृष्टिबाधित कुमारी राजेश्वरी भास्कर को 6 हजार रुपए की प्रोत्साहन राशि स्वीकृत की गई है। जनपद पंचायत पुसौर ग्राम-तडोला निवासी कुमारी राजेश्वरी भास्कर, जो 40 प्रतिशत दृष्टिबाधित हैं और किरोड़ीमल शासकीय कला एवं विज्ञान महाविद्यालय रायगढ़ में एम.ए. प्रथम सेमेस्टर की नियमित छात्रा हैं।

समाज कल्याण विभाग के उप संचालक ने जानकारी देते हुए बताया कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित क्षितिज अपार संभावनाएं योजना के तहत उच्च शिक्षा प्राप्त कर रहे निःशक्त विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से आर्थिक सहयोग प्रदान किया जाता है। राज्य सरकार की प्राथमिकता है कि हर दिव्यांग छात्र-छात्रा आर्थिक अभाव के कारण शिक्षा से वंचित न रहे। क्षितिज अपार संभावनाएं' योजना इसी उद्देश्य को धरातल पर साकार करने का प्रभावी माध्यम बन रही है। बता दें कि कुमारी राजेश्वरी भास्कर, पिता-श्री हेमचरण भास्कर द्वारा जिला समाज कल्याण कार्यालय रायगढ़ में प्रोत्साहन राशि हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया था। आवेदन का जिला स्तरीय चयन समिति द्वारा परीक्षण एवं अनुमोदन किए जाने के पश्चात 6 हजार रुपये की राशि डीबीटी के जरिए उनके बैंक खाते में हस्तांतरित की गई। प्रोत्साहन राशि प्राप्त होने पर कुमारी राजेश्वरी ने खुशी व्यक्त करते हुए बताया कि इस सहायता राशि से उन्होंने सामान्य ज्ञान की कक्षाएं, स्टेशनरी सामग्री और आवश्यक पुस्तकें खरीदी हैं, जिससे उनकी पढ़ाई में बड़ी सहायता मिली है। उन्होंने मुख्यमंत्री एवं समाज कल्याण विभाग के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि आर्थिक सहयोग से उनके उच्च शिक्षा के मार्ग में नई ऊर्जा और प्रेरणा मिली है।

## अमीन भर्ती परीक्षा 7 दिसम्बर को

# कलेक्टर ने पर्यवेक्षकों की बैठक लेकर दिए आवश्यक निर्देश



■ जिले के 16 परीक्षा केन्द्रों में 4731 परीक्षार्थी शामिल होंगे

■ व्यापमं द्वारा परीक्षार्थियों के लिए आवश्यक दिशा निर्देश

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

महासमुंद 6 दिसम्बर। छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मंडल, रायपुर द्वारा आयोजित अमीन भर्ती परीक्षा का आयोजन रविवार, 07 दिसंबर 2025 को किया जाएगा। परीक्षा पूर्वाह्न 12:00 बजे से दोपहर 02:15 बजे तक एक पाली में सम्पन्न होगी। जिला मुख्यालय महासमुंद में कुल 16 परीक्षा केंद्र निर्धारित किए गए हैं, जिनमें जिले के 4731 परीक्षार्थी अपनी उपस्थिति देंगे। परीक्षार्थियों की सुविधा, सुरक्षा एवं सुचारू परीक्षा संचालन के लिए कलेक्टर विनय कुमार लंगेह ने आज पर्यवेक्षकों एवं केंद्राध्यक्षों की बैठक लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। बैठक में अपर कलेक्टर सचिन भूतड़ा, नोडल अधिकारी सहायक प्राध्यापक अजय राजा एवं पर्यवेक्षक मौजूद थे।

उन्होंने कहा कि परीक्षा केंद्रों में शांतिपूर्ण एवं नकलविहीन वातावरण सुनिश्चित किया जाए। प्रवेश द्वार पर व्यापम द्वारा जारी निर्देशानुसार कड़ाई से चेकिंग व्यवस्था हो तथा प्रतिबंधित सामग्री बिल्कुल न ले जाने दी जाए। परीक्षार्थियों के प्रवेश, बैठने व्यवस्था एवं प्रश्नपत्र वितरण में समय पालन का विशेष ध्यान रखा जाए। परीक्षा केंद्रों में सीसीटीवी, सुरक्षा बल, पेयजल व प्राथमिक उपचार जैसी मूलभूत सुविधाएँ उपलब्ध रहें। किसी भी प्रकार की गड़बड़ी की सूचना पर तत्काल कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। उन्होंने सभी अधिकारियों को निर्देशित किया कि परीक्षा प्रक्रिया में पूर्ण गंभीरता, पारदर्शिता और संयम का पालन कर परीक्षा को सफलतापूर्वक संपन्न कराएं। कलेक्टर विनय कुमार लंगेह ने बताया कि व्यापम द्वारा इस संबंध में परीक्षार्थियों के लिए आवश्यक दिशा निर्देश जारी किए गए है। उन्होंने सभी परीक्षार्थियों को इन निर्देशों का पालन अनिवार्य रूप से करने कहा है, ताकि परीक्षा दिवस में किसी प्रकार की असुविधा न हो। अभ्यर्थियों को परीक्षा के एक दिन पूर्व अपने निर्धारित परीक्षा केन्द्र का निरीक्षण कर लेने के निर्देश दिए गए हैं, जिससे परीक्षा दिवस में उन्हें स्थान ढूँढ़ने में कोई कठिनाई न हो। कलेक्टर ने परीक्षार्थियों से अपील की है कि वे समय से पूर्व परीक्षा केंद्र पहुंचे तथा अपना एडमिट कार्ड और वैध पहचान पत्र अवश्य साथ रखें।

## आदिवासी समाज के प्रमुख जनों के साथ बैठक कर उनकी आवश्यकताओं, समस्याओं एवं क्षेत्र की मूलभूत जरूरतों पर चर्चा की

# बहुद्देश्यीय केंद्रों से सुदृढ़ होगा जनजातीय विकास : कलेक्टर

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

धमतरी, 6 दिसम्बर। भारत सरकार के जनजातीय कार्य मंत्रालय द्वारा अनुसूचित जनजातीय क्षेत्रों में निर्मित बहुद्देशीय केंद्र अब ग्रामीण क्षेत्रों में विकास की नई संभावनाएँ खोल रहे हैं। इन केंद्रों में बहुउद्देशीय हॉल, आंगनवाड़ी केंद्र, एएएम (आदिवासी सहायता एवं मार्गदर्शन) केंद्र सहित समुदाय की मूलभूत सेवाओं के लिए आवश्यक सभी सुविधाएँ उपलब्ध कराई गई हैं। बीते 15 नवंबर को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देशभर में निर्मित ऐसे मल्टीपरपज सेंटर का वर्चुअल लोकार्पण किया था।

इसी क्रम में आज धमतरी जिले के नगरी विकासखंड के ग्राम बोईरगांव में कलेक्टर अबिनाश मिश्रा पहुंचे। उन्होंने नव-निर्मित





बहुद्देशीय केंद्र का निरीक्षण किया और इसकी उपयोगिता के संबंध में विस्तृत जानकारी ली। कलेक्टर ने बहुउद्देशीय हॉल में आदिवासी समाज के प्रमुख जनों के साथ बैठक कर उनकी आवश्यकताओं, समस्याओं एवं क्षेत्र की मूलभूत जरूरतों पर चर्चा की। आंगनबाड़ी केंद्र बच्चों के के लिए ज्ञान वर्धक खेल-खिलौने, सामग्री सौपी।

ग्रामीणों से संवाद करते हुए उन्होंने आजीविका संवर्धन, शिक्षा, स्वास्थ्य सेवाओं, स्वच्छता तथा सरकारी योजनाओं के लाभांवित करने के विषय में फीडबैक लिया। कलेक्टर ने कहा कि बहुद्देशीय केंद्रों के माध्यम से न केवल सामुदायिक गतिविधियाँ सुदृढ़ होंगी, बल्कि आजीविका बढ़ाने के अवसर भी मिलेंगे। उन्होंने विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि केंद्र का अधिकतम उपयोग सुनिश्चित करते हुए स्थानीय समुदाय को इसके प्रति जागरूक किया जाए। इस पहल से जनजातीय क्षेत्रों में विकास कार्यों को गति मिलेगी और ग्रामीणों को एक छत के नीचे अनेक सुविधाएँ उपलब्ध होंगी। सरकार द्वारा जनजातीय क्षेत्रों में मूलभूत सुविधाएँ उपलब्धकरा रही है। सड़क, पेयजल, बिजली, शिक्षा एवं स्वास्थ्य सेवाओं का विस्तार।आजीविका और आर्थिक सशक्तिकरण - जंगल आधारित आजीविका, कृषि व लघु वन उपज के मूल्य संवर्धन को बढ़ावा दिया जा रहा है। भारत सरकार द्वारा आदिवासी समुदायों के सर्वांगीण विकास और अधिकारों के संरक्षण के लिए प्रधानमंत्री जनजाति आदिवासी न्याय महाअभियान शुरू किया गया है। इस महाअभियान का उद्देश्य देश के दूरस्थ एवं वंचित जनजातीय क्षेत्रों में बुनियादी सुविधाओं का विस्तार, जीवन स्तर में सुधार और विकास की मुख्यधारा से जोड़ना है। इस अवसर पर एसडीएम नगरी सुश्री प्रीति दुर्गम, सहायक आयुक्त आदिम जाति विकास विमल, जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास जगरानी इक्का, डीपीएम प्रिया, सरपंच जीवन नाग सहित ब्लॉक अधिकारी और ग्रामीण जन उपस्थित थे।

## एक नजर

### बेरोजगार हुए सैकड़ों परिवार की सुध लेने वाला कोई नहीं : उपाध्याय

**रायपुर, 6 दिसम्बर।** पूर्व विधायक विकास उपाध्याय ने कहा कि यूथ हब के फूड कोर्ट को उजाड़ें हुए आज 14 दिन हो गए हैं लेकिन सरकार से किसी भी प्रकार की मदद वहां व्यवसाय करने वालों को नहीं मिली है और जहां पर उनके व्यवस्थापन की बात की गई है वहां जानवरों का जमावड़ा है इंसान तो दूर परिंदा भी पर नहीं मार रहा है। उपाध्याय ने कहा कि पीड़ित परिवार के बारे में कोई नहीं सोच रहा है 14 दिन होने को आए हैं उनके घर में चूल्हा जल रहा कि नहीं कौन सी कोई स्थिति से गुजर रहे हैं कर्ज लेकर व्यवसाय खड़ा किए वेंडरों को लगातार किस्त पटाने की समस्या से जूझना पड़ रहा है लेकिन वाह रे बीजेपी सरकार और उसके मंत्री, विधायक, और महापौर को सत्ता के नशें में यह दिखाई नहीं दे रहा है सरकार के तरफसे एक आदमी भी उनको मुआवजा की बात नहीं कर रहा है। कांग्रेस पार्टी पीड़ित परिवार को जब तक न्याय नहीं मिल जाता तब तक इस लड़ाई को जारी रखेगी रविवार को पीड़ित परिवार के साथ मिलकर युवा कांग्रेस और ड्ड्यह्लह्व के साथी विरोध स्वरूप मशाल रैली निकालेंगे।

### राजधानी में चाकूबाजों का आतंक थम नहीं रहा

**रायपुर, 6 दिसम्बर।** राजधानी रायपुर में गुंडे-बदमाशों में पुलिस का खौफखत्म हो चला है.अबकी बार चाकू की नोक पर पैर छुकर माफी मंगवाने का वीडियो सामने आया है, जो सोशल मीडिया में तेजी से वायरल हो रहा है. जानकारी के अनुसार वीडियो डीडी नगर थाना इलाके में चंगोराभाठा तालाब के पास का बताया जा रहा है, जिसमें चाकू की नोक पर यश नाम का लड़का दूसरे लड़के को सोशल मीडिया में मारने की झूठी बात कहने का आरोप लगाते हुए पैर नहीं पड़ने पर चाकू मारने की धमकी दे रहा है. दूसरा लड़का इस तरह की बात नहीं करना बताता है, लेकिन चाकू की डर की वजह से पैर छूने को मजबूर होता है. पूरे घटनाक्रम का वीडिया सोशल मीडिया में वायरल होने के बाद अब राजधानी की पुलिस क्या कार्यवाही करती है, ये देखना होगा, दरअसल, चाकू का चलन आम हो चला है.ऑनलाइन आसानी से चाकू मिल जाने की वजह से इस तरह की घटनाएं लगातार सामने आ रही है. पुलिस ने इसके पहले ऑनलाइन चाकू सप्लाई पर कदम उठाया था, लेकिन ताजा घटना को देखते हुए इस पर और सख्ती दिखाए जाने की जरूरत है.

### रेपो दर में 25 बेसिस प्वाइंट की कटौती का स्वागत

**रायपुर, 6 दिसम्बर।** देश के सबसे बड़े व्यापारी संगठन कन्फेडरेशन ऑफऑल इंडिया ट्रेडर्स के राष्ट्रीय वाइस चेयरमैन एवं राष्ट्रीय व्यापारी कल्याण बोर्ड (भारत सरकार) के सदस्य अमर पारवानी, छत्तीसगढ़ इकाई के चेयरमेन जितेंद्र दोशी, विक्रम सिंहदेव, अध्यक्षपरमानंद जैन, महामंत्री सुरिन्दर सिंह, कोषाध्यक्ष अजय अग्रवाल, कार्यकारी अध्यक्ष राजेंद्र जग्गी, राम मंधान, वासु मखीजा, भरत जैन, राकेश ओचवानी, शंकर बजाज आदि ने संयुक्त रूप से बताया कि कि भारतीय रिज़र्व बैंक की मौद्रिक नीति समिति ने रेपो दर में 25 बेसिस प्वाइंट (0.25 प्रतिशत) की कटौती की है। इस वर्ष के सहजता चक्र में यह चौथी कटौती है और कुल मिलाकर रेपो दर में 125 बेसिस प्वाइंट की कमी की जा चुकी है। यह कदम बाजार की अपेक्षाओं के अनुरूप है तथा वर्तमान आर्थिक परिस्थितियों में एक संतुलित और सकारात्मक नीतिगत संकेत है। कन्फेडरेशन ऑफऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) के राष्ट्रीय वाइस चेयरमैन एवं राष्ट्रीय व्यापारी कल्याण बोर्ड (भारत सरकार) के सदस्य अमर पारवानी ने कहा कि रेपो दर में 25 बेसिस प्वाइंट की कटौती का कैट स्वागत करता है। इससे व्यवसायियों और उद्योग जगत को सीधा लाभ मिलेगा।

### ब्रह्माकुमारी कमला दीदी की तीसरी पुण्यतिथि 7 दिसम्बर को

**रायपुर, 6 दिसम्बर।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय की पूर्व क्षेत्रीय निदेशिका ब्रह्माकुमारी कमला दीदी की तीसरी पुण्यतिथि के अवसर पर रविवार को सुबह 9 बजे से विधानसभा रोड स्थित शान्ति सरोवर रिट्रीट सेन्टर में स्मरणाजंलि कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। कार्यक्रम में इन्दौर जोन के प्रमुख भाई-बहनें उपस्थित रहेंगे। इस अवसर पर पहले माउण्ट आबू से प्राप्त ईश्वरीय महावाक्य सुनाया जाएगा। फिर कमला दीदी के निमित्त परमात्मा को भोग स्वीकार कराने के बाद प्राप्त सन्देश पढक़र सुनाया जाएगा। पश्चात इस जोन की प्रमुख बहनें अपना संस्मरण सुनाएंगे। उसके बाद नगर के बाल कलाकारों द्वारा कमला दीदी के जीवन पर आधारित नृत्य नाटिका पेश की जाएगी। अन्त में सभी के लिए ब्रह्मा भोजन रखा गया है। उल्लेखनीय है कि प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय की सेवाओं को छत्तीसगढ़ में विस्तारित करने में कमला दीदी की प्रमुख भूमिका रही थी। माउण्ट आबू के बाहर ब्रह्माकुमारी संस्थान का पहले रिट्रीट सेन्टर के रूप में शान्ति सरोवर का निर्माण भी उन्होंने कराया।

# रायपुर में इंडिगो की 20 उड़ान रद्द

## 7 हजार से ज्यादा यात्री परेशान, एयरपोर्ट पर जमकर बवाल

**रायपुर, 6 दिसम्बर।** देश की सबसे बड़ी एयरलाइन इंडिगो पर पायलट और क्रू स्टाफकी कमी का संकट गहराता जा रहा है। इसके चलते बीते 24 घंटे में रायपुर एयरपोर्ट पर दिल्ली, मुंबई, कोलकाता, बेंगलुरु, इंदौर और गोवा रूट की करीब 20 फ्लाइट्स कैंसिल कर दी गईं। अकेले रायपुर में 7 हजार से ज्यादा यात्री फंस गए, जिनमें कई ऐसे लोग भी थे जिन्हें अंतरराष्ट्रीय कनेक्टिंग फ्लाइट पकड़नी थी।

### एयरपोर्ट पर तनाव का माहौल

5 और 6 दिसंबर, इन दो दिनों में रायपुर एयरपोर्ट पर सबसे ज्यादा इंडिगो के यात्री परेशान दिखे। सुबह से ही एयरपोर्ट पर तनाव का माहौल बना हुआ है। नाराज यात्री इंडिगो के स्टाफ से लगातार बहस करते रहे, और कई बार काउंटर पर धक्का-मुक्की तक की नौबत आ गई। आज दिल्ली और मुंबई जाने वाले यात्रियों में कई ऐसे भी शामिल थे, जिन्हें आगे अंतर्राष्ट्रीय फ्लाइट पकड़नी थी, लेकिन उड़ानें रद्द होने से उनका इंटरनेशनल कनेक्शन भी छूट गया। सूत्रों के मुताबिक, आज शाम की ज्यादातर फ्लाइट भी रद्द रहने की संभावना है।

### 24 घंटों से फंसे यात्री

रायपुर से हैदराबाद और चेन्नई जाने वाले 100 से अधिक यात्री पिछले 24 घंटों से एयरपोर्ट पर फंसे हुए हैं। इन यात्रियों का आरोप है कि उन्हें उड़ान रद्द होने की सूचना ई-मेल या स्र्र्स के माध्यम से नहीं दी गई। यात्रियों ने एयरपोर्ट प्रबंधन पर गंभीर लापरवाही का आरोप लगाते हुए कहा कि उन्हें 24 घंटे से अधिक समय तक फंसे रहने के बावजूद न तो रूम उपलब्ध कराया गया और न ही खाना मिला। मजबूरन यात्रियों को चाय, पानी और नाश्ता खुद खरीदना पड़ा।

### प्रबंधन ने मीडिया से बनाई दूरी

मीडीया ने इंडिगो एयरलाइंस एयरपोर्ट प्रबंधन के अधिकारियों से यात्रियों को फ्लाइट लेट होने की जानकारी न मिलने के संबंध में बात करने की कोशिश की। दोनों ही प्रबंधन इस पूरे मामले में मीडिया से दूरी बनाते दिखे। एयरपोर्ट प्रबंधन के अधिकारियों ने इंडिगो के कर्मचारियों से बात करने की बात कहकर अपना पल्ला झाड़ लिया। वहीं, इंडिगो के कर्मचारी भी काउंटर से नदारद दिखे, जिससे यात्रियों का गुस्सा और भड़क गया।



### शादी का बैंड ग्रुप प्रभावित, लाखों का नुकसान

जयपुर में एक शादी समारोह के लिए जा रहे एक बैंड ग्रुप के कलाकार भी सुबह से ही एयरपोर्ट पर फंसे हुए हैं। उन्होंने बताया कि छह महीने पहले की बुकिंग और दो प्रोग्राम रद्द होने से उन्हें लाखों रुपए का नुकसान उठाना पड़ा है। उन्होंने शिकायत की कि इंडिगो की ओर से उनके नुकसान की भरपाई या कोई समाधान नहीं मिला है।

### स्वास्थ्य और बिजनेस यात्रियों की बड़ी परेशानी

उड़ानें रद्द होने से कई महत्वपूर्ण यात्री बुरी तरह प्रभावित हुए हैं। दिल्ली जाने वाली एक महिला यात्री अपने बीमार बेटे से मिलने नहीं पहुंच सकीं। मुंबई और कोलकाता से विदेश जाने वाले कई यात्रियों की बिजनेस मीटिंग और अंतर्राष्ट्रीय कनेक्शन प्रभावित हुए।

### सरकार और कंपनी पर साधा निशाना

गुस्साए यात्रियों ने एयरलाइन कंपनी और सरकार दोनों पर निशाना साधा है। उनका कहना है कि सरकार ने एयरलाइन कंपनियों को इतनी छूट दे रखी है कि वे अब मनमानी कर रही हैं। यात्रियों ने मांग की है कि रद्द उड़ानों का पूरा रिफंड मिले और कंपनी को अतिरिक्त नुकसान की भरपाई भी करनी चाहिए। इंडिगो की ओर से अब तक इस पूरे मामले पर कोई आधिकारिक बयान जारी नहीं किया गया है।

# रायपुर में ड्रग्स तस्कर गिरफ्तार



**रायपुर, 6 दिसम्बर।** राजधानी रायपुर में ड्रग्स बेचते 2 तस्करों पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से 26.22 ग्राम हेरोइन बरामद किया गया है, जिसकी कीमत ढाई लाख रुपए से ज्यादा है। पूरा मामला सरस्वती नगर थाना क्षेत्र का है। आरोपी हेरोइन कहां से लाए थे? किसे बेचने वाले थे? इसके बारे में पुलिस पूछताछ कर रही है।

5 दिसंबर की रात आरोपी साइंस कॉलेज मैदान के पास एक कार में पहुंचे थे, जहां वे ड्रग्स बेचने की फिराक में ग्राहकों का इंतजार कर रहे थे। इसकी सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंचकर कर दो आरोपियों आयुष दुबे उर्फ मयंक निवासी पंचशील नगर रायपुर और मृत्युंजय दुबे उर्फ एमडी निवासी पचपेड़ी नाका रायपुर को गिरफ्तार किया। उनके पास से कार, मोबाइल, ड्रग्स समेत 23 लाख का सामान जब्त किया गया है।

सरस्वती नगर पुलिस के मुताबिक, मुखबिर से सूचना मिली थी कि साइंस कॉलेज मैदान के पास डीडीयू ऑडिटोरियम रोड पर एक काले रंग की कार में दो युवक चिट्टा (हेरोइन) बेचने की फिराक में ग्राहकों की तलाश कर रहे हैं। सूचना मिलते ही पुलिस टीम अलर्ट हुई और मौके पर पहुंचकर घेराबंदी कर दोनों को दबोच लिया। आरोपियों की तलाशी में पुलिस को 26.22 ग्राम चिट्टा मिला। बरामद चिट्टे की कीमत 2, 60, 100 रुपए है। चिट्टे के साथ ही हुंडई कार, कीमत करीब 20 लाख रुपए, 7 मोबाइल, कुल कीमत लगभग 74, 000 रुपए पुलिस ने बरामद किया है। पुलिस पूरे मामले का खुलासा जल्द करेगी।

## राष्ट्रीय जंबूरी में रायपुर रेल मंडल के 51 स्काउट और गाइड लीडर्स ने भाग लिया



**रायपुर, 6 दिसम्बर।** रायपुर मंडल भारत स्काउट एवं गाईड द.पू.मध्य रेलवे के 51 स्काउट, गाइड लीडर्स ने लखनऊ में 23 से 29 नवंबर तक आयोजित 19वीं राष्ट्रीय जंबूरी में दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे का प्रतिनिधित्व किया और 19वीं राष्ट्रीय जंबूरी में विभिन्न कार्यक्रमों में अपना उत्कृष्ट प्रदर्शन कर रायपुर मंडल एवं दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे का नाम रोशन किया। जिला आयुक्त स्काउट एवं वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक अवधेश कुमार त्रिवेदी जी ने कैम्प में सम्मिलित बच्चों से मुलाकात कर कैम्प के विभिन्न विषयों पर चर्चा कि और बच्चों से उनके जंबूरी कैम्प के अनुभव के बारे में जानकारी ली एवं स्काउट्स गाइड्स को आने वाले समय में अन्य स्काउटिंग गतिविधियों एवं समाज सेवा हेतु तत्पर रहने हेतु मार्गदर्शन के साथ बच्चों को प्रोत्साहित किया। जिला के आगामी कार्यक्रमों एवं आगे की स्काउटिंग गतिविधियों पर भी चर्चा की।

## कांग्रेस के ट्रेनिंग कैम्प में 'ट्रिपल टी' व 'ट्रिपल पी' की चरण-वंदना का पाठ पढ़ाया जाएगा : केदार कश्यप



**रायपुर, 6 दिसम्बर।** छत्तीसगढ़ के वन एवं सहकारिता मंत्री केदार कश्यप ने कांग्रेस के सभी 41 नवनियुक्त जिला अध्यक्षों को ट्रेनिंग देने के लिए कांग्रेस नेता राहुल गांधी के छत्तीसगढ़ आने की खबरों के मद्देनजर कटाक्ष करते हुए कहा है कि कांग्रेस में तो संगठनात्मक प्रशिक्षण का तो कोई कॉन्सेप्ट कभी नजर ही नहीं आया है, तो प्रस्तावित ट्रेनिंग कैम्प में 10 दिनों तक कार्यकर्ताओं को 'ट्रिपल टी' ('ट्रांसफर, टेण्डर और टिकट) की सीख ही दी जाएगी, 'ट्रिपल पी' (परमपूज्य पोलिटिकल परिवारवादी पार्टी) की चरण-वंदना का पाठ पढ़ाया जाएगा।

प्रदेश के वन मंत्री कश्यप ने दरअसल कांग्रेस का राजनीतिक चरित्र ही झूठ बोलकर जनता को गुमराह करना और येन-केन-प्रकारेण अराजकता फैलाने के अपने एजेंडे को आगे बढ़ाना ही है। ऐसे में कांग्रेस के राहुल गांधी से लेकर तमाम केंद्रीय व प्रदेश नेता अपने जिला अध्यक्षों को क्या 10 दिनों तक यही ट्रेनिंग देने आ रहे हैं? कांग्रेस में प्रशिक्षण के नाम पर क्या पाठ पढ़ाया जाता रहा है, यह देश भलीभाँति जानता। युवा कांग्रेस के लोग तो एक बार ट्रेनिंग लेने के बाद ऐसा कहर बरपा चुके हैं कि युवा कांग्रेस के कांग्रेस की गुण्डावाहिनी कहा जाने लगा था। इसी प्रकार एनएसयूआई के लोगों ने ट्रेनिंग लेकर लौटते समय लूटपाट और तोड़फोड़ करके कहर बरपाया था। कश्यप ने कहा कि जिस कांग्रेस का संगठनात्मक ढाँचा ही पूरी तरह चरमरा चुका है, उस कांग्रेस में ले-देकर चले संगठन सृजन अभियान केवल सियासी नौटंकी साबित हुआ है। संगठन सृजन के दावे हवा-हवाई ही निकले क्योंकि दिग्गजों के करीबियों को ही अंततः कमान सौंप दी गई। उसमें भी लेन-देन, गुटबाजी और परस्पर आरोप-प्रत्यारोप के चलते उसमें भी वह फिसड्डी ही साबित हुई।

### ज्योति प्रज्जवलन 10 को

**रायपुर, 6 दिसंबर।** 1857 में शहीद वीर नारायण सिंह जो छग के पहले शहीद को 10 दिसंबर को रायपुर के जयस्तंभ चौक में अंग्रेजों ने फांसी दी थी। वीर नारायण सिंह की स्मृति में छग संयुक्त किसान मोर्चा द्वारा अनवरत ज्योति प्रज्वालित पदाधिकारी अध्यक्ष छग समाज पार्टी अनिल दुबे जागेश्वर प्रसाद इंजीनियर जीपी चंद्राकर, दीनदयाल वर्मा सहित हजारों कार्यकर्ताओं की उपस्थिति में की जाएगी। यह ज्योत अनंतकाल तक जयस्तंभ चौक में जलेगी। ज्योति बूझने न पाये इसकी जिम्मेदारी पार्टी कार्यकर्ता को दी गई है। दोपहर 12 बजे आयोजित उक्त कार्यक्रम में अंतरराष्ट्रीय पंडवानी कलाकार चेतन देवांगन द्वारा शहीद वीर नारायण सिंह की गाथा को लयबद्ध ढंग से संगीत के माध्यम से प्रस्तुत किया जाएगा। शहीद वीर नारायण सिंह का छग के प्रति स्वतंत्रता आंदोलन में दिये गये योगदान को रेखांकित करने के लिए डॉ. रमेंद्रनाथ मिश्र एवं केके अग्रवाल द्वारा जानकारी दी जाएगी।

# ट्रेनों के सुरक्षित परिचालन को लेकर संरक्षा सेमिनार




**रायपुर, 6 दिसम्बर।** दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे रायपुर रेल मंडल के संरक्षा विभाग द्वारा ट्रेनों के सुरक्षित परिचालन हेतु परिचालन, विद्युत परिचालन, सिगनल एवं दूरसंचार, यांत्रिक, तथा इंजीनियरिंग विभाग के कर्मचारियों के साथ मरौदा स्टेशन में संरक्षा संगोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमें निम्न बिंदुओं पर चर्चा की गई।

स्पैड से बचाव एवं कुहासा मौसम में ट्रेन परिचालन, शंटिंग के दौरान बरती जानेवाली सावधानियां एवं गाड़ियों के सुरक्षित परिचालन पर प्रभाव डालने वाली संभावित दशाओं की चालक, परिचालक द्वारा रिपोर्ट एवं कंट्रोलर द्वारा ली जानेवाली सावधानियां, शीतकालीन सावधानियां एवं पेट्रोलिंग, गेटकीपर का कार्य, एन बाक्स एच एल वैगन का रख रखाव, पॉइंट्स एवं सिग्नल फेलुअर के दौरान सिग्नल एवं परिचालन कर्मचारियों के द्वारा ली जानेवाली सावधानियां, हाल ही में हुई दुर्घटनाओं का विश्लेषण तथा आग से बचाव एवं अग्निशामक यंत्र का उपयोग। इस संरक्षा सेमिनार में प्रवीण कुमार, सहायक मंडल संरक्षा अधिकारी/रायपुर के साथ-साथ संरक्षा सलाहकारो ने संरक्षा सेमिनार में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। संरक्षा संगठन/रायपुर मंडल के द्वारा प्रत्येक माह में 02 संरक्षा संगोष्ठी का आयोजन रायपुर मंडल के विभिन्न स्टेशनों में किया जाता है, जिससे कर्मचारियों में कार्य करने के दौरान संरक्षा के प्रति जागरुकता लाई जा सके। उक्त संरक्षा संगोष्ठी में संरक्षा सलाहकार, सुपरवाइजर, एवं फील्ड कर्मचारियों ने भाग लिया।

## रेलवे खानपान सेवा ठेकादारी कर्मचारी कल्याण संघ की नई कार्यकारिणी



**रायपुर, 6 दिसम्बर।** रेलवे खान पान सेवा ठेकादारी कर्मचारी कल्याण संघ रायपुर की नई कार्यकारिणी का सर्वसम्मति से गठन किया गया। संस्था के नये अध्यक्ष हेतु सभी सदस्यों ने एक बार फिर ऋषि कुमार उइके पर अपना विश्वास जताया।

इसी तरह से संस्था के उपाध्यक्ष पद के लिए आनंद दुबे को सर्वसम्मति से नियुक्त किया गया है एवं संस्था के सचिव राजेश देवांगन एवं सह सचिव अजय यादव को नियुक्त किया गया है इसी तरह से संस्था के कोषाध्यक्ष के लिए विपिन पटेल को सर्वसम्मति से नियुक्त किया गया है एवं कार्यकारिणी सदस्य के रूप में संस्था के वरिष्ठ सदस्य राजकुमार पटेल एवं सुरेश सिंह ठाकुर को नियुक्त किया गया है। सभी पदाधिकारियों का कार्यकाल आज़ दिनांक से आगामी तीन वर्षों तक के रहेगा।

कार्यकारिणी के गठन के अवसर में मुख्य रूप से संतोष सिन्हा राजकुमार सोनकर पिंटू यादव मनसुख सिंह ठाकुर संजय भास्कर राजेश साहू सत्या धृतलहरे राम कैलाश पटेल दीपक सोनकर अरुण सोनकर चंदन सोनकर सहित अन्य सदस्य गण उपस्थित रहे। अध्यक्ष के सभी उपस्थित सम्मानित सदस्यों का आभार व्यक्त किया और एक बार फिर से विश्वास जताने के लिए सभी सम्मानित सदस्यों को धन्यवाद दिया इसी के साथ ही रेलवे खान पान सेवा ठेकादारी कर्मचारी कल्याण संघ रायपुर की नई कार्यकारिणी का गठन किया गया।

## इंडिगो की अव्यवस्था से देशभर में आक्रोश, कैट ने की कार्रवाई की मांग

**रायपुर, 6 दिसम्बर।** देश के सबसे बड़े व्यापारी संगठन कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) के राष्ट्रीय वाइस चेयरमेन एवं राष्ट्रीय व्यापारी कल्याण बोर्ड (भारत सरकार) के सदस्य अमर पारवानी, छत्तीसगढ़ इकाई के चेयरमेन जितेंद्र दोशी, विक्रम सिंहदेव, अध्यक्षपरमानंद जैन, महामंत्री सुरिन्दर सिंह, कोषाध्यक्ष अजय अग्रवाल, कार्यकारी अध्यक्ष राजेंद्र जग्गी, राम मंधान, वासु मखीजा, भरत जैन, राकेश ओचवानी, शंकर बजाज आदि ने संयुक्त रूप से बताया कि इंडिगो एयरलाइंस की भारी अव्यवस्था ने पूरे देश में तीव्र आक्रोश पैदा कर दिया है। देशभर के हज़ारों यात्रियों को हवाई अड्डों पर अपमानजनक, तनावपूर्ण और अत्यंत अव्यवस्थित परिस्थितियों का सामना करना पड़ा। बड़े पैमाने पर फ्लाइट कैंसिलेशन, घंटों की देरी और यात्री प्रबंधन की पूरी तरह नाकामी से जनता में गहरा रोष और मीडिया में तीखी आलोचना देखने को मिली है।

कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) के राष्ट्रीय वाइस चेयरमेन एवं राष्ट्रीय व्यापारी कल्याण बोर्ड (भारत सरकार) के सदस्य अमर पारवानी ने बताया कि कैट द्वारा दिल्ली में आयोजित एक महत्वपूर्ण राष्ट्रीय सम्मेलन में देशभर से सैकड़ों व्यापारी नेता शामिल होने वाले थे, लेकिन इंडिगो की भारी परिचालन विफलता के कारण लगभग हर व्यापारी नेता घंटों तक एयरपोर्ट पर फंसा रहा। उन्होंने कहा, सम्मेलन आयोजित करने का पूरा उद्देश्य ही विफल हो गया।

श्री पारवानी ने आगे कहा कि यह कोई एक-दो घटनाएँ नहीं हैं, बीते दो दिनों में हज़ारों यात्री गंभीर रूप से परेशान हुए हैं। लोगों ने पूर्ण कुप्रबंधन की शिकायत की है, स्टाफकी ओर से कोई जानकारी नहीं, कोई सहायता नहीं, बुनियादी सुविधाओं का अभाव और बिल्कुल भी जवाबदेही नहीं। बच्चों वाले परिवार, व्यापारी, वरिष्ठ नागरिक, मरीज और पेशेवर लोग घंटों फंसे रहे, जिसे लेकर उन्हें गंभीर मानसिक तनाव, शारीरिक कष्ट और महत्वपूर्ण बैठकों, फ्लाइटों व अन्य प्रतिबद्धताओं के छूट जाने से काफी आर्थिक नुकसान झेलना पड़ा।

इस संकट पर कड़ा रुख अपनाते हुए कैट ने गंभीर संज्ञान लिया है और नागरिक उड्डयन मंत्री को तत्काल पत्र लिखकर कार्रवाई की मांग की है।

**मौसम** उत्तरी हवाओं के आने से तापमान में लगातार गिरावट दर्ज की जा रही

# छत्तीसगढ़ में आगामी दो दिनों में पड़ेगी कड़ाके की ठंड

**रायपुर, 6 दिसंबर।** छग में लगातार तापमान में गिरावट आ रही है। मौसम में तूफान के गुजर जाने के बाद अब ठंडी उत्तरी हवाओं के आने से लगातार तापमान में गिरावट दर्ज की जा रही है। पिछले 24 घंटों में रायपुर सहित अंबिकापुर में न्युनतम तापमान छह डिसी बलरामपुर में 8 डिग्री, कोरबा 10 राजनांदगांव एवं दुर्ग 11 डिग्री, बिलासपुर में 13 डिसी न्युनतम तापमान दर्ज किया गया है।

मौसम विभाग एवं आईएमडी एजेंसी ने अगले 48 घंटों में रायपुर सहित प्रदेश के अधिकांश जिलों में कड़ाके की ठंड पड़ने की संभावना जताई है। अगले 48 घंटों में रायपुर बिलासपुर दुर्ग, राजनांदगांव, बालोद, बेमेतरा, बलौदाबाजार, कोरबा, बलरामपुर, दंतेवाड़ा, जांजगीर चांपा, गौरेला पेंड्रा मरवाही सहित अन्य जिलों में तापमान में गिरावट दर्ज होने से ठंड में बढ़ोत्तरी होगी। मौसम विभाग ने प्रदेशवासियों से कड़ाके की ठंड को देखते हुए यह निर्देश जारी किया है कि लोग बिना गर्म कपड़ों के घर से बाहर न निकले अतिआवश्यक काम होने पर गर्म कपड़ों पहनकर एवं कानों में ठंड से बचने के लिए टोपी अथवा मफलर पहनकर बाहर निकले।



### तापमान में गिरावट से अस्पतालों में बढ़ी मरीजों की संख्या

तापमान में गिरावट दर्ज होते ही राजधानीवासी ही अत्याधिक ठंड पड़ने से सर्दी बुखार, मलेरिया, वायरल फीवर आदि की चपेट में आ रहे है। मेकाहारा जिला अस्पताल एम्स सहित राजधानी के निजी चिकित्सा संस्थानों में सर्दी खासी बुखार टाइफाइड मलेरिया आदि के मरीज बड़ी संख्या में इलाज के लिए पहुंच रहे है। रायपुर जिला चिकित्सालय के सीएमओ डॉ. मिथलेश चौधरी ने राजधानीवासियों से ठंड में बचने के लिए गर्म कपड़ों के साथ ही बाहर निकलने की सलाह दी है। साथ ही मलेरिया से बचने के लिए मच्छरदानी की प्रयोग की अपील की है। हर घर में एक न एक सदस्य वायरल फीवर अथवा खांसी की चपेट में आ रहे है विशेषकर अस्थमा के मरीजों को ठंड में वृद्धि से तकलीफों का सामना करना पड़ रहा है। वहीं ठंड को देखते हुए शुगर एवं बीपी के मरीजों को भी आवश्यक परहेज करने के निर्देश चिकित्सकों द्वारा दिये जा रहे हैं। शहर के बाल रोग विशेषज्ञ डॉ. सावर अग्रवाल एवं केपी सरभाई ने छोटे बच्चों की सुरक्षा के लिए माताओं को बनते तक रात में बच्चों के साथ बाहर न निकलने की सलाह दी है वहीं गर्म पानी से स्नान के पश्चात सरसों के तेज से धूप में बैठकर शिशु की मालिश करने की सलाह दी है।

# पुण्यतिथि पर अंबेडकर को श्रद्धांजलि



**रायपुर, 6 दिसम्बर।** संविधान निर्माता भारत रत्न डॉ बी. आर. अम्बेडकर की पुण्यतिथि पर राजधानी शहर रायपुर के जी.ई. मार्ग के किनारे प्रतिमा स्थल के समक्ष विधायक सुनील सोनी ने पुष्प अप्रित कर श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर संस्कृति विभाग अध्यक्ष अमर गिदवानी, रायपुर नगर निगम के पूर्व पार्षद सुनील वान्द्रे, पूर्व पार्षद प्रतिनिधि प्रकाश रामटेके, सामाजिक कार्यकर्त्ता भोजराज गौरखेड़े, अनूप खेलकर, रतन डोंगरे सहित भारतीय बौद्ध महासभा जिला रायपुर के पदाधिकारियों सहित गणमान्यजन उपस्थित थे।

कौशल किशोर मिश्र प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी की ओर से तरुण छत्तीसगढ़, तरुण छत्तीसगढ़ प्रेस टॉवर, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर (छ.ग.) से मुद्रित एवं प्रकाशित प्रधान संपादक- कौशल किशोर मिश्र, पंजी. क्रं. 45088/85 डाक पं.छ.ग./रायपुर संभाग/33/2024-26